वर्ष-07 - अंक 317
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
सोमवार, 24 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सीएचसी काकोरी में बदहाल व्यवस्थाओं का दर्द, मरीज और तीमारदार घंटों खड़े रहने को मजबूर.... 3
फीस, किताबों का सौदा और ड्रेस के ढेर में अंतिम सांस लेती शिक्षा व्यवस्था..... 4
दिल्ली के बाद नोएडा में स्वाइन फ्लू की दस्तक, 14 मरीजों में एच1 एन1 की पुष्टि.... 12

जयशंकर का बांग्लादेश को संदेश, साझा हितों से मजबूत होंगे रिश्ते

बांग्लादेश में जबसे लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई शेख हसीना सरकार का तख्तापलट किया गया है

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों में जारी उतार-चढ़ाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि किसी भी देश के साथ संबंध तभी सफल और स्थायी हो सकते हैं, जब दोनों पक्षों के साझा हितों का ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत यह अपेक्षा नहीं करता कि पड़ोसी देश केवल उसके हितों के अनुसार ही काम करें। दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए साझा हितों और सहमति का आधार जरूरी है। जयशंकर ने 'ईटी वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में भारत-बांग्लादेश संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कोई भी रिश्ता तभी बेहतर तरीके से आगे बढ़ता है, जब वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी हो। जब साझा हितों और आपसी सहमति की जमीन तैयार होती है तो संबंधों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाना आसान हो जाता है।

तारिक रहमान की भारत यात्रा पर नजर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की प्रस्तावित भारत यात्रा को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच जयशंकर का यह बयान महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय की ओर से उन्हें द्विपक्षीय यात्रा के लिए भारत आने का निमंत्रण दिए जाने की

बात कही गई है। हालांकि, यात्रा की तारीख को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। बांग्लादेश की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया जाता रहा है। वहीं, दोनों देशों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर मतभेद भी सामने आते रहे हैं। ऐसे में जयशंकर का साझा हितों और आपसी सहमति पर जोर देना भारत की कूटनीतिक सोच का संकेत माना जा रहा है।

'आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते' भारत-पाकिस्तान संबंधों पर भी जयशंकर ने सरकार की स्पष्ट नीति दोहराई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। भारत आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी सरकार के लिए अपने देश में मौजूद जनमत की अनदेखी करना संभव नहीं है।

चीन से स्थिर संबंध भारत के हित में चीन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों का हित इस बात में है कि द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारत को पूरी दुनिया के साथ व्यापार करना है और इसमें चीन भी शामिल है। जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन आर्थिक संबंधों का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण और देश की क्षमताओं का विकास करना है। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक गतिविधियों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 2020 से 2024 के बीच दोनों देशों के संबंधों में तनाव का दौर रहा, लेकिन सीमा की स्थिति ही आगे के संबंधों की दिशा तय करेगी। यदि सीमा पर स्थिरता बनी रहती है और दोनों देशों के संबंध सहयोग की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो व्यापार और आर्थिक सहयोग की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

सीमा की स्थिति तय करेगी संबंधों की दिशा जयशंकर ने 2020 से 2024 के बीच भारत-चीन संबंधों में रहे तनावपूर्ण दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमा पर स्थिति दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि सीमा पर स्थिरता बनी रहती है और संबंध सहयोग की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो व्यापार और आर्थिक सहयोग की व्यापक संभावनाएं बन सकती हैं।

रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को फ्री यात्रा मुहैया कराएगा परिवहन निगम

सुरक्षित,सरल एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करें

लखनऊः उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रक्षाबंधन पर्व-2026 पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी द्वारा महिलाओं को फ्री यात्रा मुहैया कराने के लिए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही रक्षा बंधन पर्व के लिए संचालित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के उत्तम रख-रखाव तथा चालकों के नशामुक्त संचालन के संबंध में परिवहन विभाग/निगम के अधिकारियों को निर्देशित भी किया है। परिवहन मंत्री ने कहा है कि रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों, की अत्यधिक आवाजाही को दृष्टिगत रखते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन के लिए तैयारी करें एवं सरकार द्वारा जारी निर्देशों /गाईडलाइन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। समस्त बसों की फिटनेस एवं तकनीकी स्थिति का पूर्व में भली-भांति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बस खराब अथवा असुरक्षित

स्थिति में संचालित न हो। निगम की बसों के चालक, परिचालक एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी पर तैनाती से पूर्व जांच सुनिश्चित की जाए तथा यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी चालक या परिचालक किसी भी दशा में नशे की हालत में ड्यूटी पर उपस्थित न हो। इसका उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी फील्ड में तैनात रहे एवं रक्षाबंधन के अवसर पर संचालित होने वाली निजी (प्राइवेट) बसों के संचालक/ऑपरेटर अपने समस्त चालकों एवं परिचालकों का आवश्यक पुलिस/चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें तथा सत्यापन संबंधी अभिलेख सुरक्षित रखें।रक्षाबंधन के अवसर पर संचालित होने वाली टैक्सी एवं ई-रिक्शा के संचालक/ऑपरेटर भी अपने चालकों का आवश्यक सत्यापन कराना सुनिश्चित करें तथा केवल सत्यापित एवं सक्षम चालकों द्वारा ही वाहनों का संचालन कराया जाए। सभी संबंधित परिवहन ऑपरेटर यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा संचालित वाह्नों में निर्धारित यात्री क्षमता से अधिक सवारी न बैठाई जाए। परिवहन मंत्री ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा, रूट डायवर्जन तथा यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी इस बात की अवश्य जांच करें कि चालक वाहन निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाए,ओवरस्पीडिंग न करे। माल वाहनों अथवा ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रियों के अनधिकृत परिवहन, अत्यधिक ध्वनि वाले डी0 जे0 सिस्टम, वाहन की मूल संरचना में अवैध परिवर्तन तथा ओवरलोडिंग/ओवरस्पीडिंग के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही की जाए।

दिल्ली पुलिस के जवानों को लाठी-डंडों और घूसों से पीटा, मिर्ची पाउडर से अटैक

एजेंसी

दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. पुलिस की कार्रवाई से नाराज कुछ लोगों ने जवानों पर लाठी-डंडों से अटैक कर दिया. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने मिर्च पाउडर से भी जवानों पर अटैक किया. इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि आरोपी किस तरह से कानून-व्यवस्था को अपने हाथों में लेते हुए पुलिस के जवानों पर निर्ममता से लाठियां बरसा रहे हैं. जानकारी के अनुसार, आउटर नॉर्थ जिले के भलस्वा डेयरी इलाके में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमला करने का मामला सामने आया है. आरोप है कि मोटरसाइकिल को दस्तावेज नहीं होने के कारण पुलिस द्वारा जब्त किए जाने से नाराज कुछ लोगों ने पुलिसकर्मियों की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंका और ईंट-पत्थर व लाठी-डंडों से हमला किया. पुलिस ने मौके से 17 साल के एक किशोर को पकड़ लिया है, जबकि अन्य आरोपी फरार हैं।

दिल्ली पुलिस ने क्या बताया

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 22 अगस्त को दोपहर करीब तीन बजे भलस्वा डेयरी

थाने के बीट स्टाफ हेड कांस्टेबल दिनेश और हेड कांस्टेबल राजेश मुकुंदपुर के जनता विहार इलाके में गश्त कर रहे थे. चेकिंग के दौरान बिना वैध दस्तावेजों की एक मोटरसाइकिल मिली, जिसे नियमानुसार दिल्ली पुलिस अधिनियम की धारा 66 के तहत थाने लाया गया। दोपहर बाद करीब 3.30 बजे पुलिसकर्मी दोबारा बीट पर पहुंचे तो मोटरसाइकिल मालिक, उसके परिवार के सदस्य और कुछ अन्य लोग वहां आ गए. पुलिस के अनुसार, उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए हिंसक व्यवहार किया और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया. मदद के लिए पहुंचे हेड कांस्टेबल टीनू को भी आरोपियों ने निशाना बनाया. हमले में तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आईं. हेड कांस्टेबल दिनेश के सिर में चोट लगी और उन्हें उपचार के लिए भेजा गया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है. पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से एक किशोर को मौके पर पकड़ लिया गया. भलस्वा डेयरी थाने में स्न्नढ्ढक्रनंबर 537/26 के तहत क्ष्हस् की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी सुनील उर्फ पंकज इलाके का बीसी है और उसके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें एनडीपीएस और गंभीर अपराधों से जुड़े दो मामले शामिल हैं. अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

युवा जोश सादर प्रणाम युवा सोच

वार्ड नं 19 गौरी बाजार दक्षिणी, रूद्रपुर आंशिक की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका अपना
अखिलेश यादव

युवा प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य मो न. 7800100935

लखनऊ विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेटों के चयन को अभियान, 135 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के नए कैडेटों के नामांकन के लिए चयन एवं नामांकन अभियान आयोजित किया गया। अभियान में कुल 135 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें 63 छात्राएं और 72 छात्र शामिल रहे। चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में विद्यार्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई गई। इसमें 1.6 किलोमीटर दौड़, सिट-अप्स और पुश-अप्स शामिल रहे। इसके बाद पात्र अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई।

चयन प्रक्रिया के आगामी चरण में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य शारीरिक रूप से सक्षम, अनुशासित और प्रेरित विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें एनसीसी से जोड़ना रहा। इस अवसर पर फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य, जूनियर वारंट ऑफिसर रहमान सहित 5 यूपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के अन्य पीआई स्टाफ मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और निःस्वार्थ सेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से एनसीसी के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि भी दिखाई दी। **सम्पर्क सूत्रः धर्मवीर खरे**

कार्यालय नगर पंचायत कपिलवस्तु, जनपद-सिद्धार्थनगर

स्वच्छ कपिलवस्तु सुन्दर कपिलवस्तु स्वस्थ कपिलवस्तु





15 अगस्त 2026 (80 वें स्वतंत्रता दिवस)
के शुभ अवसर पर
नगर पंचायत-कपिलवस्तु के सम्मानित नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

Toll Free 1533

स्वच्छ भारत कदम स्वच्छता की ओर

नगर पंचायत कपिलवस्तु के सम्मानित जनता से विनम्र अपील की जाती है।

- खुले में शौच कदापि न करे। शौचालय का प्रयोग करें।
- डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में अपना सहयोग अवश्य करें एवं सूखा कूड़ा व गीला कूड़ा अलग करके कचरा संग्राहक को सौपें।
- नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही ''गाय के लिए रोटी''वाहन में फलों, सब्जियों के छिलके, सूखा खाना एवं अन्य पदार्थ अवश्य दान करें।
- नगर में एकल प्रयोग वाली पालीथीन का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। इसका प्रयोग ना करें। पर्यावरण को प्लास्टिक के प्रदूषण से मुक्त बनायें।
- कूड़ा–करकट आदि नालियों, सड़कों, खुले स्थानों में न फेंके, सफाई में सहयोग करें।
- पौधा लगायें, पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग करें। सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण न करें।
- जल ही जीवन है इसकी बचत करें और भूगर्भ जलस्तर को बनाये रखने में अपना सहयोग करें।
- गृहकर व सेल्फ असेसमेन्ट हेतु हाउसहोल्ड सर्वे में सहयोग प्रदान करे।
- जन्म और मृत्यु की सूचना 21 दिनों के भीतर कार्यालय में दर्ज करायें।
- पथ प्रकाश बिन्दुओं को क्षति ना पहुंचायें।
- कूड़ेदान का प्रयोग करें।
- किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नं. 1533 पर कॉल करें। ➤ सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नं0 14420 पर कॉल करें।
- यह नगर आपका है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग करें।

सुविधायें
- पानी की पूर्ति प्रतिदिन समयानुसार की जाती है।
- मुख्य सड़कों एवं प्रत्येक वार्डो में सफाई की समुचित व्यवस्था की गयी है।
- नगर पंचायत अपने संसाधन बढ़ाये जाने एवं इस निकाय को सुदृढ बनाये जाने हेतु तत्पर है।

श्रीमती आरती देवी
अध्यक्ष नगर पंचायत कपिलवस्तु

नवीन कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कपिलवस्तु

सम्मानित सभासदगण

श्रीमती सुशीला देवी सभासद वार्ड नं.1
श्रीमती तारामती देवी सभासद वार्ड नं.2
श्री धर्मेन्द्र कन्नौजिया सभासद वार्ड नं.3
श्री दिलीप कन्नौजिया सभासद वार्ड नं.4
श्री जमाल अहमद सभासद प्रतिनिधि वार्ड नं.5
श्रीमती बबुनी गिरी सभासद वार्ड नं.6
श्री राजकुमार चौधरी सभासद वार्ड नं.7
श्री जावेद आलम उर्फ चुन्ने प्रधान सभासद वार्ड नं. 8

श्रीमती ममता यादव सभासद वार्ड नं.9
श्री अजीजुर्रहमान सभासद वार्ड नं.10
श्री सतीश जायसवाल सभासद वार्ड नं.11
श्री कमरूद्दीन सभासद वार्ड नं.12
श्रीमती विद्यावती सभासद वार्ड नं.13
श्री अब्दुल अली सभासद वार्ड नं.14
श्री संदीप मोदनवाल सभासद वार्ड नं.15
श्री दिनेश यादव सभासद वार्ड नं.16

मनोनीत सभासदगण

नितेश पाण्डेय
विजय कुमार कश्यप

कौशल अग्रहरि

पत्रांक 876 (X)/न.पं.कपि.सि.नगर/2026-27 दिनांक-14/08/2026

संक्षिप्त खबरें

रसोइयों का मानदेय बढ़ा, 2 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा

बलरामपुर। पीएम पोषण योजना के तहत परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने वाले रसोइयों के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी सौगात दी है। रसोइयों का मानदेय 2,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें 2 लाख तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के 4,851 रसोइये इस योजना से लाभान्वित होंगे। एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में लखनऊ के राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण किया गया। सदर विधायक पल्टूराम और जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने रसोइयों को बढ़े मानदेय के प्रतीकात्मक चेक तथा कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए। विधायक ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मानदेय में वृद्धि उनके परिश्रम का सम्मान है। जिलाधिकारी ने कहा कि नई व्यवस्था से रसोइयों को आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा मिलेगी। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में रसोइये मौजूद रहे।

कुरमैचा में अंतर्जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

कुरमैचा। क्षेत्र के कुरमैचा गांव में शिवा कबड्डी क्लब की ओर से अंतर्जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के कई जनपदों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए, लेकिन आपसी ईर्ष्या और द्वेष से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खिलाड़ियों को अच्छे प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण लेकर अपनी प्रतिभा को निखारना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की है।

गौर के हालुआ में रसूखदार प्रधान के आगे नतमस्तक हुआ ब्लॉक प्रशासन?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। जिले केगौरजिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम भ्रष्टाचार का खेल चलने के आरोपों ने गौर विकासखंड की ग्राम पंचायत हालुआ में कराए जा रहे पवन के खेत से बचाए सरहद तक चकबंद निर्माण कार्य (44 लेबर) को सवालों के घेरे में ला दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि धरातल पर कार्य की स्थिति और सरकारी अभिलेखों में दर्ज विवरण में भारी अंतर है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कागजों पर करीब 44 मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर सरकारी धन का भुगतान कराने का खेल चल रहा है, जबकि मौके पर उतनी संख्या में मजदूर कार्य करते दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का हालुआ पंचायत में खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। उनका आरोप है कि यदि मस्टरोल और कार्यस्थल की वास्तविक स्थिति का मिलान कराया जाए तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि गरीब मजदूरों के हक की मजदूरी में गड़बड़ी की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं

हालुआ पंचायत के मस्टरोल की जांच बनी चुनौती

ग्रामीणों के अनुसार, पवन के खेत से बचाए सरहद तक चकबंद निर्माण कार्य (44 लेबर) के मस्टरोल की जांच कर वास्तविक मजदूरों की उपस्थिति का सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। उनका कहना है कि यदि अभिलेखों और मौके की स्थिति का मिलान किया जाए तो स्थिति साफ हो सकती है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि धरातल पर अपेक्षित गति से कार्य नहीं हो रहा, जबकि मस्टरोल में प्रतिदिन हाजिरी दर्ज की जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है और उन्होंने उच्चाधिकारियों से जांच की मांग की है। विकास के नाम पर मिलने वाली सरकारी निधि के उपयोग को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो जनता का भरोसा व्यवस्था से उठ सकता है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि गौर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) इस मामले में निष्पक्ष जांच कराकर सच्चाई सामने लाते हैं या फिर हालुआ पंचायत में उठ रहे सवालों का जवाब लंबे समय तक लंबित रहता है। ग्रामीणों की निगाहें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

इश्क का दर्दनाक अंत: प्रेमिका की मौत का सदमा नहीं सह सका प्रेमी, जहर खाने से गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के हरैंया थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ग्राम नगरा दुबे में जहरीला पदार्थ खाने से दो नाबालिगों की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नाबालिग किशोरी की मौत की खबर मिलने के बाद युवक ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

एक ही दिन में दो नाबालिगों की मौत की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना हरैंया पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। हरैया में जहरीला पदार्थ खाने से दो नाबालिगों की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजेबस्ती के थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम नगरा दुबे में जहरीला पदार्थ खाने से दो नाबालिगों की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर हरैया पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में क्षेत्राधिकारी हरैया ने घटना के संबंध में जानकारी दी है घटना को लेकर प्रेम प्रसंग की चर्चा सामने आ रही है, हालांकि पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है तथा परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी जुटाई जा रही है।

करहली खुर्द में जला ट्रांसफार्मर बना आफत, अंधेरे में डूबा गांव
किसानों की फसलें बर्बादी के कगार पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। बस्ती जिले के करहली खुर्द गांव में पिछले कई दिनों से बिजली का ट्रांसफार्मर फूंका पड़ा है, लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद से जागने को तैयार नहीं हैं। गांव में लगातार कई दिनों से पसरे अंधेरे के कारण ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली आपूर्ति ठप होने से न सिर्फ लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है, बल्कि सिंचाई के अभाव में किसानों की लहलहाती फसलें सूखकर बर्बाद हो रही हैं।

जेई की लापरवाही से ग्रामीणों में भारी आक्रोश ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर जलने की सूचना और लिखित शिकायत स्थानीय जूनियर इंजीनियर (जेई) से कई बार की जा चुकी है। हर बार सिर्फ आश्वासन देकर मामला टाल दिया जाता है, लेकिन धरातल पर अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। बिजली विभाग की इस घोर अनदेखी और हीलाहवाली के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं में विभाग के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश पनप रहा है। सिंचाई ठप, किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट फसलों की सिंचाई के लिए इस वक्त पानी की सख्त जरूरत है, लेकिन गांव में बिजली न होने के कारण नलकूप और समरसेबल शो-पीस बने हुए हैं। खेतों तक पानी न पहुंचने से फसलें दम तोड़ रही हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत और खून-पसीने की कमाई पर पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली न मिलने से पीने के पानी और बच्चों की पढ़ाई पर भी गहरा असर पड़ रहा है।

उग्र आंदोलन की चेतावनी करहली खुर्द के पीड़ित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले का तत्काल संज्ञान लेने तथा गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति बहाल करने की पुरजोर मांग की है। ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया, तो वे सब एकजुट होकर बिजली दफ्तर का घेराव और उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

रसोइयों के सम्मान से बढ़ेगा मनोबल, बच्चों के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका: महेश शुक्ल

रसोइया सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह में कर्मठ रसोइयों को किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बस्ती। राजकीय इंटर कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आई रसोइयों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा के प्रतीकात्मक कार्ड भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न विद्यालयों से जुड़ी रसोइयां मौजूद रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने मुख्य अतिथि महेश शुक्ल का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसी क्रम में सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, बस्ती मंडल द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल का, जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन अमित कुमार मिश्र ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का तथा खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार त्रिपाठी ने विधायक प्रतिनिधि गुलाब सोनकर का बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम का संचालन एसआरजी आशीष श्रीवास्तव ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं की प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम का वातावरण गरिमामय हो उठा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री के रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन और कार्यक्रम को देखा-सुना।

बच्चों के पोषण में रसोइयों की भूमिका अहम: अनूप कुमार कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रसोइया केवल भोजन तैयार करने वाली कर्मी नहीं हैं, बल्कि वे विद्यालय परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली रसोइयां सीधे तौर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और विद्यालय के प्रति उनके जुड़ाव में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। बच्चों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में उनकी मेहनत और जिम्मेदारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि रसोइयों के सम्मान से उनके कार्य के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और इससे उन्हें अपने दायित्वों को और अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ निभाने की प्रेरणा मिलती है।

बढ़ा हुआ मानदेय और कैशलेस कार्ड पाकर रसोइयों के चेहरे खिले सम्मान समारोह के दौरान विभिन्न विकासखंडों से आई रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक तथा कैशलेस चिकित्सा कार्ड का प्रतीकात्मक वितरण किया गया। इस अवसर पर सुभावती देवी, राधिका देवी, प्रमिला, सुनीता, बिंदु, फूला देवी, आरती देवी, विजयलक्ष्मी, दुर्गावती, कमलावती, चांदनी, पूर्ण शांति, बासमती, क्रांति, अंजू, पुष्पा देवी, मीना देवी, मोटेरा, रामचरित्र, रामकृपाल, गुड़िया, तारा, सीता पति, संगीता, खुशनुमा खातून, लालमति, नेहा, नीर सहित अन्य रसोइयों को सम्मानित किया गया। मानदेय में वृद्धि और कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलने से रसोइयों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद रसोइयों ने सरकार की इस पहल को अपने लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण को बल मिलेगा।

रसोइयों का काम बच्चों के भविष्य से जुड़ा: महेश शुक्ल मुख्य अतिथि महेश शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार समाज के उन कर्मठ लोगों के सम्मान और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है, जो अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रहे हैं।

रसोइयों का सम्मान, कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित

जनपद के बेसिक शिक्षा विद्यालयों में कार्यरत 3891 रसोइयों को मिलेगा लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम पोषण योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर (डीपीआरसी) गौरीगंज में किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का जनपद स्तर पर सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, रसोइयां एवं बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना और प्रदेश सरकार द्वारा रसोइयों के कल्याण हेतु की गई महत्वपूर्ण घोषणाओं की सराहना की। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण के उपरांत विधायक गौरीगंज एवं जिलाधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने जनपद की 12 रसोइयों को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड, बढ़े हुए मानदेय की राशि का चेक तथा साड़ी वितरित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यालयों में कार्यरत रसोइयां बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके योगदान को सम्मान देने और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि मानदेय में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाएं रसोइयों और उनके परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत रसोइयां विद्यालय व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं।

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के हित में लिए गए निर्णय उनके प्रति सरकार की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जिलाधिकारी ने सभी रसोइयों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों का मानदेय 2000 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही उन्हें 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कार्य के दौरान किसी दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना की स्थिति में दो लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान भी किया गया है। इसके अतिरिक्त रसोइयों को ड्रेस हेतु पूर्व में दिए जाने वाले 500 रुपये की राशि को बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ जनपद अमेठी में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित 1651 विद्यालयों में कार्यरत कुल 3891 रसोइयों को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की इन जनकल्याणकारी पहलों से रसोइयों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे और अधिक समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर अभिनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में रसोइयां उपस्थित रहीं।

कोरोना योद्धा से गरीबों की सेवा तक, समाजसेवा की मिसाल बने पीके तिवारी

जन कल्याण सेवा संस्थान के माध्यम से वर्षों से अनवरत चलाए जा रहे जनहित के कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अमेठी। समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय पीके तिवारी आज जरूरतमंदों की मदद और जनजागरूकता के लिए एक परिचित नाम बन चुके हैं। कोरोना महामारी के कठिन दौर से लेकर आज तक उन्होंने कृष्ण जन कल्याण सेवा संस्थान के माध्यम से विभिन्न सामाजिक एवं जनहितकारी गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया है। उनके सेवा कार्यों का उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और समाज में जागरूकता पैदा करना है। कोरोना काल में पीके तिवारी ने लोगों की सहायता और जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। उनके समर्पण को देखते हुए तत्कालीन सीएमओ अमेठी डॉ. आशुतोष दूबे सहित कई अधिकारियों ने उन्हें कोरोना योद्धा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया था।

संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष लोगों के सहयोग से अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को लगभग एक हजार गर्म वस्त्र वितरित किए जाते हैं। सर्दी से बचाव के लिए गौशालाओं में यथासंभव जूट कोट की व्यवस्था, गर्मी के मौसम में श्रमिकों के लिए जलपान तथा अंगवस्त्र वितरण और गौ आश्रय केंद्रों में लू से बचाव के लिए तिरपाल उपलब्ध कराने जैसे कार्य भी किए जाते हैं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी संस्था सक्रिय है। प्रत्येक वर्ष करीब एक हजार पौधों का वृक्षारोपण एवं वितरण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाता है। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान, संचारी रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता, आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग तथा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है।

शिक्षा के क्षेत्र में संस्था द्वारा स्कूल चलो अभियान, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का प्रोत्साहन तथा प्रतिभावान और होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करने जैसे प्रयास किए जाते हैं। वहीं सामाजिक क्षेत्र में पत्रकारों, चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया जाता है।पीके तिवारी का कहना है कि समाजसेवा किसी एक दिन या अवसर तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना, लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना ही सेवा का वास्तविक उद्देश्य है।उनके नेतृत्व में कृष्ण जन कल्याण सेवा संस्थान द्वारा किए जा रहे ये कार्य समाज में सहयोग, संवेदना और जनभागीदारी की भावना को मजबूत कर रहे हैं। कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित होने के बाद भी पीके तिवारी का सेवा अभियान लगातार जारी है, जो उन्हें समाज के जरूरतमंद वर्ग के बीच एक संवेदनशील समाजसेवी के रूप में पहचान दिला रहा है।

मीडिया से रूबरू हुए नवागत थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराना प्राथमिकता

बाजार शुक्ल अमेठी। नवागत थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को थाना परिसर में क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ बैठक कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर देते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।थाना अध्यक्ष ने कहा कि थाने पर अपनी फरियाद लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ पुलिसकर्मी मित्रवत व्यवहार करेंगी और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। किसी भी फरियादी को अनावश्यक परेशानी न हो और उसे समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से न्याय मिले, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

मीडिया कर्मियों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र से जुड़ी पुलिस एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक सूचनाओं का पत्रकार बंधुओं के साथ उचित माध्यम से आदान-प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाचार संकलन के दौरान मीडिया कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी तथा पुलिस और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज का महत्वपूर्ण अंग है। पत्रकार अपनी खबरों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने, कानून का पालन करने तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से पुलिस का सहयोग करते हुए आमजन को साइबर अपराध, नशे, यातायात नियमों और अन्य सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक करने में योगदान देने की अपील की।बैठक के दौरान पत्रकारों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और आवश्यक विषयों से थाना अध्यक्ष को अवगत कराया। थाना अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बिंदुओं पर सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस, पत्रकार और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।इस अवसर पर क्षेत्र के कई पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

एक सप्ताह से अंधेरे में लछमनपुर के ग्रामीण, फ्यूज उड़ने के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग

जेई का फोन नहीं लगने से ग्रामीणों में आक्रोश, उमस भरी गर्मी में परेशान हैं लोग; जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तुलसीपुर। तहसील तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम रमवापुर के मजरा लछमनपुर में विद्युत विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां करीब एक सप्ताह पहले बिजली का फ्यूज उड़ जाने के बाद से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार सूचना देने के बावजूद विभागीय कर्मचारियों ने अब तक फ्यूज नहीं जोड़ा, जिससे गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। ग्रामीणों के मुताबिक फ्यूज उड़ने के बाद से पूरे मजरे में विद्युत आपूर्ति बाधित है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली नहीं होने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। रात के समय अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है।

शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की जानकारी संबंधित विभागीय कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों को दी गई, लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने संबंधित जेई से संपर्क करने का भी प्रयास किया, लेकिन उनका मोबाइल नंबर लगातार नहीं लग रहा है। ऐसे में ग्रामीण अपनी समस्या किस अधिकारी तक पहुंचाएं, यह भी उनके लिए परेशानी का कारण बना हुआ है।

विभागीय उदासीनता पर उठे सवाल ग्रामीणों का आरोप है कि मामूली तकनीकी खराबी को ठीक करने में भी विभाग को करीब एक सप्ताह का समय लग रहा है। यदि फ्यूज जैसी छोटी समस्या के समाधान में इतनी देरी होगी तो बड़े विद्युत फाल्ट की स्थिति में विभाग की कार्यप्रणाली का अंदाजा लगाया जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा करने के बावजूद उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधा के लिए विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार लछमनपुर के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की बिजली आपूर्ति जल्द बहाल नहीं हुई तो वे संबंधित अधिकारियों के कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि मौके पर विद्युत कर्मियों को भेजकर फ्यूज तत्काल जोड़ा जाए और भविष्य में ऐसी समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को निर्देशित किया जाए। अब देखना यह है कि करीब एक सप्ताह से अंधेरे में रहने को मजबूर ग्रामीणों की समस्या पर विद्युत विभाग कब तक कार्रवाई करता है।

सीएचसी काकोरी में बदहाल व्यवस्थाओं का दर्द, मरीज और तीमारदार घंटों खड़े रहने को मजबूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लखनऊ। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन राजधानी लखनऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) काकोरी में बुनियादी सुविधाओं की कमी इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। यहां इलाज और जांच के लिए आने वाले मरीजों तथा उनके तीमारदारों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए सीएचसी काकोरी पहुंचते हैं। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और पहले से बीमार मरीज भी शामिल होते हैं। अस्पताल पहुंचने के बाद जब उन्हें चिकित्सक से मिलने, जांच कराने या अन्य प्रक्रिया के लिए इंतजार करना पड़ता है, तो बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई लोगों को घंटों खड़े रहना पड़ता है। वहीं, कुछ मरीज और उनके तीमारदार जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई देते हैं। **बुजुर्गों और बीमार मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी** बैठने की व्यवस्था का अभाव उन लोगों के लिए ज्यादा मुश्किल पैदा करता है जो शारीरिक रूप से कमजोर हैं या बीमारी के कारण लंबे समय तक खड़े नहीं रह सकते। बुजुर्ग मरीजों को अस्पताल में घंटों खड़े रहना पड़ने से उनकी परेशानी बढ़ जाती है। महिलाओं और बच्चों के साथ अस्पताल पहुंचने वाले तीमारदारों के सामने भी इंतजार के दौरान बैठने की समस्या बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीज पहले से ही बीमारी और परेशानी से जूझ रहे होते हैं। ऐसे में अस्पताल में इलाज के साथ-साथ बैठने और प्रतीक्षा करने जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होना बेहद जरूरी है।

स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों पर उठ रहे सवाल सरकार और स्वास्थ्य विभाग लगातार सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं को बेहतर बनाने की बात करते हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए तमाम योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। इसके बावजूद सीएचसी काकोरी में मरीजों और तीमारदारों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था नहीं होना व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े करता है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां, बेंच या अन्य बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए इंतजार करते समय परेशानी न हो।

जिम्मेदार अधिकारियों से संज्ञान लेने की मांग स्थानीय लोगों और अस्पताल आने वाले मरीजों ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सीएचसी काकोरी में बैठने की व्यवस्था को तत्काल बेहतर कराया जाए और मरीजों के लिए जरूरी अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की जाए। लोगों की मांग है कि अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मौके का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति देखें और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बैठने की व्यवस्था कराएं। इससे दूर-दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों, बुजुर्गों, महिलाओं और उनके तीमारदारों को काफी राहत मिल सकेगी। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में आने वाले व्यक्ति को इलाज के साथ सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण मिलना चाहिए। ऐसे में सीएचसी काकोरी की व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करना जरूरी है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए आने के बाद बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशान न होना पड़े।

जीसीआरजी कॉलेज लखनऊ में हैकइंडिया 2026 हैकथॉन संपन्न, एआई और वेब3 पर युवाओं ने दिखाया कौशल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
सचिन बाजपेई

लखनऊ, जीसीआरजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के परिसर में 21 और 22 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय एआई, वेब 3 एवं फ्यूचरटेक हैकथॉन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हैक इंडिया के सहयोग से आयोजित इस 36 घंटे के इन्नोवेशन स्प्रिंट में उत्तर भारत के विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में हैक इंडिया के सह-संस्थापक श्री अतुल गुप्ता, श्री शिवम सैनी तथा इंटेलिजेंस ह्यूमन लैब टीम मौजूद रहे। जीसीआरजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन डॉ. राजेश सिंह ने सभी अतिथियों, मेंटर्स और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन न्यूरोलॉजिक एआई क्लब और टेककोडर्स कोडिंग क्लब के सहयोग से किया गया। इस हैकथॉन में कुल 55 टीमें शामिल हुईं। गहन कोडिंग, मेंटरिंग और मूल्यांकन के बाद 16 टीमें फाइनल प्रेजेंटेशन के लिए शॉर्टलिस्ट की गईं। जजों ने नवाचार, व्यवहार्यता, क्रियान्वयन और प्रभाव के आधार पर टीमों का मूल्यांकन किया।

विजेता टीमें: - प्रथम स्थानः टीम ताकी स्पेस (वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी - VIT) - द्वितीय स्थानः टीम यूएस-5 (जीसीआरजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स)
- तृतीय स्थानः टीम बाइट टाइटन्स (कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी - KIT)

कैश प्राइज पूल में विजेता को 7,000, प्रथम रनर-अप को ?5,000 और द्वितीय रनर-अप को 3,000 दिए गए। इसके अलावा शार्प टोकन्स, इंटर्नशिप अवसर और डिजिटल बैजेस भी प्रदान किए गए। यह आयोजन युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन, वेब3 और उभरती तकनीकों के माध्यम से वास्तविक समस्याओं के समाधान विकसित करने का मंच प्रदान करता है। जीसीआरजी प्रशासन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नवाचार और समस्या-समाधान की क्षमता बढ़ाते हैं।

हरियाली तीज समारोह में महिलाओं ने दिखाया हुनर

समाजसेवी रागिनी मिश्रा और दुर्गेश मल्होत्रा रही मौजूद

तीज क्वीन प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, गायन व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में दुर्गापुरी स्थित होटल गंगा ग्रीन में रागिनी मिश्रा द्वारा आयोजित हरियाली तीज समारोह हर्षोल्लास, उमंग और सांस्कृतिक रंगों के बीच भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त व्यापार मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता ने की। समारोह में शहर की अनेक प्रतिष्ठित महिलाओं ने शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को मंच पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया, जिसमें महिलाओं ने गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर हरियाली तीज की पारंपरिक उमंग और उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह का प्रमुख आकर्षण 'तीज क्वीन' प्रतियोगिता रही। जिसकी जज दुर्गेश मल्होत्रा थी प्रतियोगिता में प्रतिभागी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व तथा पारंपरिक अंदाज से सभी का ध्यान आकर्षित किया। तीज क्वीन प्रतियोगिता की जज के रूप में समाजसेवी दुर्गेश मेहरोत्रा ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर समारोह में हिस्सा लिया। गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और तीज पर्व से जुड़े रीति-रिवाजों को उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता ने कहा कि हरियाली तीज जैसे पर्व भारतीय संस्कृति और परंपराओं की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही आपसी मेलजोल और सामाजिक सहभागिता का अवसर भी मिलता है। आयोजक रागिनी मिश्रा ने कहा कि समारोह का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने के साथ भारतीय पर्व-त्योहारों की परंपरा से भी जुड़ सकें। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

दिलीप मिश्रा फिर बने लखनऊ जिलाध्यक्ष, पत्रकार सुरक्षा संगठन मजबूत करने का संकल्प

....पत्रकारों के हित, सम्मान और सुरक्षा के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर दिया जोर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ। वृंदावन स्थित कार्यालय 6सी/126 में शनिवार को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों की मौजूदगी में दिलीप मिश्रा को सर्वसम्मति से दोबारा लखनऊ जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। बैठक में पत्रकारों के हितों एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने, संगठन की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने तथा पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन पत्रकारों के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहेगा। पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर दिलीप मिश्रा ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दोबारा सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि लखनऊ जिले में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाए तथा पत्रकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी तरीके से शासन-प्रशासन के समक्ष उठाया जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज को शासन-प्रशासन और आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों के सम्मान, अधिकार और सुरक्षा के लिए संगठन आगे भी मजबूती से कार्य करता रहेगा।

एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को वितरित किए डिप्लोमा प्रमाणपत्र

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले एक दर्जन से अधिक पत्रकारों एवं अभ्यर्थियों को डिप्लोमा प्रमाणपत्र वितरित किए। इस दौरान नीरज, निशी सहित अन्य उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मास कम्युनिकेशन के डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने सभी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार बदलाव हो रहा है। ऐसे में पत्रकारों को पत्रकारिता एवं मास कम्युनिकेशन की विधिवत पढ़ाई पर भी जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की शिक्षा हासिल करने से पत्रकारों को अपने कार्य को बेहतर ढंग से समझने और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी पत्रकारों से भविष्य को देखते हुए पत्रकारिता की पढ़ाई करने का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा, प्रदेश टीम से दिलीप श्रीवास्तव, सचिन दीक्षित एवं राकेश मिश्रा मौजूद रहे। जिला टीम से विनीत कुमार मिश्रा, भारत भूषण और गौरव शुक्ला सहित राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह 'दीपू' ने भी सहभागिता की।

रक्षाबंधन, बारावफात व जन्माष्टमी को लेकर पीस कमेटी की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

पुलिस ने कहा- नई परंपरा शुरू न करें, अफवाहों पर न दें ध्यान।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। आगामी रक्षाबंधन, बारावफात और जन्माष्टमी के त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को मोहनलालगंज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों और जिम्मेदार लोगों ने हिस्सा लिया। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह ने त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ परंपरागत तरीके से मनाया जाए। किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न करने और विवाद की स्थिति से बचने की अपील की गई। पुलिस ने कहा कि यदि कोई अराजकतत्व शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल थाना पुलिस को दें। किसी भी व्यक्ति को स्वयं कानून हाथ में लेकर कार्रवाई न करने की हिदायत दी गई।

एसीपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में पुलिस के साथ आमजन का सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि त्योहारों को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। बैठक में त्योहारों के दौरान सड़क और बिजली व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर सड़कों पर बने गड्ढों को ठीक कराने तथा बिजली संबंधी समस्याओं का समय रहते समाधान कराने पर जोर दिया गया, ताकि त्योहारों के दौरान लोगों को आवागमन और बिजली आपूर्ति को लेकर परेशानी न हो।

इसके साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों, जुलूसों एवं अन्य आयोजनों को निर्धारित समयावधि में ही संचालित करने के निर्देश दिए गए। साउंड सिस्टम और डीजे का प्रयोग न्यायालय एवं प्रशासनिक निर्देशों के अनुरूप करने को कहा गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ध्वनि की निर्धारित सीमा और समय का उल्लंघन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान थाना क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पुलिस का सहयोग करने तथा किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

राजकीय इंटर कॉलेज सकरन में शिक्षकों की कमी पर शुभम रस्तोगी ने उठाई आवाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतापुर। विकासखंड सकरन स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में लंबे समय से विषय अध्यापकों की कमी के चलते छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन विषयवार पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए निजी ट्यूशन का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे विशेष रूप से गरीब और ग्रामीण परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि सरकारी विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति होने पर बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकती है। समस्या को गंभीरता से उठाते हुए भारतीय किसान यूनियन (टिकैत), सीतापुर के जिला मीडिया प्रभारी शुभम रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज सकरन में रिक्त पदों पर आवश्यक विषय अध्यापकों की तत्काल तैनाती कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के भविष्य को देखते हुए इस समस्या का शीघ्र समाधान आवश्यक है। शिक्षकों की पर्याप्त तैनाती से विद्यार्थियों की पढ़ाई बेहतर होगी और उन्हें निजी ट्यूशन पर निर्भरता से राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले का संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

लहरपुर में आरोग्य मेले में 51 मरीजों की जांच

बदलते मौसम में वायरल फीवर, डायरिया और खांसी-जुकाम के मरीज बढ़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लहरपुर सीतापुर। क्षेत्र के अकबरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। बदलते मौसम और रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने से बड़ी संख्या में लोग स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। आरोग्य मेले में करीब 51 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अख्तर हुसैन ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि लगातार गर्मी और बारिश के कारण मौसम में हो रहे बदलाव से वायरल फीवर, डायरिया, खांसी-जुकाम, त्वचा एवं पेट संबंधी रोगों के मरीज सामने आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से साफ पानी पीने, आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा किसी भी तरह के बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की।

आरोग्य मेले में पहुंचे ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव और उनकी रोकथाम के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड के लाभ तथा परिवार कल्याण संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉ. अख्तर हुसैन द्वारा नियमित रूप से मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जरूरतमंद और असहाय परिवारों को उपचार एवं परामर्श मिलने से उन्हें काफी राहत मिल रही है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चिकित्सक की सक्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।

डॉक्टर अख्तर ने दी बदलते मौसम से बचाव की सलाह

घर के बाहर खड़ा ऑटो और मोबाइल चोरी, वीडियो वायरल होने के बाद दर्ज हुआ मुकदमा

.....शिकायत के बाद कार्रवाई न होने का पीड़ित ने लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बैरीसालपुर गांव में शनिवार देर रात घर के बाहर खड़ा ऑटो रिक्शा और मोबाइल फोन चोरी हो गया। सुबह ऑटो और मोबाइल गायब मिलने पर पीड़ित के होश उड़ गए। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न लगने पर उसने पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि थाने और चौकी के चक्कर लगाने के बावजूद तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित के मुताबिक शनिवार रात करीब एक बजे से सुबह चार बजे के बीच अज्ञात चोर घर के बाहर खड़ा ऑटो रिक्शा चोरी कर ले गए। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन भी गायब हो गया। सुबह करीब चार बजे नींद खुलने पर घर के बाहर ऑटो और मोबाइल न मिलने से वह परेशान हो गया। आसपास और गांव में काफी तलाश की गई, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका।

मोबाइल चोरी होने के कारण पीड़ित को परिजनों और पुलिस से संपर्क करने में भी दिक्कत हुई। इसके बाद वह पड़ोसी के घर पहुंचा और उनके मोबाइल से परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत लेकर वह निगोहां थाने पहुंचा, जहां पुलिसकर्मियों को पूरी घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित के अनुसार, निगोहां पुलिस ने घटनास्थल मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में होने की बात कहकर उसे कनकहा चौकी भेज दिया। आरोप है कि चौकी पर पुलिसकर्मियों ने उसका प्रार्थना पत्र तो ले लिया, लेकिन तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज होकर पीड़ित ने पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाकर चोरी गए ऑटो और मोबाइल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों में भी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त और निगरानी को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ग्रामीणों ने जल्द चोरी का खुलासा कर ऑटो बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर हरकत में आई पुलिस।

रसोइयों का मानदेय बढ़कर हुआ 3 हजार, 5 लाख तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रसोईया सम्मान समारोह में चार रसोइयों को वितरित किए गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड

महमूदाबाद, सीतापुर। तहसील सभागार महमूदाबाद में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत रसोईया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती आशा मौर्या मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन खंड शिक्षा अधिकारी व कार्यक्रम प्रभारी सतीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में किया गया। समारोह में नायब तहसीलदार राज बहादुर, शिक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप वर्मा, महामंत्री पुनीत वर्मा, एआरपी नरेंद्र सिंह यादव, राहुल वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में रसोइया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गीता देवी, शांति देवी, वैजयंती देवी और अशोक कुमार को कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के माध्यम से रसोइयों के हित में चार महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की गई। इसके तहत रसोइयों का मानदेय 2 हजार रुपये से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है।

इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा के तहत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, 5 लाख रुपये तक वार्षिक कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा परिधान के लिए दी जाने वाली धनराशि को 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सरकार की इन योजनाओं से पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों को आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा मिलेगी और उनके परिवारों को भी इसका लाभ प्राप्त होगा। समारोह के अंत में उपस्थित रसोइयों का सम्मान करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

स्कूल कार्यालय में घुसकर लैपटॉप व मोबाइल चोरी, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। न्यू जेल रोड स्थित खुजौली के स्कॉलर एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कार्यालय में अज्ञात व्यक्ति ने अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर कीमती सामान चोरी कर लिया। चोर कार्यालय में रखा लेनोवो कंपनी का लैपटॉप और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक आशियाना कॉलोनी निवासी इन्द्रेश मिश्र पुत्र स्वर्गीय हरिशंकर मिश्र ने मोहनलालगंज पुलिस को लिखित शिकायत दी। शिकायत में बताया गया कि बीते बुधवार की शाम करीब चार बजे अज्ञात व्यक्ति स्कूल के कार्यालय में दाखिल हुआ और वहां रखा एक मोबाइल फोन तथा लेनोवो कंपनी का लैपटॉप चोरी कर लिया। घटना की जानकारी होने पर स्कूल प्रबंधन ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन चोरी हुए सामान का कोई पता नहीं चल सका।

संपादकीय

लॉस एंजिलिस 2028 की तैयारी से बदल रहा भारतीय क्रिकेट का चेहरा

भारतीय क्रिकेट अब उस दौर में पहुंच गया है, जहां देश के पास केवल एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय टीम नहीं, बल्कि एक साथ कई स्तरों पर मुकाबला करने लायक खिलाड़ियों की लंबी कतार मौजूद है। आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट में एक ऐसा बदलाव दिखाई दे सकता है, जिसकी कल्पना कुछ दशक पहले करना भी मुश्किल था। अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के दबाव, खिलाड़ियों के बढ़ते कार्यभार और 2028 के लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी ने भारतीय क्रिकेट को नई रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया है। इसी दिशा में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का टैलेंट पूल तैयार करने की योजना भारतीय क्रिकेट के भविष्य की तस्वीर बदल सकती है। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक 2028 भारतीय क्रिकेट के इस बदलाव की सबसे बड़ी वजहों में से एक है। क्रिकेट को ओलिंपिक में शामिल किए जाने के बाद यह खेल केवल पारंपरिक टेस्ट और द्विपक्षीय सीरीज तक सीमित नहीं रहेगा। भारत के लिए ओलिंपिक में पदक जीतना अब प्रतिष्ठा का सवाल भी होगा। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सामने ऐसी टीम तैयार करने की चुनौती होगी, जो विश्व कप और द्विपक्षीय क्रिकेट के साथ-साथ ओलिंपिक जैसे बड़े मंच पर भी देश का प्रतिनिधित्व कर सके। यही कारण है कि आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट में खिलाड़ियों का एक बड़ा और मजबूत समूह तैयार करना जरूरी हो गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कार्यक्रम लगातार व्यस्त होता जा रहा है। एक तरफ टेस्ट और वनडे क्रिकेट है, दूसरी तरफ टी20 क्रिकेट का विस्तार हो रहा है। इसके साथ आईपीएल ने भारतीय खिलाड़ियों की संख्या और गुणवत्ता दोनों को नई ऊंचाई दी है। अब स्थिति यह है कि घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से लगातार ऐसे खिलाड़ी सामने आ रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौती के लिए तैयार दिखाई देते हैं। भारत के पास प्रतिभाओं की यह ताकत उसकी सबसे बड़ी क्रिकेट संपत्ति बन चुकी है। आज किसी एक खिलाड़ी के चोटिल होने या आराम लेने पर टीम का संतुलन पूरी तरह बिगड़ने की स्थिति नहीं है। बल्लेबाजी, तेज गेंदबाजी, स्पिन, विकेटकीपिंग और ऑलराउंडर के रूप में भारत के पास विकल्पों की लंबी सूची है। यही गहराई भारतीय क्रिकेट को दुनिया की दूसरी टीमों से अलग बनाती है। यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा बल्लेबाज भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनके साथ सूर्यकुमार यादव, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी अलग-अलग परिस्थितियों में टीम को मजबूती देने की क्षमता रखते हैं। हार्दिक पंड्या और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर टीम के संतुलन को बेहतर बनाते हैं। दूसरी ओर जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा और मयंक यादव जैसे तेज गेंदबाज भारत के पास मौजूद गेंदबाजी की विविधता को दिखाते हैं। स्पिन विभाग भी भारत की बड़ी ताकत है। कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती जैसे गेंदबाज अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में प्रभाव डाल सकते हैं। वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उपयोगी विकल्प देते हैं। यही गहराई बताती है कि भारतीय क्रिकेट अब केवल गिने-चुने सितारों पर निर्भर नहीं है। अगर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में टकराव की स्थिति बनती है और भारत को एक ही समय में अलग-अलग प्रतियोगिताओं में टीमें उतारनी पड़ती हैं, तो यह भारतीय क्रिकेट के लिए बड़ी परीक्षा के साथ-साथ बड़ी उपलब्धि भी होगी। इसका अर्थ होगा कि भारत के पास इतने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मौजूद हैं कि दो अलग-अलग टीमों को मैदान में उतारने की क्षमता विकसित हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसी टीम को कमजोर या दूसरी श्रेणी की टीम मानने के बजाय दोनों टीमों को भारतीय क्रिकेट की वास्तविक गहराई का प्रतिनिधि माना जा सकेगा। यह बदलाव अचानक नहीं आया है। पिछले दो दशकों में भारतीय क्रिकेट की संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ है। आईपीएल ने युवा खिलाड़ियों को दुनिया के शीर्ष क्रिकेटरों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने और दबाव में प्रदर्शन करने का अवसर दिया। घरेलू क्रिकेट की मजबूत व्यवस्था ने भी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का रास्ता दिया। नतीजा यह हुआ कि छोटे शहरों और अलग-अलग राज्यों से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने लगे। वैभव सूर्यवंशी जैसे युवा खिलाड़ी इस बदलाव का प्रतीक हैं। पहले राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने का रास्ता बेहद लंबा और सीमित अवसरों वाला था। अब प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के सामने घरेलू क्रिकेट, आईपीएल और विभिन्न आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं के जरिए अपनी क्षमता साबित करने के कई मंच हैं। इससे भारतीय क्रिकेट का दायरा महानगरों से निकलकर देश के छोटे शहरों और कस्बों तक फैल गया है। भारत की क्रिकेट लोकप्रियता ने भी इस प्रक्रिया को गति दी है। देश में क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बन चुका है। करोड़ों प्रशंसकों की रुचि, आईपीएल की सफलता और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की लगातार मजबूत होती स्थिति ने इस खेल को नई आर्थिक ताकत दी है। इसका सीधा लाभ खिलाड़ियों को मिल रहा है और क्रिकेट का बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत हो रहा है। भारत की हाल की अंतरराष्ट्रीय कामयाबियां भी इस बदलाव की पुष्टि करती हैं। बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रदर्शन, दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों का लगातार सामने आना और घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धा का बढ़ना इस बात के संकेत हैं कि भारतीय क्रिकेट की नींव मजबूत हो चुकी है। अब लक्ष्य केवल मैच जीतना नहीं, बल्कि लंबे समय तक विश्व क्रिकेट में शीर्ष स्थान बनाए रखना है। लॉस एंजिलिस ओलिंपिक इस लक्ष्य को और बड़ा कर देता है। ओलिंपिक में क्रिकेट के शामिल होने से भारत के सामने अपने क्रिकेट प्रभाव को एक नए वैश्विक मंच पर साबित करने का अवसर होगा। इसके लिए ऐसी टीम चाहिए होगी, जिसमें अनुभव और युवाओं का सही संतुलन हो। शीर्ष खिलाड़ियों को लगातार हर मुकाबले में उतारने के बजाय उन्हें महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए तरोताजा रखना भी जरूरी होगा। इसी कारण बड़ा टैलेंट पूल भारत की रणनीति का अहम हिस्सा बन सकता है। भविष्य में केंद्रीय अनुबंध व्यवस्था में भी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने के साथ विशेषज्ञ टी20 खिलाड़ियों के लिए अलग श्रेणी बनाने पर विचार संभव है।

कांतिलाल मांडोत

प्राइवेट स्कूल की फीस, किताबों का सौदा और ड्रेस के ढेर में अंतिम सांस लेती शिक्षा व्यवस्था

राजीव शुक्ला -(संपादक)

भारत में प्रारंभिक शिक्षा को लेकर समय समय पर चर्चाएं होती रहीं हैं लेकिन प्रारंभिक शिक्षा में सुधार दसकों से नहीं हो पा रहा है। एक तरफ बदहाल सरकारी विद्यालय और दूसरी तरफ महंगे प्राइवेट विद्यालयों की मार से आम आदमी पिसता नजर आ रहा है। शिक्षा किसी भी समाज की बुनियाद होती है। यह वह माध्यम है जिसके जरिए एक पीढ़ी अपने अनुभव, ज्ञान और संस्कार अगली पीढ़ी तक पहुंचाती है। लेकिन आज शिक्षा के इसी पवित्र उद्देश्य पर बाजारवाद का दबाव बढ़ता जा रहा है। खासकर निजी स्कूलों में फीस, किताबों, यूनिफॉर्म, परिवहन और दूसरी अनिवार्य सुविधाओं के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ता आर्थिक बोझ यह सवाल खड़ा करता है कि क्या शिक्षा अब अधिकार और जिम्मेदारी से आगे बढ़कर एक बड़ा कारोबार बनती जा रही है? शहरों में जैसे ही नया शैक्षणिक सत्र शुरू होता है, अभिभावकों की चिंता भी शुरू हो जाती है। स्कूल की फीस के साथ प्रवेश शुल्क, वार्षिक शुल्क, गतिविधि शुल्क, स्मार्ट क्लास, परिवहन और न जाने कितने नामों से खर्च सामने आते हैं। इसके बाद किताबों और कॉपियों की लंबी सूची हाथ में थमा दी जाती है। कई बार किताबें केवल निर्धारित दुकानों से ही खरीदने का दबाव महसूस होता है। यूनिफॉर्म और जूते तक के लिए विशेष दुकानों का रास्ता बताया जाता है। सवाल यह है कि शिक्षा का वास्तविक खर्च कितना है और उसके नाम पर अभिभावकों से कितना वसूला जा रहा है? सबसे अधिक परेशानी उस मध्यमवर्गीय परिवार को होती है जिसकी आय सीमित है, लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा देने का सपना बड़ा है। माता-पिता अपनी जरूरतों में कटौती कर बच्चों की फीस जमा करते हैं। घर का बजट बिगड़ता है, बचत प्रभावित होती है और कई परिवार कर्ज तक लेने को मजबूर हो जाते हैं। महंगाई के इस दौर में जब रोजमर्रा की जरूरतें ही लगातार महंगी हो रही हैं, शिक्षा का बढ़ता खर्च परिवारों के लिए अतिरिक्त संकट बन गया है। किताबों का कारोबार भी इस व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हर साल बदलती किताबें अभिभावकों की जेब पर असर डालती हैं। बच्चे की पुरानी किताब अगले वर्ष किसी दूसरे बच्चे के काम आ सके, यह व्यवस्था मजबूत हो तो खर्च कम किया जा सकता है। लेकिन कई जगह नई किताबों की अनिवार्यता जैसी परिस्थितियां पुन: खरीदारी का रास्ता खोल देती हैं। शिक्षा के नाम पर किताब ज्ञान का माध्यम कम और बिक्री की वस्तु अधिक दिखाई देने लगे तो चिंता स्वाभाविक है। यूनिफॉर्म भी इसी कहानी का दूसरा अध्याय है। एक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे के लिए अलग-अलग प्रकार की ड्रेस, जूते, बेल्ट, टाई, स्वेटर और अन्य सामान आवश्यक कर दिए जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए यह छोटी रकम नहीं होती। बच्चा बड़ा होता है तो ड्रेस छोटी हो जाती है और फिर नया खर्च सामने आ जाता है। यदि शिक्षा व्यवस्था में समानता और संवेदनशीलता का विचार है तो क्या जरूरतमंद परिवारों के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं होनी चाहिए जिससे उनका आर्थिक बोझ कम हो? यहां एक और महत्वपूर्ण सवाल स्कूलों की फीस को लेकर है। निजी विद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है। अच्छे शिक्षक, बेहतर भवन, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और आधुनिक तकनीक निश्चित रूप से खर्च मांगते हैं। लेकिन पारदर्शिता भी उतनी ही जरूरी है। अभिभावकों को यह जानने का अधिकार होना चाहिए कि उनसे लिए जा रहे शुल्क का आधार क्या है और उसमें किन-किन सेवाओं की लागत शामिल है। शिक्षा को केवल व्यवसाय मान लेने का सबसे बड़ा नुकसान बच्चों पर पड़ता है। जब स्कूल अभिभावकों की आर्थिक क्षमता और बच्चे की शैक्षिक जरूरत के बजाय शुल्क वसूली की क्षमता से पहचाने जाने लगें तो शिक्षा का मूल उद्देश्य कमजोर पड़ता है। शिक्षा का लक्ष्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि बच्चे को जिम्मेदार, संवेदनशील और विवेकशील नागरिक बनाना भी है। सरकार और प्रशासन की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण हो जाती है। नियम-कानून केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर प्रभावी दिखाई देने चाहिए। फीस निर्धारण, किताबों की बिक्री, यूनिफॉर्म और अन्य अनिवार्य खर्चों को लेकर स्पष्ट और पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए। अभिभावकों की शिकायतों के समाधान के लिए ऐसी प्रभावी व्यवस्था होनी चाहिए जहां उन्हें बिना डर अपनी बात रखने का अवसर मिले। लेकिन समस्या का समाधान केवल सरकार या स्कूलों से नहीं होगा। अभिभावकों को भी जागरूक होना पड़ेगा। उन्हें किसी भी शुल्क या अनिवार्य खरीदारी के बारे में जानकारी मांगनी चाहिए और जहां नियमों का उल्लंघन दिखाई दे, वहां सामूहिक रूप से आवाज उठानी चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जरूरी है, लेकिन ऐसी प्रतिस्पर्धा नहीं जिसमें बच्चे और अभिभावक आर्थिक दबाव में पिसते रहें। जरूरत इस बात की है कि निजी स्कूलों को शिक्षा की गुणवत्ता और आर्थिक पारदर्शिता दोनों के लिए जवाबदेह बनाया जाए। फीस की जानकारी पहले से स्पष्ट हो, अतिरिक्त शुल्कों का औचित्य बताया जाए, किताबों और यूनिफॉर्म के विकल्प उपलब्ध हों तथा अभिभावकों पर अनावश्यक खरीदारी का दबाव न हो। इससे स्कूल और अभिभावक के बीच विश्वास भी मजबूत होगा।

आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि हम आने वाली पीढ़ी को कैसी शिक्षा देना चाहते हैं? ऐसी शिक्षा जो बच्चे की प्रतिभा को निखारे, उसके भीतर सवाल पूछने का साहस पैदा करे और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जगाए, या ऐसी व्यवस्था जिसमें हर नए सत्र के साथ अभिभावक फीस, किताब और ड्रेस के बिलों में उलझ जाएं? शिक्षा को बाजार की जरूरतों से पूरी तरह अलग करना शायद संभव न हो, लेकिन उसे केवल बाजार की वस्तु बनने से रोकना निश्चित रूप से संभव है। स्कूल ज्ञान के मंदिर कहलाते हैं तो उनकी व्यवस्था में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और सामाजिक जिम्मेदारी भी दिखाई देनी चाहिए। क्योंकि जब शिक्षा की कीमत इतनी बढ़ जाए कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों के सपनों का खर्च उठाने में असमर्थ होने लगें, तब सवाल केवल फीस का नहीं रहता—सवाल पूरे समाज के भविष्य का हो जाता है।

चुनौती: अपराध की दुनिया में कदम रखती तरूणायी

नाबालिग बच्चों में अपराध की बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक चिंता का विषय है। छोटी उम्र के बच्चों में आक्रामकता, चोरी, मारपीट और यहाँ तक कि गंभीर हिंसक अपराधों जैसे हत्या लूट के रुझान में इज़ाफ़ा देखा जा रहा है। इसके मुख्य कारणों में हिंसक डिजिटल कंटेंट, पारिवारिक संवाद की कमी और गलत संगत शामिल हैं।हाल ही में तेलंगाना के नालगोंडा में एक महिला प्रिंसिपल की उनके ही स्कूल के तरूण छात्र ने एक अन्य साथी छात्र के साथ मिलकर लूटपाट कर नृशंस हत्या कर दी। पुलिस ने 48 वर्षीय स्कूल प्रिंसिपल की सनसनीखेज हत्या के मामले को सुलझा लिया है और दो छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कथित तौर पर पैसे और आलीशान जीवन शैली के लिए अपराध की योजना बनाई थी।यह वारदात समाज में नाबालिक बच्चों में अपराध की दुनिया के प्रति बढ़ता आकर्षण कानून और समाज से बेखौफ उन्मुक्त और अय्याशी भरे जीवन शैली को जीने की ललक को बताती है। भारत में क्राइम के मामलों को लेकर एनसीआरबी ने चौंकाने वाली रिपोर्ट दी है। इसके मुताबिक, हत्या, रेप और अपहरण जैसे संगीन अपराधों में नाबालिगों की संलिप्तता बढ़ी है। दिल्ली में 40 फीसदी से भी अधिक ऐसे केस सामने आए हैं। आपको बता दें कि तेलंगाना के कोंडमल्लेपल्ली स्थित नागार्जुन पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल और डायरेक्टर कल्लू रूपा रेड्डी 12 अगस्त की सुबह अपने घर में मृत पाई गईं। उनके शरीर पर चाकू के 27 घाव थे। उनका शव तब बरामद हुआ जब उनके पति, जो हैदराबाद में थे, ने पड़ोसियों को बताया कि वह उनके फोन का जवाब नहीं दे रही हैं। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, जिसने उन्हें मृत पाया। इसके बाद पुलिस ने पांच टीमें बनाईं और सीसीटीवी फुटेज, फोरेंसिक साक्ष्य, फिंगरप्रिंट, तकनीकी डेटा और संदिग्धों की गतिविधियों की जांच की और 80 से अधिक लोगों से पूछताछ की। 'बाबू' शब्द के कारण छात्रों ने जांचकर्ताओं को तब सुराग मिला जब उन्हें पता चला कि फोन बंद होने से पहले रूपा रेड्डी ने अपनी चाची से बात करते समय 'बाबू' शब्द का इस्तेमाल किया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शरथ चंद्र पवार के अनुसार 'उसकी बातचीत के दौरान रिकॉर्ड किया गया आखिरी शब्द 'बाबू' था। हमने इस बात की जांच की कि वह किसका जिक्र कर रही थी, और इससे हमें स्कूल के छात्रों की ओर संकेत मिला।' जांचकर्ताओं ने छात्रों से व्यक्तिगत रूप से पूछताछ की और कक्षा 10 के उन पांच छात्रों पर ध्यान केंद्रित किया जो स्कूल से अनुपस्थित रहे थे। उन्हें पता चला कि उनमें से दो छात्र पिछले कुछ दिनों में खूब पैसा खर्च कर रहे थे और पार्टियां दे रहे थे। जांच अधिकारी के अनुसार आरोपियों को इससे पहले रूपा रेड्डी द्वारा फटकार लगाई गई थी, जब उनके छात्रावास के बैग से नकदी और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ था।उसने उनके माता-पिता को सूचित किया, और उन्हें छात्रावास से निकालकर दैनिक छात्र का दर्जा दे दिया गया। पुलिस को संदेह है कि इससे प्रधानाचार्य के प्रति असंतोष पैदा होने में योगदान हो सकता है। आपको बता दें कि सोशल मीडिया के इस दौर में ऑनलाइन गेम और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध असीमित और हिंसक सामग्री बच्चों के कोमल मन पर बुरा असर डाल रही है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार अपराध के लगभग हर क्षेत्र में नाबालिग शामिल पाए गए। इसमे कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं। जिसमें रेप, हत्या और किडनैपिंग मे मामलों में 12 साल से कम उम्र तक के नाबालिग भी शामिल रहे। इस साल जनवरी 2026 में राजधानी दिल्ली में तीन नाबालिगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. तीनों पर एक 6 साल की बच्ची का रेप करने का आरोप था. कानूनन तीनों नाबालिग थे लेकिन तीनों ने मिलकर इतनी हैवानियत की थी कि वह बच्ची ठीक से चल भी नहीं पा रही थी. इसी तरह अप्रैल में नागपुर में पुलिस ने 13 नाबालिगों को पकड़ा था. इन सभी ने मिलकर एक 22 साल के व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी थी. हत्या 100 रुपये के विवाद को लेकर हुई थी. आए दिन गंभीर अपराधों में नाबालिक अपचारियो की बढ़ती भागीदारी समाजशास्त्र और बाल मनोविज्ञान के अध्येताओं के लिए चुनौती बन रही है। ये घटनाएं इतना बताने के लिए काफी हैं कि हमारे देश में अब नाबालिग तेजी से अपराध की ओर बढ़ रहे हैं. हाल ही में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट आई है. इसमें सामने आया है कि दो साल में नाबालिगों के खिलाफ अपराध के मामलों में 14% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है.एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में नाबालिगों के खिलाफ 30,555 मामले दर्ज किए गए थे. 2024 में यह बढ़कर 34,878 हो गए। रिपोर्ट बताती है कि 2024 में दर्ज मामलों 58.9 लाख मामले दर्ज किए गए थे. 2023 की तुलना में यह 6 फीसदी की गिरावट थी. लेकिन इसके उलट, नाबालिगों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों में बढ़ोतरी हुई है. चिंता वाली बात यह है कि नाबालिग रेप, मर्डर, लूटपाट और किडनैपिंग जैसे गंभीर अपराधों भी शामिल हो रहें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध के 2,557 मामलों में नाबालिगों को आरोपी बनाया गया था. इसके अलावा मर्डर और किडनैपिंग जैसे 8,943 मामलों में आरोपी नाबालिग थे. 2024 में नाबालिगों के खिलाफ रेप के 1,067 और मर्डर के 1,120 मामले दर्ज किए गए थे. अगर इसका औसत निकाला जाए तो हर दिन रेप और मर्डर के 3-3 मामलों में आरोपी नाबालिग होते हैं.रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में जितने नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया, उनमें से 2,857 ही ऐसे थे जो अनपढ़ थे. 21,068 आरोपी ऐसे थे जिन्होंने 5वीं से 10वीं तक की पढ़ाई की थी. जबकि, 10वीं से 12वीं तक पढ़ाई करने वाले 8,301 और 12वीं पास 1,418 नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया था.इसी तरह, इनमें से सिर्फ 2,216 नाबालिग ही ऐसे थे जो बेघर थे और जिनके माता-पिता नहीं थे. जबकि 36,905 आरोपी ऐसे थे जो अपने माता-पिता के साथ रहते थे. इनके अलावा 3,512 आरोप किसी न किसी गार्जियन के साथ रहते थे. दरअसल माता-पिता का बच्चों के साथ संवाद कम होना, घरेलू हिंसा या परिवार का विघटन बच्चों को विद्रोही बना रहा है। पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में हर समय जीतने का भारी तनाव बच्चों में गुस्सा और कुंठा पैदा कर रहा है।बुरी संगत और सहपाठियों (पीयर प्रेशर) के दबाव में आकर बच्चे जल्दी गलत रास्ते पर कदम रख देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का सुझाव है कि गरीबी कम करके और शहरी वातावरण को बेहतर करके नाबालिगों को हिंसा में आने से रोका जा सकता है. अमीरी और गरीबी का अंतर अपराध को बढ़ाता है, क्योंकि ऐसी स्थिति में अपनी भड़ास निकालने के लिए हिंसा सबसे आसान जरिया बन जाती है. इसलिए गैर-बराबरी कम करने के साथ-साथ स्कूली शिक्षा को बेहतर करके बच्चों को हिंसा और अपराध से बचाया जा सकता है.इसके साथ ही माता-पिता बच्चों के साथ समय बिताएं और उनकी भावनाओं को समझें। बच्चों द्वारा देखे जाने वाले डिजिटल और ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी करें। घर और स्कूल में ऐसा वातावरण दें जहाँ बच्चा खुलकर अपनी बात रख सके।जुवेनाइल जस्टिस सिस्टम का उद्देश्य बच्चों को सजा देना नहीं बल्कि उनकी काउंसलिंग कर उन्हें सुधारना है।

मनोज कुमार अग्रवाल

मेष: आज का दिन आपके लिए उत्साह और नई ऊर्जा लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

वृषभ: रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात सुखद रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

मिथुन: आज मेहनत का उचित परिणाम मिलने की संभावना है। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क: दिन सामान्य से बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा हो सकती है। निवेश से जुड़े निर्णय जल्दबाजी में न लें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

सिंह: आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। नौकरी-व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

कन्या: आज किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल बनेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

तुला: दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। रिश्तों में मधुरता बनाए रखें।

वृश्चिक: आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। नई योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। आर्थिक लाभ हो सकता है। किसी करीबी व्यक्ति से मन की बात साझा करेंगे।

धनु: आज भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर: मेहनत और धैर्य से कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ: आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में नई योजना लाभदायक साबित होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

मीन: दिन अनुकूल रहेगा। लंबे समय से अटका कोई काम पूरा हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी और किसी शुभ समाचार से खुशी मिलेगी।

मार्गदर्शी ऐप से उत्तर प्रदेश में सुरक्षित, सुगम और स्मार्ट सार्वजनिक परिवहन की नई पहल

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए 'मार्गदर्शी ऐप' की शुरुआत की है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को डिजिटल तकनीक से जोड़ने वाली यह पहल यात्रियों को बस यात्रा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे यात्रियों को न केवल यात्रा की बेहतर योजना बनाने में सहायता मिलेगी, बल्कि बसों की वास्तविक समय स्थिति, आगमन का अनुमानित समय और मार्ग संबंधी जानकारी भी आसानी से प्राप्त हो सकेगी।

वास्तविक समय यात्रा जानकारी की सुविधा

परिवहन विभाग के मार्गदर्शी ऐप की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक रियल-टाइम ट्रैकिंग है। यात्री मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी बस की वर्तमान स्थिति देख सकते हैं और उसके निर्धारित स्टॉप पर पहुंचने के अनुमानित समय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे यात्रियों को बस के इंतजार में अनावश्यक समय बिताने से राहत मिलेगी और वे अपनी यात्रा को अधिक व्यवस्थित ढंग से तय कर सकेंगे। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों को अपने आसपास स्थित बस स्टॉप तथा विभिन्न मार्गों की जानकारी भी मिल सकेगी। दो स्टॉपेज के बीच उपलब्ध बस सेवाओं और उनके समय की जानकारी प्राप्त होने से यात्रियों के लिए उपयुक्त बस का चयन करना आसान होगा। यह सुविधा विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए उपयोगी होगी जो किसी नए शहर या क्षेत्र में सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर रहे हैं।

बसों की स्थिति और देरी की जानकारी

डिजिटल तकनीक के माध्यम से बस संचालन को अधिक पारदर्शी बनाने पर भी जोर दिया गया है। मोबाइल ऐप और वेब एप्लिकेशन के माध्यम से यात्री बस की स्थिति, संभावित देरी और महत्वपूर्ण घोषणाओं की वास्तविक समय जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था से यात्रियों को बस के समय में होने वाले बदलावों की जानकारी पहले ही मिल सकेगी। परिणामस्वरूप वे अपनी यात्रा की योजना में आवश्यक बदलाव कर सकेंगे और समय की बचत होगी। सार्वजनिक परिवहन के प्रति यात्रियों का विश्वास बढ़ाने में भी ऐसी डिजिटल सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

मार्गदर्शी ऐप की एक प्रमुख विशेषता यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी डिजिटल व्यवस्था है। ऐप में डिजिटल एसओएस बटन की सुविधा दी गई है, जिसके माध्यम से आकस्मिक या आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए डायल-112 से सीधे संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त बसों में पैनिक बटन की व्यवस्था भी सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसी आपात स्थिति में यात्री तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए इस व्यवस्था का उपयोग कर सकते हैं। इससे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और अन्य संवेदनशील वर्गों के लिए सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में मदद मिल सकती है। बसों में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था यात्रियों के साथ-साथ पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के बीच त्वरित समन्वय को भी बढ़ावा दे सकती है। आपात स्थिति में सूचना तेजी से संबंधित एजेंसियों तक पहुंचने से सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

मोबाइल और वेब एप्लिकेशन की सुविधा

मार्गदर्शी की सेवाओं को मोबाइल ऐप के साथ-साथ वेब एप्लिकेशन के माध्यम से भी उपलब्ध कराने का उद्देश्य डिजिटल पहुंच को व्यापक बनाना है। यात्री अपनी आवश्यकता के अनुसार मोबाइल फोन या वेब माध्यम से सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बसों और मार्गों की जानकारी उपलब्ध होने से यात्रा की योजना बनाना आसान होगा। यात्रियों को बस स्टैंड पहुंचने से पहले ही उपलब्ध सेवाओं और संभावित समय की जानकारी मिल सकेगी, जिससे सार्वजनिक परिवहन के उपयोग का अनुभव अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

सार्वजनिक परिवहन के डिजिटल बदलाव की दिशा में कदम

उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में करोड़ों लोग प्रतिदिन सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में परिवहन सेवाओं को डिजिटल तकनीक से जोड़ना यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप व्यवस्था विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मार्गदर्शी ऐप के माध्यम से रियल-टाइम जानकारी, डिजिटल फीडबैक, आपातकालीन सहायता, बस ट्रैकिंग और मार्ग संबंधी जानकारी जैसी सुविधाओं को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। इससे यात्रियों को बेहतर जानकारी मिलने के साथ-साथ परिवहन निगम के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में भी मदद मिल सकती है। यूपीएसआरटीसी की मार्गदर्शी ऐप पहल सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बस की वास्तविक समय स्थिति से लेकर अनुमानित आगमन समय, मार्ग और स्टॉपेज की जानकारी, सुझाव एवं शिकायत की सुविधा तथा डिजिटल एसओएस जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं यात्रियों के अनुभव को

दहेज के लिए विवाहिता को कमरे में बंद कर जान से मारने की कोशिश का आरोप, मुक़दमा दर्ज

विवाहिता को कमरे में बंद कर जान से मारने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ग़ोला/गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के देवारीबारी बनकुल विशुनपुर राजा गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को कमरे में बंद कर जान से मारने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर बेटी की सुरक्षा, चिकित्सकीय परीक्षण और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रार्थना-पत्र के मुताबिक कैंपियरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपनी बेटी सना खातून की शादी 30 मार्च को गोला क्षेत्र के देवारीबारी बनकुल विशुनपुर राजा निवासी नसीब पुत्र सगीर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के समय मायके पक्ष ने एक लाख रुपये नकद और करीब तीन लाख रुपये का गृहस्थी का सामान दिया था। इसके बावजूद शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर सना को कथित रूप से प्रताड़ित करने लगे।

पीड़िता की मां का आरोप है कि ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में तीन लाख रुपये नकद और चार पहिया वाहन की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं होने पर बेटी को प्रताड़ित करने के साथ ही दूसरी शादी करने की धमकी भी दी जा रही थी। आरोप है कि 13 अगस्त की रात करीब 11 बजे फोन पर सूचना मिली कि सना को कमरे में बंद कर जान से मारने की कोशिश की जा रही है। परिजनों ने तत्काल उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। घटना की जानकारी से मायके पक्ष में हड़कंप मच गया। मां ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बेटी को तत्काल सुरक्षित कराने और उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत किए जाने की बात कही है। पुलिस के अनुसार मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपों की पुष्टि के लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

विधानसभा रुद्रपुर की आधा दर्जन सड़कें खोल रहीं विकास की पोल

कागज में हो रहा कार्य, वाहवाही लूट रहे माननीय

रूद्रपुर, देवरिया। विधानसभा रुद्रपुर की आधा दर्जन से अधिक सड़कें विकास की पोल खोल रहीं हैं। ये सड़कें अच्छे दिनों की याद दिला रही हैं। कागज़ में तो खूब सड़कें बन रही हैं और माननीय वाहवाही लूट रहे हैं किन्तु जमीनी हकीकत गांव के लोग समझ रहे हैं और परेशान हो रहे हैं। कुछ सड़कें बानगी के लिए हैं। बैदा गांव का सम्पर्क मार्ग खस्ताहाल है। बेलवा दुबौली मार्ग भी आवागमन के लायक नहीं है। डाला, नकइल मार्ग भी गड्ढों से भरा है। नारायणपुर से छपरा मार्ग टूटकर बिखर गया है। रामलक्षन से लक्ष्मीपुर मछरिहवा मार्ग वर्षों से चलने लायक नहीं है। लुअठहीं से करिहवा मार्ग में दर्जनों स्थानों पर गड्ढे बने हैं। आखिर इन सड़कों के लिए माननीय के पास बजट नहीं आ रहा है क्या। इन सड़कों की न तो मरम्मत हो रही है और न ही नये सिरे से बन रही है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के लिए लाइफ़ लाइन होती हैं। वर्तमान समय में जब भाजपा राज में विकास की गंगा बह रही है तो इन सड़कों का कायाकल्प क्यों नहीं हो रहा है। सोशल मीडिया पर ये सड़कें ट्रेन्ड कर रही हैं। पिड़रा पुल एप्रोच वर्षों से लटका है। पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह के काल में बनी सड़कों का रेनकट भी नहीं रिपेयर हो पा रहा है। रूद्रपुर - असवनपार मार्ग और रूद्रपुर -करहकोल मार्ग पर बने रेनकट दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। उपरोक्त आधा दर्जन सड़कों की खस्ताहाली के कारण हजारों लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बावजूद इसके जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।

इंटरसेप्टर वाहन से तेज रफ्तार पर पुलिस की नजर

देवरिया। सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए देवरिया पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन व यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान रोडवेज बस स्टेशन, पूर्वा तिराहा, साकेत नगर मार्ग और न्यू कॉलोनी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों का चालान किया। पुलिस का कहना है कि सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन यातायात बाधित करने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। इसके अलावा यातायात निदेशालय से मिले अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन की मदद से गोरखपुर मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। स्पीड लेजर गन के जरिए निर्धारित सीमा से अधिक रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों की गति मापी गई और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों के ई-चालान किए गए। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, शराब पीकर व मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन न चलाने की सलाह दी। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

राशन वितरण में घटतौली और अवैध वसूली के आरोप, ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी से की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मनकापुर (गोंडा) विकास खण्ड बभनजोत के ग्राम पंचायत गाजीपुर में सरकारी राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों ने उचित दर विक्रेता (कोटेदार) पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन वितरण के दौरान निर्धारित मात्रा से करीब दो किलो कम राशन दिया जाता है। विरोध करने पर कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते हुए राशन कार्ड कटवाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि राशन कार्ड में पात्र व्यक्तियों के नाम जुड़वाने के नाम पर कथित रूप से धन की मांग की जाती है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन गतिविधियों से गांव के राशन कार्ड धारकों में काफी नाराजगी और परेशानी है। इस संबंध में रामू पुत्र स्व. हरिराम सहित अब्दुल करीम, वारीम, अकराम, अकरम, तरीकुननिशा, इस्लामउद्दीन, सलामहान, रकीबुन निशा, शहनाज, दुर्गावती शर्मा, प्रीती शर्मा, चम्पा, जाहिरा बानो, सुलूमान, महरून निशा, सरफुन निशा, जमीला खातून, मतलूब निशा, अकबर अली और जैबुननिशा समेत कई ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र दिया है। ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी से ग्राम पंचायत गाजीपुर की उचित दर दुकान की जांच कराकर आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कोटेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया है कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।

ज्वैलरी दुकान से पायल चोरी करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार, चांदी के चार पायल और नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ख़जनी-गोरखपुर। खजनी थाना पुलिस ने ज्वैलरी की दुकान से चांदी के पायल चोरी करने के मामले में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी के चार अदद चांदी के पायल और 3,020 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों आरोपिताओं के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी खजनी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक खजनी जयन्त कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम वांछित आरोपितों की तलाश में जुटी थी।

इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ज्वैलरी की दुकान से चोरी के मामले में वांछित दोनों महिलाएं क्षेत्र में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरडीएम स्कूल से करीब 200 मीटर पहले सड़क किनारे घेराबंदी कर दोनों महिलाओं को रविवार को सुबह करीब 11:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपिताओं की पहचान विंध्यावासिनी पत्नी जय गोविन्द, निवासी गहिरा मोतीराम, थाना झंगहा, उम्र करीब 45 वर्ष तथा अनीता पत्नी स्व. रमेश, निवासी केशवापट्टी, थाना चौरीचौरा, उम्र करीब 43 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं पर खजनी थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वैलरी दुकान से चांदी के पायल चोरी करने का आरोप है। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से चोरी के चार चांदी के पायल और 3,020 रुपये नकद बरामद हुए। मामले में थाना खजनी में मुकदमा अपराध संख्या 271/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयन्त कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आशीष यादव, कांस्टेबल मनौज चाहान, कांस्टेबल अमरदीप गिरी, महिला कांस्टेबल सौम्या पाण्डेय और महिला कांस्टेबल रितू शामिल रहीं। पुलिस ने बरामद सामान को कब्जे में लेकर दोनों आरोपिताओं के खिलाफ आगे की कार्रवाई की।

देवरान जैन मंदिर की चोरी का वांछित गिरफ्तार

बार। बार पुलिस ने देवरान स्थित जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में एक और वांछित आरोपी राज राजपूत उर्फ चीनू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। यह चोरी 8 अप्रैल 2026 की रात ग्राम देवरान स्थित जैन मंदिर में हुई थी। चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर भगवान श्री पार्श्वनाथ और महावीर स्वामी सहित करीब 11 अष्टधातु की मूर्तियां, दानपेटी, सिंहासन और छत्र चुरा लिए थे। दानपेटी से नकदी भी चोरी होने की बात सामने आई थी। घटना के संबंध में 9 अप्रैल 2026 को मुकेश जैन की तहरीर पर थाना बार में मुकदमा दर्ज किया गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने इस मामले में पहले ही मंदिर के चौकीदार सहित एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई नकदी में से करीब 4,080 रुपये बरामद किए गए थे। इसी क्रम में अब वांछित चल रहे राज राजपूत उर्फ चीनू पुत्र सूरज सिंह, निवासी ग्राम देवरान, थाना बार, जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया गया।

चाय-मिठाई पर महंगाई की मार, चीनी के दाम 75 रुपये किलो तक पहुंचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

खजनी, गोरखपुर। त्योहारों के मौसम से पहले चीनी के बढ़ते दामों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खजनी तहसील क्षेत्र के फुटकर बाजारों में चीनी की कीमत 70 से 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। अचानक बढ़े दाम का असर घर की रसोई से लेकर चाय और मिठाई की दुकानों तक दिखाई देने लगा है। चीनी महंगी होने से चाय और मिठाइयों की कीमतों पर भी असर पड़ने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजमर्रा की जरूरतों में शामिल चीनी के दाम बढ़ने से घरेलू बजट बिगड़ रहा है। वहीं, आगामी रक्षाबंधन को देखते हुए मिठाई की खरीदारी करने वाले परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई मिठाई के साथ उपहार भी देते हैं। ऐसे में मिठाई के दाम बढ़ने से त्योहार का खर्च बढ़ना तय माना जा रहा है।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने सरकार से चीनी सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की है। लोगों का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ने से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना चुनौती बनता जा रहा है। हालांकि प्रशासन ने बाजार में चीनी की कमी होने के दावों को खारिज किया है। उप जिलाधिकारी खजनी ने बताया कि बाजारों में चीनी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी तरह की अफवाह या घबराहट में आकर अनावश्यक खरीदारी न करें। प्रशासन के अनुसार चीनी की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

बनकटी माइनर में पानी न आने से सूख रही धान की फसल, किसानों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोला बाजार गोरखपुर। सरयू पंप कैनाल बारानगर की मुख्य शाखा से बनगांव अकोल्हा के बीच से निकल कर अलीपुर नसीरपुर रामालखना, भवानीपुर, समदपुर होते हुए बनकटी तक जाने वाली बनकटी माइनर में पानी न आने से किसानों की धान की फसल सूखने की कगार पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि नहर की सफाई नहीं कराई गई है। नहर के दोनों किनारों पर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं और बीच में भी काफी मात्रा में घास-फूस उग गई है, जिसके कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा है। इस विषय में जब जे.ई. से बात की गई तो उनका कहना था कि कुछ किसान बीच से नहर काट देते हैं जिसके चलते पानी का दबाव कम हो जाता है और आगे पानी नहीं जा पाता है। फिलहाल मैं उसको दिखवा रहा हूं। नहर की सफाई के विषय में उन्होंने कहा कि नहर की सफ़ाई मात्र गर्मी में ही होती है।

जबकि स्थानीय ग्रामवासी पारस यादव, गंगा प्रसाद, नागेंद्र यादव, नरसिंह आदि लोगों का कहना है कि नहर की खुदाई जेसीबी से कराई गई है जिसके चलते नहर समतल नहीं है जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं जो पानी का अवरोध पैदा करते हैं , नहर में रैट होल के कारण जगह-जगह पानी का रिसाव होता इसके अलावा हेड की अपेक्षा टेल की तरफ माइनर ऊंची होने के चलते टेल तक पानी नहीं चढ़ पाता है।इसे लेकर किसान कई बार विभाग को प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द बनकटी माइनर की सफाई और गहरी खुदाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जाए, नहीं तो सैकड़ों एकड़ धान की फसल बर्बाद हो जाएगी।

पार्षद के घर चढ़कर सफाई कर्मचारी से मारपीट, छेड़खानी के आरोप से गरमाया मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर भट्टा इलाके में महिला से छेड़खानी के आरोप के बाद विवाद बढ़ने और सफाई कर्मचारी व पार्षद के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे रसूलपुर भट्टा क्षेत्र में कुछ लोगों पर महिला से छेड़खानी करने का आरोप लगा। महिला के परिजनों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि मनबढ़ों ने महिला, उसके पति और बेटे के साथ मारपीट की। इसके बाद मामला शांत हो गया, लेकिन देर रात करीब 11 बजे विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया।

आरोप है कि कुछ लोग वार्ड संख्या 58 के पार्षद जुबेर अहमद के घर पहुंच गए और वहां नगर निगम के सफाई कर्मचारी के साथ मारपीट करने लगे। सफाई कर्मचारी को बचाने पहुंचे पार्षद के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मारपीट के वायरल वीडियो में कुछ लोग आपस में भिड़ते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस वीडियो समेत अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है।

घटना से नाराज बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी रविवार को गोरखनाथ थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग की। इससे थाने पर काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। उपनिरीक्षक अनुराग सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सिद्धार्थनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव मिला

सिद्धार्थनगर। जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र के टेक्नार गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक वृद्ध महिला का शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना क्षेत्र के टेकनार गांव में रविवार को 65 वर्षीय सुन्नी देवी पत्नी भारत कन्नौजिया का शव पोखरे के पास पेड़ की टहनी से फंदे के सहारे लटका मिला। बताया गया कि सुन्नी देवी दोपहर बाद गांव के पोखरे की ओर गई थी। कुछ देर बाद उनका शव पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि वृद्ध महिला मानसिक रूप से दिव्यांग थीं और अक्सर कहीं भी चली जाती थीं। मामले की जांच की जाएगी।

पीएम पोषण योजना: मिड-डे-मील की रीढ़ रसोइयों का हुआ सम्मान, विधायक ने बांटे कैशलेस कार्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मनकापुर, गोंडा। पीएम पोषण (मिड डे मील) योजना के अंतर्गत रविवार को बभनजोत ब्लॉक सभागार में गौरा विधानसभा ब्लॉक बभनजोत में 336, ब्लॉक छपिया में 387, कुल मिलाकर 723 कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट विशिष्ट अतिथि बभनजोत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल रहे द्य दीप प्रज्वलन से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज के रसोइया सम्मान समारोह कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

सम्मान समारोह में विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने अपने हाथों से रसोइयों को 5 लाख तक के कैशलेस इलाज का कार्ड, बढ़े हुए मानदेय के रूप में 3 हजार रुपये का स्ब्ह्ल चेक, तथा प्रतिभाशाली प्राइमरी बच्चों को डेस्क वितरित की। लाइव प्रसारण दौरान बताया गया कि सरकार द्वारा रसोइयों को 5 लाख तक कैशलेस इलाज, मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये, किसी दुर्घटना होने पर परिवार को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, तथा साड़ी के लिए मिलने वाली 500 रुपये की राशि को बढ़ाकर 1000 रुपये करने का ऐलान किया गया है।

मुख्य अतिथि प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि 'पीएम पोषण योजना की असली हीरो आप रसोइया बहनें हैं। आप सुबह जल्दी आकर बच्चों के लिए गर्म और पौष्टिक भोजन तैयार करती हैं।' उन्होंने सभी रसोइयों से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। विधायक ने शिक्षा के क्षेत्र में कराए गए कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि बभनजोत आकांक्षी ब्लॉक से निकलकर विकासशील ब्लॉक की श्रेणी में शामिल हो गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में गौरा विधानसभा क्षेत्र को सबसे विकसित क्षेत्र बनाना उनका लक्ष्य है।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी छपिया महेंद्र कुमार, बीआरसी वभनजोत रामविलास वर्मा, एआरपी दिवाकर जायसवाल, एआरपी सैयद इकरार अहमद, एआरपी दक्षराज वर्मा, एआरपी छपिया मनोज कुमार सिंह, एआरपी श्रीनाथ वर्मा, ऋषि तिवारी, मोहम्मद खालिद राजा बेग, बलराम वर्मा, रामजन्म वर्मा, ओम प्रकाश यादव, मनोज कुमार सहित एमडीएम प्रभारी, प्रधानाध्यापक और बड़ी संख्या में रसोइया बहनें मौजूद रहीं।

आबकारी एक्ट के दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया चालान

महरौनी। थाना महरौनी पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम से संबंधित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में शिवराज पुत्र सुखानन्द साहू, निवासी ग्राम सैदपुर, थाना महरौनी, जिसके विरुद्ध मुकदमा संख्या 1102/19 धारा 60 आबकारी एक्ट तथा संतोष पुत्र कलुवा अहिरवार, उम्र करीब 41 वर्ष, निवासी ग्राम सैदपुर, जिसके विरुद्ध मुकदमा संख्या 206/10 धारा 60(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

भ्रष्टाचार की खुली पोल, आरआरसी सेंटर और शौचालय बने शोपीस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देवरिया। जनपद के भटनी विकासखंड के डुमरी ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। गांव में लाखों रुपये की लागत से बना आरआरसी (रूरल रीडिंग सेंटर) पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर का गेट टूटा पड़ा है और निर्माण के बाद से कभी इसका उपयोग नहीं हुआ। दीवारों पर सीलन और झाड़-झंखाड़ ने इमारत को जर्जर बना दिया है।

सिर्फ यही नहीं, गांव में बना सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय केंद्र भी ताले में बंद मिला। न बिजली की व्यवस्था, न पानी की सुविधा। लोगों का कहना है कि शौचालय केवल कागज़ों में चालू दिखाया गया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर प्रधान ने अपने घर के सामने सीमेंट की कुर्सियाँ तक बनवा लीं, जबकि जनता के लिए बनी सुविधाएँ उपेक्षित और बेकार पड़ी हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई तो ग्राम पंचायत में बड़े स्तर पर घोटाले का पर्दाफाश होगा। यह मामला न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़े करता है।

निरंकारी मिशन ने जिला अस्पताल परिसर में रोपे 100 पौधे, हरित वातावरण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उन्नाव। विश्व वृक्षारोपण दिवस के अवसर पर रविवार को संत निरंकारी मिशन की उन्नाव शाखा की ओर से पंडित उमाशंकर दीक्षित चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मिशन के सेवादल, साधु संगत एवं महिला सेवादल के सदस्यों ने श्रद्धा और समर्पण के साथ करीब 100 पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन उन्नाव ब्रांच के संयोजक शीतला शरण मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसके शुक्ला को आमंत्रित किया। मिशन की ओर से उनका पुष्प देकर सम्मान किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं मिशन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया।

इस अवसर पर संयोजक शीतला शरण मिश्रा ने सेवादल के सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे बढ़कर सेवा करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध रखने में ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में निरंकारी मिशन की ओर से विभिन्न हरित गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा नियमित रूप से पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। सेवादल के भाई-बहनों और साधु संगत ने गुरु के आदेश को सेवा भाव के साथ पौधरोपण कर पूरा किया। इस दौरान सहयोगी सेवादल संचालक मुकेश कुमार, सेवादल शिक्षक संदीप यादव, महिला सेवादल संचालिका गीता देवी समेत बड़ी संख्या में सेवादल सदस्य एवं साधु संगत मौजूद रही।

रसोइयों को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा की सौगात, विधायक ने वितरित किए कैशलेस इलाज के कार्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

तिलहर (शाहजहांपुर)। मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिलेगा। रविवार को तहसील सभागार स्थित मीटिंग हॉल में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने रसोइयों को डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड एवं ई-कार्ड वितरित कर योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में रसोइयों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र रसोइये एवं उनके परिवार के सदस्य सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इससे गंभीर बीमारी की स्थिति में उपचार पर आने वाले आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने में रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने योजना को रसोइयों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव, एसडीएम नीलिमा यादव, खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर रमेश पंकज, खंड शिक्षा अधिकारी जैतीपुर यशवंत कुमार सिंह सहित शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में रसोइये मौजूद रहे। बीआरसी कर्मचारियों में सागर, प्रमोद, सुरेंद्र, प्रिया राठौर, राजेंद्र और सोनू गंगवार सहित नगर बीआरसी के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उच्च प्राथमिक विद्यालय लखोहा के प्रधानाध्यापक अमर बहादुर ने किया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और रसोइयों का आभार व्यक्त किया। जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

आईएमए कानपुर ने आयोजित की 'आईएमए चैंप-2026' प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), कानपुर शाखा की ओर से डॉक्टरों, उनके परिजनों और बच्चों के लिए 'आईएमए चैंप-2026' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 22 अगस्त को शाम चार बजे आईएमए भवन स्थित जितेंद्र कुमार लोहिया ऑडिटोरियम, परेड में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में सात से 83 वर्ष तक की आयु के आईएमए कानपुर के सदस्य डॉक्टरों, उनके परिवार के सदस्यों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईएमए कानपुर के अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन डॉक्टर समुदाय और उनके परिवारों के बीच आपसी सौहार्द बढ़ाने के साथ स्वास्थ्य जागरूकता और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में नृत्य वर्ग के निर्णायक मंडल में सुचरिता खन्ना और वंदना देव रॉय, गायन में गोपाल शर्मा और दीपिका शुक्ला तथा वादन में हरीश झा और संजय चौधरी शामिल रहे। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों के दौरान दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक तालियां बजाई और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवाशीष देबरॉय ने कहा कि डॉक्टरों और उनके परिवारों की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सात से 83 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन आईएमए कानपुर की सांस्कृतिक सचिव डॉ. रेनू सिंह गहलोत ने किया। सचिव डॉ. शालिनी मोहन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में वित्त सचिव डॉ. विशाल सिंह, संयुक्त सांस्कृतिक सचिव डॉ. स्मिता सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. देबज्योति देबरॉय सहित आईएमए कानपुर के पदाधिकारी और सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फ़िरोज़ाबाद- जिले में संचालित शैक्षणिक व आवासीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बच्चों के बीच पहुंचकर न केवल उनकी दैनिक दिनचर्या और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, बल्कि उनके साथ बैठकर भोजन (लंच) भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बच्चों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, पठन-पाठन के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति और विद्यालय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मेस में तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई और मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण (जैसे पूरी, सब्जी, पनीर आदि) की जांच की। साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी परखी। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सहित जिले के अन्य कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं नवोदय विद्यालयों में छात्रों के रहने की उत्तम व्यवस्था और परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि विद्यालय परिसर या भवन के ऊपर से बिजली के ढीले/खुले तार गुजर रहे हैं, तो उन्हें तत्काल हटवाने और जर्जर भवनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए।

परिषदीय व अन्य विद्यालयों में 'ऑपरेशन

कायाकल्प' के सभी मानकों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा अध्ययन के लिए उचित वातावरण बनाए रखने पर बल दिया गया। संवाद के दौरान बच्चों ने व्यवस्थाओं और भोजन पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इस प्रकार के निरीक्षण निरंतर जारी रहेंगे।

विकासखंड भदपुरा खंड विकास अधिकारी प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रावना

बरेली/भदपुरा की खंड विकास अधिकारी ईशा हर्षिता अग्निहोत्री पी डी एस डिग्री प्राप्त कर बरेली के भदपुरा विकासखंड में ड़ेढ महापूर्व नियुक्ति मिली थी परंतु शान द्वारा उन्हें दो माह के प्रशिक्षण हेतु लखनऊ जाने का निर्देश दिया गया है जिसके तहत बह भदपुरा से लखनऊ रवाना हुई उन्होंने जाने से पूर्व बताया तो महक प्रशिक्षण देने के बाद पुन भदपुरा वापस लौटेगी उन्होंने स्वतंत्रप्रभात को दिए साक्षात्कार में बताया उनका प्रशिक्षण 24 अगस्त से लखनऊ मे प्रारंभ हो रहा है इसके बाद 24अक्टूबर प्रशिक्षण पूर्ण होने उनको पुनः इसी विकासखंड पर वापस भेजा जाएगा तब तक के लिए लखनऊ जारही है इससमयच के समय के लिए किसी खंड विकास अधिकारी को भरपुरा का कार्यभार सौंपा जाएगा।

भाजपा के नहला पर सपा का दहला दलितों के घर पहुंचे भागवत किया जलपान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/ नवाबगंज विधानसभा में भाजपा विधायक द्वारा संत रविदास कलश यात्रा निकाल ले जाने कोलेकर सपा से पांच बार विधायक रहे दो बार मंत्री भगवत शरण गंगवार ने आज नवाबगंज विधानसभा के विकासखंड भदपुरा में दलितों के घर जाकर उनके दुख दर्द को सुना और उनके साथ बैठकर जलपान किया गया। जिससे उनका सम्मान और स्वाभिमान बढ़ाने का कार्य किया गया क्योंकि नवाबगंज विधानसभा में यहां के मौजूदा विधायक डॉक्टर आर्य द्वारा संत रविदास जयंती के 650 वर्ष पूर्ण होने पर उनके पैतृक गांव से रजलाकर कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी कार्यक्रम के तहत पूर्व मंत्री गंगवार ने भाजपा के नहला पर दहला लगाते हुए उन्होंने दलित बस्तियों वाले गांव में जाकर जवेदा जवेदी अंबेडकर पार्क के पास बैठकर सभी दलितों के साथ विचार विमर्श किया। गया और उनके साथ जलपान किया इसके बाद उन्होंने धिमरी पहुंचकर भी दलितों के साथ बैठ और वहां पर भी चाय शीतल पेय ग्रहण किया और उनके साथ भी नीतियों से अवगत कराया गया इसके बाद उन्होंने इसी विकास खंड के गांव आसुआ पहुंचकर भी दलितों की बस्तियों के बीच घंटों व्यतीत करके उनके साथ वार्तालाप किया और उन्होंने भाजपा के कार्य कल्पना से अवगत कराते हुए कहा इन्हें दलितों से ही प्रेम था। तो इन्होंने अपने संगठन में दलितों को स्थान क्यों नहीं दिया पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा हमने दलितों के साथ बैठकर जलपान करने का कार्यक्रम इसलिए निकला है के भाजपा द्वारा संत रविदास की कलश यात्रा लेकर चल रहे भाजपा के विधायक एवं जनप्रतिनिधि के साथ पदाधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन केवल समाचार पत्रों में दर्शाने के लिए किया जा रहा है। हमने इसी के जवाब में दलितों के बीच जाकर बैठना उनका हाल-चाल जानना साथ ही जलपान करना सुनिश्चित किया है उन्होंने अपने राजनीतिक कार्य काल की भी चर्चा की गई जिसमें उन्होंने कभी भी किसी दलित का उत्पीड़न नहीं किया गया उन्होंने बिना नाम लिए अभी एक सप्ताह पूर्व एक दलित के साथ घटी घटना का जिक्र करते हुए कहा सत्ता के दबाव में दवा दिया गया है। जो दलितों के लिए चुनौती ही नहीं सबक लेने का भी अवसर है इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार शेर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख नरोत्तम दास मुन्ना राधा कृष्ण और पप्पू पूर्व प्रधान सुरेंद्र कुमार गंगवार हर प्रसाद गंगवार राजेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में लोग साथ रहे।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने किया अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल संदलपुर का औचक निरीक्षण

फ़िरोज़ाबाद- जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा विकास खण्ड हाथवंत क्षेत्र के अंतर्गत अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल, संदलपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों के संरक्षण, चारा-पानी, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में लगे सीसीटीवी कैमरों के खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कराने तथा उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही गौवंशों के समुचित संरक्षण एवं आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि 'शासन की मंशा के अनुरूप गौवंशों का संरक्षण और देखभाल हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आश्रय स्थलों पर चारा-पानी, स्वच्छता एवं पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी नियमित रूप से व्यवस्थाओं की निगरानी करें।

जिलाधिकारी ने शिकोहाबाद के 'अटल वन' का किया आकस्मिक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फ़िरोज़ाबाद- जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने तहसील शिकोहाबाद क्षेत्र के ग्राम मोहिनीपुर दरिगापुर स्थित 'अटल वन' पौधारोपण स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वन क्षेत्र में रोपित पौधों की स्थिति, सुरक्षा और सिंचाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 5 हेक्टेयर में विस्तृत इस 'अटल वन' में कुल 10 विभिन्न प्रजातियों के लगभग 8 हजार पौधे रोपित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से जामुन, शीशम, अर्जुन, कांजी आदि के पौधे शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि 'पौधारोपण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि पर्यावरण संतुलन और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। 'अटल वन' में लगाए गए सभी 8 हजार पौधों की शत-प्रतिशत उत्तरजीविता सुनिश्चित की जाए। पौधों की नियमित सिंचाई, ट्री-गार्ड एवं तारबंदी से सुरक्षा, और खाद-पानी का विशेष ध्यान रखा जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रोपित पौधों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए ताकि यह स्थल भविष्य में एक घने और हरित क्षेत्र के रूप में विकसित हो सके। निरीक्षण के दौरान डीएफओ भागेंद्र सिंह, एसडीएम शिकोहाबाद सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विकासखंड स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फिरोजाबाद। जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजन की समस्याओं एवं कठिनाइयों के त्वरित निस्तारण के लिए सभी विकासखंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान कुछ बिंदुओं पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद के सभी विकासखंडों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविरों के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराएंगे। साथ ही योजनाओं के सकारात्मक पहलुओं एवं पात्रता की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। ऐसे पात्र व्यक्ति, जिन्हें अभी तक किसी योजना का लाभ नहीं मिल सका है, उन्हें चिन्हित कर उनका विवरण पंजिका में दर्ज किया जाएगा और पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों को भी शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा, ताकि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके और अधिक से अधिक पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से जुड़ सकें।

इन तिथियों में लगेंगे शिविर

टूण्डला – 24 अगस्त 2026, नारखी – 24 अगस्त 2026, जसराना – 25 अगस्त 2026, एका – 25 अगस्त 2026, फिरोजाबाद – 25 अगस्त 2026, शिकोहाबाद – 27 अगस्त 2026, हाथवंत – 27 अगस्त 2026 अरांव – 29 अगस्त 2026, मदनपुर – 29 अगस्त 2026

इन योजनाओं पर रहेगा विशेष फोकस

विशेष शिविरों में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत शौचालय, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं जल जीवन मिशन सहित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविरों में आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, फिरोजाबाद को निर्देशित किया गया है कि सभी संबंधित अधिकारियों से शिविरों के आयोजन की आख्या निर्धारित प्रारूप पर प्राप्त कर संकलित सूचना 31 अगस्त 2026 तक मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे तथा पात्र लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नबी के यौमे विलादत पर 26 अगस्त को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- अल्लाह के प्यारे नबी पैग़म्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत (जन्मदिवस) ईद मीलादुन्नबी के मौके पर तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के जेरे एहतमाम व जेरे कयादत में 26 अगस्त को निकाले जाने वाले जुलूस की तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को हाजी मोहम्मद अहमद के मियाँगंज स्थित प्रतिष्ठान पर सेठ मुमताज़ अहमद की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसका आगाज तंजीम के सदर हाफ़िज़ अताउल्ला खान गौरी ने तिलाबत ए कलाम पाक व जुलूस के सदर शमसुद्दीन मंसूरी ने नाते रसूल से किया। जुलूस के सदर ने बैठक में बताया कि जुलूस मोहम्मदी अपने कदीमी रिवायत परंपरा के मुताबिक 12 रवि उल अव्वल शरीफ 26 अगस्त दिन बुधवार को बाद नमाज जोहर ठीक 2 बजे मस्जिद जीनतुल इस्लाम तिलक नगर से उठाया जाएगा और नगर भ्रमण के बाद जामा मस्जिद पुरानी तहसील जवाहर नगर में रात 9 बजे दुआ के बाद सम्पन्न होगा। तंजीम के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी, नायब सदर हाफिज मोहम्मद साबिर बरकाती एवं जुलूस के सदर शमसुद्दीन मंसूरी ने जुलूस में ज्यादा से ज्यादा तादाद में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि रसूल से अपनी मोहब्बत, खुशी का इजहार करते हुए अपने कामकाज को बंद रखते हुए जुलूस को अदवो एहतराम के साथ कामयाब बनाएं। जुलूस में इस्लामी लिवास पहन कर इत्र और टोपी जरूर लगाएं। जुलूस में आतिशबाजी प्रतिबंधित है इसलिए आतिशबाजी न की जाए। हम्द पाक, नाते रसूल, दरूदो सलाम पढ़ते हुए जुलूस में साथ चलें। ऐसा कोई नारा या कोई तकरीर न पढ़ें जिससे किसी को तकलीफ पहुंचे। जुलूस में वाहनों से दूरी रखते हुए पैदल ही चलें और नमाज की पाबंदी करें। उन्होंने बताया कि जुलूस के लिए मानिक चौक कटरा, लवली चौराहा, स्टेट बैंक, खेड़ा चौराहा, आराजीलेन, आजाद नगर, चंदकुआं, सागर तालाब आदि जगह सजाबट की जा रही है। जुलूस में लंगर की भी व्यवस्था की जा रही है। बैठक में तंजीम के प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, सेकेट्री हाजी मोहम्मद अहमद, खजांची मोहम्मद उमर, अशफ़ाक़ ग़ौरी, सैफ उल्ला खां, मोहम्मद शरीफ बरकाती, हाजी सेठ नासिर, अहमद खां कड्डू मामा, नन्नू क़ुरैशी, काजी फहीम, सईद अहमद खन्ना, मुन्ना मंत्री, शकील मकरानी आदि मौजूद रहे। संचालन काजी फहीमउद्दीन ने किया।

गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क का हुआ जीर्णोद्धार

कानपुर। 23 अगस्त 2026 को दोपहर 12:00 बजे वार्ड - 98 महेश्वरी मोहाल के फीलखाना क्षेत्र में स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पार्क में हुये जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक, सलिल विश्नोई के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.डी.तिवारी, पार्षद पत्नी दीपा शर्मा, पूर्व पार्षद रेनू गुप्ता, रवि पोरवाल, अशोक गौड़, गौरी शंकर तिवारी, रिषभ मेहरोत्रा, प्रवीन गुप्ता, प्रखर तिवारी, आदि प्रमुख लोग कार्यक्रम में उपस्थित हुये।

कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम 25 अगस्त को कलावती में होगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- कांग्रेस पार्टी नगर और ब्लॉक इकाई कोंच द्वारा 25 अगस्त को नगर में पहाड़गांव रोड स्थित कलावती गार्डन में सुबह 11 बजे से आयोजित किए जाने वाले संगठन सृजन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में शामिल पार्टी पदाधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेवारियां बांटी गई। मोहल्ला मालवीय नगर में आयोजित की गई बैठक में शामिल पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी एवं ब्लॉक प्रभारी संजय कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आह्वान पर संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राजस्थान के दौसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद मुरारीलाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में गरौठा के पूर्व विधायक एवं जिले के प्रभारी बृजेन्द्र व्यास उर्फ डमडम महाराज, बृजराम अहिरवार और सुनील जैन खजूरिया मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पार्टी संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों व विधानसभा आम चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी। वहीं लंबे अरसे बाद कांग्रेस संगठन द्वारा बड़े नेताओं की मौजूदगी में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

पार्टी के जिला महासचिव अनिल पटैरया, उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ने नगर और ब्लॉक प्रभारी के साथ मिलकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और कार्यक्रम की सफलता को लेकर रणनीति बनाई।

महाविद्यालय में गूंजे कजरी के स्वर,मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई रचनात्मकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनार, मीरजापुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को भातखंडे कल्चरल क्लब,महिला प्रकोष्ठ एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में पारंपरिक 'कजरी लोकगीत' तथा 'मेहंदी प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं ने सावन के सुहावने मौसम और पारंपरिक लोक जीवन को दर्शाते हुए कजरी गीतों की सुरीली प्रस्तुतियां दीं।वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी हथेलियों पर भारतीय कला और संस्कृति की मनमोहक छटा बिखेरी।?प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर सम्मानित किया गया ।निर्णायक मंडल के रूप में मेहंदी प्रतियोगिता में डॉ नलिनी सिंह,डॉ मंजुला शुक्ला एवं डॉ अरविंद कुमार तथा लोकगीत प्रतियोगिता में डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ विद्या सिंह एवं डॉ रीता मिश्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।?अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला ने कहा कि 'कजरी एवं मेहंदी हमारी लोक संस्कृति की समृद्ध धरोहर है। उन्होंने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। मेहंदी प्रतियोगिता में जान्हवी मोदनवाल (एम.ए. तृतीय सेमेस्टर), विद्या (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर) एवं रुचि (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर)ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।लोकगीत प्रतियोगिता में संपदा (बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), कोमल (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) एवं रोशनी विश्वकर्मा (बी.एससी. पंचम सेमेस्टर) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का आयोजन भातखंडे कल्चरल क्लब प्रभारी प्रो कुसुम लता के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल छात्राओं में छिपी प्रतिभा बाहर आती है, बल्कि वे अपनी जड़ों और सांस्कृतिक परंपराओं से भी जुड़ी रहती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन मिशनशक्ति प्रभारी डॉ. स्मिता के द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ विनोद कुमार यादव,डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ दीपक कुमार सिंह, डॉ शिखा तिवारी सहित अन्य सभी प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रसोइयों का सम्मान, कैशलेस चिकित्सा कार्ड से स्वास्थ्य सुरक्षा को मजबूती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण) के तहत चित्रांगन लॉन, ज्ञानपुर में विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान एवं पात्र रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संजय बिन्द और जिलाधिकारी शैलेष कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। समारोह का मुख्य संदेश 'स्वस्थ बच्चे, खिलता बचपन–सही पोषण से प्रदेश रोशन' रहा। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संतुलित और पौष्टिक भोजन भी जरूरी है। विद्यालयों में बच्चों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने रसोइयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पीएम पोषण योजना की सफलता उसके जमीनी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित मानकों की नियमित निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी और विधायक विपुल दुबे ने भी रसोइयों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा से सीधे जुड़ा है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा रसोइयों का मानदेय बढ़ाकर ?3,000 किए जाने को उनके सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। वहीं, कैशलेस चिकित्सा कार्ड के वितरण से रसोइयों को स्वास्थ्य सुरक्षा का अतिरिक्त सहारा मिलने की बात कही गई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञानपुर रमाकांत सिहरौर, खंड शिक्षा अधिकारी डीघ मनोज सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

दर्जन भर दुकानों में घुसा बारिश का पानी

चुनार, मीरजापुर। शनिवार को देर शाम हुई बरसात से नगर के गोला बाजार स्थित दर्जन भर दुकानों में बरसात का पानी घुस गया, जिससे दुकानदारों को नुकसान का सामना करना पड़ा। प्रभावित दुकानदारों में अकील खान,गुलाम अख्तर,जयहिंद टेलर्स,महमूद,सोनू बाबू ,पवन,विजय यादव,अनिल जायसवाल,गणेश वर्मा आदि दुकानदार हैं। जल भराव की समस्या पर चुनार व्यापार मंडल के अध्यक्ष यासीन राईन ने बताया कि बरसात के समय बाजार में होने वाले जल भराव की समस्या के संबंध में कई बार नगर पालिका परिषद चुनार और एसडीएम चुनार को पत्रक दिए गए हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।

कृष्ण जन्माष्टमी एवं बारावफात पर्व के दृष्टिगत थाना कोन में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

कोन / सोनभद्र- आगामी कृष्ण जन्माष्टमी एवं बारावफात पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत रविवार दिनांक 23.08.2026 को प्रभारी निरीक्षक कोन अखिलेश कुमार मिश्र द्वारा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं दोनों समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर आगामी पर्वों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक के दौरान पर्वों के अवसर पर निकलने वाले जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने गांवों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला अधिकारों और महिला अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। छेड़खानी या उत्पीड़न की स्थिति में भयभीत न होकर तत्काल पुलिस से शिकायत करने की अपील की गई। पुलिस टीमों ने महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन सहित अन्य उपयोगी नंबरों की जानकारी दी। साथ ही सोशल मीडिया के सावधानीपूर्वक इस्तेमाल और यातायात नियमों के पालन के प्रति भी जागरूक किया गया।

खोखले होते युवाओं के तन-मन, योग ही देगा नया जीवन : रवीश कुमार यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गोपीगंज। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए 'भदोही साइकिलिंग क्लब' ने रविवार को एक भव्य जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली। पर्यावरण योद्धा 'साइकिल मैन भदोही' अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में शुरू हुई इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण चेतना जगाना है। देश को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने के इस महा-अभियान से अब आम नागरिक भी जुड़ रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़े चौराहे से इस भव्य साइकिल यात्रा का शुभारंभ होकर जन-जागरूकता का संदेश समेटे यह यात्रा शहीद तिराहा, काली देवी, ककराही, गोपपुर चौराहा, रैपुरी जैसे मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शिवम पब्लिक स्कूल बंजारी पहुँची। विशाल साइकिल यात्रा के शिवम पब्लिक स्कूलपहुँचने पर माहौल उत्सवमय हो गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य रवीश कुमार यादव के नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व गर्मजोशी दिखाई। उन्होंने पुष्पवर्षा, करतल ध्वनि और गगनभेदी जयघोष के बीच इन पर्यावरण प्रहरियों का पलक-पावड़े बिछाकर अभिनंदन किया। शिवम पब्लिक स्कूल प्रधानाचार्य रवीश कुमार यादव ने अत्यंत गंभीर और चिंताजनक लहजे में देश को आगाह करते हुए कहा, 'बच्चे ही हमारे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर और आने वाले स्वर्णिम कल का असली भविष्य हैं। परंतु आज अत्यंत क्रूर और कड़वी वास्तविकता यह है कि हमारे देश का यही उज्ज्वल भविष्य आधी-आधी रात तक मोबाइल की कृत्रिम रोशनी में अपनी आंखें और कीमती समय बर्बाद कर रहा है। देर रात तक डिजिटल स्क्रीन की गिरफ्त में रहने के कारण वे सुबह सूरज ढलने तक सोते रहते हैं। इस आलस और बिगड़ती जीवनशैली ने हमारी युवा पीढ़ी को शारीरिक और मानसिक रूप से खोखला कर दिया है।' उन्होंने इस गंभीर संकट से उबरने का अचूक मार्ग प्रशस्त करते हुए आगे कहा, 'यदि हमें इस दिशाहीन होते भविष्य को पुनः सन्मार्ग पर लाना है, तो प्रत्येक बालक के जीवन में योग और व्यायाम को अनिवार्य संस्कार के रूप में समाहित करना ही होगा। यही एकमात्र मार्ग है जो इन्हें आभासी दुनिया के बंधनों से मुक्त कर एक सशक्त और प्रबुद्ध नागरिक बनाएगा।' शिवम पब्लिक स्कूल के यशस्वी प्रधानाचार्य रवीश कुमार यादव ने विधिवत हरी झंडी दिखाकरइस गौरवशाली साइकिल यात्रा को अगले गंतव्य के लिए रवाना किया। शिवम पब्लिक स्कूल बंजारी से पुनः आरंभ होकर यह यात्रा चकराजाराम, जहांगीराबाद, भवानीपुर, पांडेयपुर, डेरवा, जगन्नाथपुर, गुहिया के विभिन्न क्षेत्रों में पहुँची। पूरी यात्रा के दौरान साइकिल सवारों का जोश देखने लायक था। 'साइकिल चलाएँ, ईंधन बचाएँ', 'वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' और 'करो योग, रहो निरोग' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूँज उठा। 'हिंदुस्तान जिंदाबाद', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष के साथ यात्रियों ने संकल्प लिया कि 'हम सबने यह ठाना है, पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ बनाना है।' लोगों को स्वास्थ्य और प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए यह यात्रा पुनः शिवम पब्लिक स्कूल पहुंची जहाँ इसका समापन हुआ।

सीतामढ़ी में कला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सीतामढ़ी । संत अतुलानंद रेजिडेंशियल एकेडमी, खड़गापुर, ऊंज की ओर से एचडीएफसी बैंक के सहयोग से रविवार को सीतामढ़ी स्थित श्याम जी मैरेज हॉल में बच्चों की कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराने के साथ उनमें कला, संस्कृति, भक्ति और देशप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।प्रतियोगिता में बच्चों ने 'अगस्तः आस्था, स्वतंत्रता और हमारी संस्कृति का उत्सव' विषय पर अपनी कल्पनाओं को रंगों और चित्रों के माध्यम से कागज पर उकेरा। बच्चों ने जन्माष्टमी, भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, स्वतंत्रता दिवस, राष्ट्रीय एकता एवं विविधता, देशभक्ति, शांति और भाईचारे जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय की टीम के साथ समाजसेवी राहुल दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उनकी कल्पनाशक्ति और रचनात्मक सोच को विकसित करने में सहायक होते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सहभागिता प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई। आयोजन से बच्चों में कला के प्रति रुचि, सांस्कृतिक मूल्यों और देशप्रेम की भावना को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम ने विद्यालय और स्थानीय समुदाय के बीच बेहतर जुड़ाव का भी संदेश दिया। बच्चों की रंग-बिरंगी कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे, हादसे का खतरा

भदोही विकासखंड भदोही के माधोरामपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय की जर्जर हालत से बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष विनय कुमार दुबे उर्फ राजू के अनुसार भवन लंबे समय से खराब है और पर्याप्त संसाधन न होने से बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। अध्यक्ष ने बताया कि विद्यालय की स्थिति को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी जसवंत सिंह को ई-मेल, पत्र और फोन के माध्यम से कई बार सूचना दी गई, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से भवन का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराने और असुरक्षित पाए जाने पर बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

अध्यक्ष ने जताई बड़ी अनहोनी की आशंका

विनय कुमार दुबे ने कहा कि विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं और उनकी सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'भगवान न करे कि विद्यालय में पढ़ाई के दौरान बच्चों के साथ कोई बड़ी अनहोनी हो। संबंधित अधिकारियों को विद्यालय की स्थिति के बारे में कई बार जानकारी दी जा चुकी है। इसके बावजूद यदि कोई हादसा होता है तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

चोपन पुलिस की बड़ी सफलता, चोरी की घटना का सफल अनावरण

● 11 किग्रा कॉपर वायर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र / उत्तर प्रदेश - पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटना का सफल अनावरण एवं अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 23.08.2026 को थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान बग्घा नाला पर वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे के ओबरा अण्डरपास के डाला से ओबरा जाने वाले अन्दर के सर्विस लेन से दिनांक 22.08.2026 को थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 323/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्त क्रमश :शारदा प्रसाद पनिका उर्फ राहुल पनिका पुत्र वीरेन्द्र कुमार पनिका, निवासी नई बस्ती शान्ति नगर सेक्टर नं0-10 ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, हालपता ग्राम परसोई, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 23 वर्ष, ज्वाला प्रसाद पुत्र स्व0 बचाऊ प्रसाद, निवासी तेलगुड़वा, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र, उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मुकदमा संबंधित चोरी हुआ 11 किग्रा कॉपर वायर एवं घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल हीरो HF डिलक्स संख्या UP64V9917 बरामद की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को समय करीब 01:15 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 दुनिया सिंह, थाना चोपन, उ0नि0 देवी प्रसाद मिश्र सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही द्वारा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया गया

मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही संतोष चक द्वारा दिनांक 23.08.2026 को मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेला प्रा0स्वा0केन्द्र मानिकपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आया है कि , श्री मोहन लाल, स्वीपर कम चौकीदार, मुख्यालय पर निवास बनाकर कार्य नही करते है डा0 शिवांगी गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि आज ही कैंपस में श्री मोहन लाल निवास बनाकर कार्य नहीं किया तो 07 दिवस के बाद सेवा समाप्त कर दिया जाएगा अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उक्त कार्मिक का माह अगस्त 2026 का 07 दिवस का वेतन अग्रिम आदेशो तक बाधित किया गया। जल मिशन के तहत पानी हेतु पाइप का कनेक्शन नही हुआ है। तदोपरांत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मईहर्दोपट्टी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कैंपस के बाहर जंगली घास उगे थे जिसे आंशिक कार्मिक, स्वीपर, वार्ड बॉय से कटवाने हेतु निदेशित किया गया

पीएम पोषण योजना के रसोइयों को बड़ी सौगात, बढ़ा मानदेय और मिला 5 लाख तक कैशलेस इलाज का सुरक्षा कवच

● रसोइयों का मानदेय 2 हजार से बढ़कर 3 हजार प्रतिमाह, साड़ी/यूनिफॉर्म भत्ता भी हुआ दोगुना

● रसोइयों को सम्मान के साथ स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने से पीएम पोषण व्यवस्था होगी और सुदृढ़– जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश - विद्यालयों में बच्चों के पोषण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे रसोइयों के सम्मान, स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत आयोजित रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में राज्य मंत्री, समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड की गरिमामयी उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों का मासिक मानदेय 2,000 से बढ़ाकर 3,000 किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही रसोइयों एवं उनके परिवार को 5 लाख तक वार्षिक कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। साड़ी/यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाले 500 के वार्षिक भत्ते को बढ़ाकर 1,000 कर दिया गया है। साथ ही दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में 2 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग श्री संजीव कुमार गोंड जी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रसोइये पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय बढ़ाने के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा एवं अन्य आर्थिक सुविधाओं का विस्तार उनके परिश्रम के प्रति सम्मान और सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि रसोइयों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का यह निर्णय उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि पीएम पोषण योजना बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास से सीधे जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है और इसके सफल क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका आधारभूत है। प्रतिदिन विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोइयों का परिश्रम बच्चों के बेहतर पोषण और स्वस्थ भविष्य की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, परिवार सहित कैशलेस चिकित्सा सुविधा, साड़ी/यूनिफॉर्म भत्ते में वृद्धि तथा दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता का प्रावधान उनके सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संबल को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जनपद में पीएम पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने राज्य मंत्री, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों, रसोइयों एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

फरार वांछित अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा उद्घोषणा आदेश जारी

चुनार,मिर्जापुर। रविवार को प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह ने बताया कि मु0अ0सं0 04/2026 धारा धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 व 61(2) बीएनएस थाना चुनार, जनपद मीरजापुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कल्लू कुरैशी पुत्र कलाम कुरैशी निवासी चैनपुर बाजार पठान टोला थाना चैनपुर जनपद भभुआ बिहार फरार चल रहा है। अभियुक्त कल्लू कुरैशी उपरोक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मीरजापुर द्वारा दिनांक 27.05.2026 को धारा 84 क्क्हस्स् के अन्तर्गत उद्घोषणा आदेश जारी किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

बनकटा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का जयवर्धन तिवारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया

इटवा (सिद्धार्थनगर) । तहसील क्षेत्र में ग्राम पंचायत ग्राम बनकटा में जयवर्धन तिवारी के अथक प्रयास से लखनऊ के बेल्सन हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर के बतौर मुख्य अतिथि जयवर्धन तिवारी ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। और डा.एस कांत तिवारी ने शिविर में आँखों की जांच भी किया।बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं क्षेत्रवासियों में सहभागिता कर निःशुल्क स्वास्थ्य की जांच कर दवा दी गई। डॉ. गंगाधर शुक्ल व डॉ. विमलेश ने मरीजों को सुचार रूप से शुगर, व बीपी का जाँच कर जोड़ों का दवा भी दी गई।इस अवसर पर अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ के लिए शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस दौरान जयवर्धन तिवारी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सेवा व उनके सुख-दुःख में साथ खड़ा रहना और स्वस्थ एवं सशक्त इटवा विधानसभा निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करना ही मेरा संकल्प है। जनसेवा के, लिए सदैव तत्पर यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर ऊषा चौधरी , प्रधान पप्पू चौरसिया, राकेश चौधरी, बब्बुनर सिंह , सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

164 मरीजों को जांच करदी गई दवाएं

बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर) । न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में रविवार को जन आरोग्य मेला आयोजित हुआ। जिसमें क्षेत्र से आए हुए मरीजों को जांच कर दवा दी गई। इस दौरान डॉक्टर इश्तियाक अहमद द्धारा 113 मरीजों का जांच किया गया और दवा दी गई। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में जन आरोग्य मेले में 51मरीजों को देखा गया उन्हें दवा दी गई। इस मौके पर डॉक्टर इश्तियाक अहमद, डॉक्टर राहुल कुमार ,फार्मासिस्ट त्रिशुल चतुर्वेदी,राकेश कुमार चौधरी, धीरज राय,राजू आदि लोग उपस्थित रहे।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के संकल्प में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

रायबरेली- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत माई भारत वालंटियर अनुभवनात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ELP) के पांचवें एवं अंतिम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह एवं जिला युवा अधिकारी वर्तिका सिंह के मार्गदर्शन में वालंटियर्स को ग्राम हैबतमऊ एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। डॉ. अनुपम सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी के प्रति जागरूकता और समय पर जांच को बढ़ावा मिलेगा। स्टेट स्तर से आई विश्व स्वास्थ्य संगठन की डॉ. विजय कार्थे एवं टीएसयू के शैलेंद्र उपाध्याय ने वालंटियर्स के प्रशिक्षण एवं सीखने के स्तर का मूल्यांकन किया। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले वालंटियर्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ने कहा कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए ग्राम पंचायत, स्वास्थ्यकर्मियों, युवाओं और आमजन की सामूहिक भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोई संभावित मरीज जांच से न छूटे और कोई टीबी मरीज उपचार बीच में न छोड़े, इसके लिए वालंटियर्स जागरूकता अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव, जिला टीबी-एचआईवी समन्वयक अतुल कुमार सहित एनटीईपी स्टाफ मौजूद रहा। प्रशिक्षण को सफल बनाने में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मौसमी, दिव्यांशु एवं रामबली का सराहनीय योगदान रहा। समापन पर वालंटियर्स ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

मानदेय वृद्धि और कैशलेस चिकित्सा कार्ड से रसोइया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री पोषण योजनान्तर्गत रसोईयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ लोहिया कलाभवन में देखा गया। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या को बुके देकर स्वागत किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आप लोगों को उपहार दिया गया है। रसोईयों को इलाज के लिए 05 लाख तक निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया गया है। स्कूलों में बच्चों को भोजन बनाने हेतु ड्रेस में रू0 500 प्रतिवर्ष की वृद्धि की गयी है। इसके साथ मानदेय में 1000 की वृद्धि की गयी है। रू0 2 लाख तक दुर्घटना योजना का लाभ दिया जायेगा। जिलाधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज सभी विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विधायक शोहरतगढ़ ने सभी को बधाई दिया। जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रक्षाबंधन से पूर्व रसोईयों को 4 उपहार दिया गया है। 1000 की मानदेय में वृद्धि की कर रसोईयों का सम्मान बढ़ाया है। सरकार द्वारा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी का मानदेय बढ़ाया गया है। इसके साथ ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जायेगा। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने 05-05 रसोईयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड, ड्रेस वितरण, प्रतीकात्मक चेक, एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु 05 रसोईयों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं अन्य सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार ने सभी रसोइयों को बधाई देते हुए पूरे मनोयोग से कार्य करने का आवाहन किया। इस अवसर पर संबधित खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक,शिक्षक, रसोईया आदि उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से आम जनता आजिज : माता प्रसाद पाण्डेय

इटवा (सिद्धार्थनगर) । रविवार को इटवा स्थित डॉ0 राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज में समाजवादी पार्टी के द्वारा सेक्टर / सह सेक्टर प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में इटवा विधायक/ नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने सभी सेक्टर का समीक्षा करते हुए कहा कि सभी लोग अपने - अपने सेक्टर के बूथों पर जाकर लोगों से मिलकर समाजवादी पार्टी की योजनाओं को लोगों को बताए और पार्टी में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का काम करें ।जिससे विधानसभा चुनाव 2027 में अच्छे मतों से चुनाव में जीत हासिल हो सकें। भाजपा सरकार की गलत नीतियों साथ ही साथ पूरे प्रदेश की जनता मंहगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से ऊब चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है। बैठक में जिला महासचिव कमरुज्जमा खान, विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान, सुरेश पाण्डेय, अब्दुल लतीफ, सुनील यादव, दिनेश मिश्रा, बबलू पाठक, अनूप सिंह, भोला यादव, अभिषेक सिंह, शक्तिनाथ पाण्डेय, एजाज शाह, अजय चतुर्वेदी, कमर अहमद, सुशील तिवारी, राम बिलास चौहान, सतीश पाण्डेय, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

बेल्हा की बहनों की 1100 राखियां सीमा पर तैनात जवानों को भेजी गइ

राखी में छलका देशभक्ति का जज्बा, एलायंस क्लब ने जवानों के लिए भेजीं राखियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। रक्षाबंधन से पहले प्रतापगढ़ की बहनों ने देश की सीमाओं पर तैनात सैनिक भाइयों के लिए राखी भेजकर स्नेह और सम्मान का अनूठा संदेश भेजा है। एलायंस क्लब इंटरनेशनल की पहल पर जिले की बहनों द्वारा तैयार की गई 1100 राखियां एकत्र कर राष्ट्रपति को भेजी गईं, ताकि ये रक्षा सूत्र देश की रक्षा में डटे जवानों तक पहुंच सकें। बीते दिन एलायंस क्लब इंटरनेशनल के पदाधिकारियों ने क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर एवं समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में सभी राखियां प्रधान डाकघर के माध्यम से राखियां राष्ट्रपति को भेजी गईं। इस अवसर पर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि देश की सीमाओं पर कठिन परिस्थितियों में तैनात वीर सैनिकों के त्याग और बलिदान का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। राखी का यह रक्षा सूत्र सैनिक भाइयों के प्रति बहनों के आत्मीय भाव का प्रतीक है और उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि एलायंस क्लब और महिला क्लब की ओर से पिछले 26 वर्षों से लगातार सैनिक भाइयों के लिए राखियां भेजने की परंपरा निभाई जा रही है। डाक अधीक्षक ईसम सिंह ने एलायंस क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों के प्रति सम्मान और अपनत्व का यह भाव समाज के लिए प्रेरणादायी है। वहीं सीनियर पोस्टमास्टर संजय गुप्ता ने कहा कि प्रतापगढ़ की बहनों द्वारा भेजे गए ये रक्षा सूत्र सैनिक भाइयों को भावनात्मक संबल और नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। क्लब की नॉर्थ जोन एडवाइजर पूनम गुप्ता ने कहा कि देश के वीर जवान हर परिस्थिति में राष्ट्र की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि। सैनिकों ने देशवासियों का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने प्रार्थना की कि बहनों द्वारा भेजी गई राखियां जवानों के लिए सदैव रक्षा कवच बनें और उन्हें शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर शैलेंद्र पांडे निरीक्षक, प्रतिभा सहायक मंडली, अमित कुमार, श्रेया सिंह, सचिन शुक्ला, पूनम गुप्ता, श्वेता जायसवाल, डाली सिंह, रेखा उमरवैश्य, अर्चना खंडेलवाल, प्राची गुप्ता, डॉ. दयाराम मौर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार सहित क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

सिद्धार्थनगर : सनई-पकड़ी मार्ग पर डंपर पलटा, चालक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के सनई पकड़ी मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए गिट्टी लेकर जा रहा डंपर शनिवार की रात हादसे का शिकार हो गया। सनई से करीब एक किलोमीटर दूर हुए हादसे में 48 वर्षीय डंपर चालक हरिशंकर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। रात में सड़क सूनी होने के कारण हादसे की जानकारी सुबह हो सका। मृतक हरिशंकर पुत्र महाबली उसका बाजार थाना क्षेत्र के उस्का बाजार नगर पंचायत के सरदार पटेल नगर वार्ड के निवासी थे। वह क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में डंपर चलाते थे। शनिवार रात भी वह डंपर लेकर उसका बाजार की ओर जा रहे थे। रविवार तड़के करीब तीन बजे सनई- पकड़ी मार्ग पर उनका डंपर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसा इतना भीषण था कि हरिशंकर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जेब में मिला आधार कार्ड, तब हुई पहचान रात के समय मार्ग पर आवाजाही कम होने के कारण किसी की नजर हादसे पर नहीं पड़ी। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डंपर के आसपास जांच के बाद चालक की जेब की तलाशी ली। उसमें मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हरिशंकर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिवार को सूचना दी। थानाध्यक्ष मिथलेश राय ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

महिला आयोग की सदस्य 25 अगस्त को जनसुनवाई, व विभिन्न कार्यक्रमों में होगी शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 24 और 25 अगस्त को प्रतापगढ़ के दौरे पर रहेगी। इस दौरान वह महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण, जनसुनवाई और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद के साथ रक्षाबंधन उत्सव में भी शामिल होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा कौशाम्बी के भरवारी स्थित कैंप कार्यालय से प्रतापगढ़ के लिए रवाना होगी। अपरान्ह 5.30 बजे निरीक्षण भवन, प्रतापगढ़ पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगी। 25 अगस्त को सुबह 8 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेगी। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नवजात बच्चों का अन्नप्राशन कराया जाएगा। इसके बाद पूर्वान्ह 9 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा। पूर्वान्ह 11 बजे मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़ पहुंचकर निरीक्षण करेंगी और प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगी। इसके बाद अपरान्ह एक बजे विकास भवन में जनसुनवाई एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा।अपरान्ह 2 बजे विकास भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी।इसके बाद अपरान्ह 3.30 बजे अफीम कोठी में सदर तहसील क्षेत्र के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से संवाद करेंगी। अपरान्ह 4 बजे रानीगंज कैंप कार्यालय, बभनमई-रामगढ़ में रक्षाबंधन उत्सव में शामिल होंगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक धीरज ओझा की सहभागिता रहेगी। अपरान्ह 6 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ पहुंचने के बाद सुविधा के अनुसार वह कौशाम्बी के भरवारी स्थित कैंप कार्यालय के लिए रवाना होगी।

रसोइया बहनों के परिश्रम और सेवा को मिला सम्मान, कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इटवा (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत इटवा कार्यालय परिसर स्थित सभागार में प्रधानमंत्री मध्याह्न भोजन (पीएम पोषण) योजना के अंतर्गत रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल ने विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रसोइया बहनों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने रसोइयों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले नौनिहालों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने में रसोइया बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों के स्वस्थ शरीर और बेहतर मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है। रसोइया बहनें प्रतिदिन पूरी जिम्मेदारी, मेहनत और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। उनके इसी समर्पण से विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित समय पर भोजन उपलब्ध हो पाता है। उन्होंने कहा कि रसोइया केवल भोजन तैयार करने का कार्य नहीं करतीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और उनके भविष्य के निर्माण में भी अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में इनकी मेहनत की अहम भूमिका है। ऐसे में उनके परिश्रम और सेवा को सम्मानित करना समाज की जिम्मेदारी भी है।कार्यक्रम में रसोइया बहनों को सम्मानित करते हुए विकास जायसवाल ने कहा कि उनके परिश्रम, सेवा और समर्पण को सम्मान देना तथा उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण की चिंता करना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कैशलेस चिकित्सा कार्ड का वितरण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलने से रसोइया बहनों को आवश्यकता के समय बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भी रसोइया बहनों के कार्यों की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य केवल बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, पोषण और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना भी है। इस पूरी व्यवस्था को सफल बनाने में रसोइयों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, इटवा मंडल अध्यक्ष कन्हैया विश्वकर्मा, बिस्कोहर मंडल अध्यक्ष कुंवर मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवजी तिवारी, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ आदित्य कुमार शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अजय साहू, ब्लॉक महामंत्री विनोद कुमार उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा शिवप्रकाश पाण्डेय, विनीता चौधरी, पृथ्वीराज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष मुहम्मद इमरान, कपिल तिवारी, राजकुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष करुणेश मौर्य, प्रदीप मिश्रा, बालकृष्ण मिश्रा, राजेंद्र यादव, मोहित द्विवेदी, मीनू मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

गैर जमानती वारंट के दो अभियुक्त हुये गिरफ्तार

प्रतापगढ़। थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा ई-सम्मन पोर्टल से प्राप्त न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में वांछित वारण्टी अभियुक्तों में अभियुक्त कमलेश कुमार पटेल पुत्र सरजू पटेल निवासी ग्राम लाला का पुरवा, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 55 वर्ष को संबंधित क्रिमिनल केस 181/2020, मु0अ0सं0 184/2018 धारा 138 विद्युत अधिनियम में जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में संग्रामगढ़ बाजार स्थित गुमटी से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में अभियुक्त हीरालाल पटेल पुत्र सरजू पटेल निवासी ग्राम बावलिया, थाना संग्रामगढ़, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 65 वर्ष को संबंधित क्रिमिनल केस में जारी वारंट के अनुपालन में उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत सुखपाल नगर में स्थित आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिला कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महासचिव जोन प्रभारी विनय सागर द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान मण्डल प्रभारी प्रयागराज राशिद ख़ान, ज़िला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सरोज, भाई-चारा कमेटी के मण्डल प्रभारी मुनव्वर ख़ान, मण्डल प्रभारी प्रयागराज डॉ. आक़िब ज़फ़र, भावी प्रत्याशी फूलपुर शाहिद अख़्तर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बाबू लाल मौर्या, भाई-चारा कमेटी के मण्डल प्रभारी विजय सरोज, महानगर अध्यक्ष प्रयागराज मो. अर्श, ज़िला प्रभारी सोहेल ख़ान एवं ज़िला प्रभारी सदर नियाज़ हसन ने प्रदेश महासचिव/ज़ोन प्रभारी विनय सागर को शॉल, माला एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव/ज़ोन प्रभारी विनय सागर ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य जिस तरह तन-मन-धन से संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) बेहतर प्रदर्शन करेगी। जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात आगामी 02 सितंबर को भीम आर्मी के चीफ़ एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद के आगमन को लेकर विधानसभा विश्वनाथगंज के मैदान का भी निरीक्षण किया गया।इस अवसर पर जिला प्रभारी बाबागंज चंद्रकेश गौतम, ज़िला प्रभारी रामपुरखास परशुराम सरोज, ज़िला प्रभारी विश्वनाथगंज मो. नफ़ीस, ज़िला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सरोज, डॉ. शाहिद सिद्दीकी, मो. अमान, ज़िला मीडिया प्रभारी निखिल आज़ाद, ज़िला उपाध्यक्ष राम सजीवन सरोज, डॉ. राम सजीवन गौतम, मो. यासीन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मो. आदिल, विश्वनाथगंज विधानसभा अध्यक्ष अजीत गौतम, ज़िला महासचिव धर्मेंद्र गौतम, ज़िला संगठन मंत्री मो. शम्सुद्दीन, ज़िला जीत गौतम, विधानसभा अध्यक्ष रामपुरखास अंकित गौतम, विधानसभा अध्यक्ष बाबागंज गुलशन सरोज, भावी ज़िला पंचायत सदस्य लक्ष्मणपुर मो. शब्बीर, भावी ज़िला पंचायत सदस्य मोहम्मद रऊफ़ एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोजा सरोज, महिला मोर्चा जिला सचिव आरती बिंद एवं समाजसेवी आसिफ़ सलमानी, समाजसेवी डॉ. जलालुद्दीन,ई. मो.सलमान, कार्यालय प्रभारी पवन कुमार आदि कार्यकर्ता एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन आज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रतापगढ़। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय कटरा रोड प्रतापगढ़ परिसर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज सोमवार को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तीन प्रतिष्ठित कंपनियां द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव, ऑपरेटर असिस्टेंट व पैकर्स एंड मूवर्स/स्टोर एसोसिएट के विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होने बताया है कि रोजगार मेले में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र, मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्र, सीवी/बायोडाटा और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अपनी सहमति भी व्यक्त कर सकते हैं। उन्होने बताया है कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। रोजगार मेले से संबंधित जानकारी के लिएअभ्यर्थीrojgaarsangam.up.gov.in/ncs.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। भर्ती में यात्रा, रहने, खाने, मेडिकल, परिवहन, बोनस आदि की सुविधाएं संबंधित कंपनी के नियम एवं शर्तों के अनुसार होगी।

मिशन शक्ति के तहत बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज/रायबरेली। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत रविवार को थाना महराजगंज की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम गढ़ी पोखरनी में 'बहू-बेटी सम्मेलन' एवं चौपाल का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में महिलाओं को 1090, 181, 112, 108, 1076, 102, 1930, 101 और 1098 सहित विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि 1090 पर शिकायत करने वाली महिला की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इसके साथ ही कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, मातृशक्ति वंदन योजना तथा आंगनबाड़ी पोषण योजना के बारे में भी जानकारी दी गई। महिलाओं को रात्रि महिला स्कॉर्ट 112 की सुविधा से अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना गया और जरूरत पड़ने पर पुलिस सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम में संबंधित बीट आरक्षियों एवं संभ्रांत नागरिकों की सहभागिता रही। थाना महराजगंज की ओर से हेड कांस्टेबल शत्रुजीत राय, कांस्टेबल अरुण कुमार, महिला हेड कांस्टेबल गीता सिंह, महिला आरक्षी रक्षा यादव, हिमानी तोमर, सांवली राठौर, राधा कुमारी एवं दीक्षा वर्मा ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित बाल अपचारी हुआ गिरफ्तार

प्रातापगढ़। थाना कोतवाली नगर द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अन्तर्गत धारा 65(1)/351(3) बीएनएस एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट में वांछित बाल अपचारी को थाना क्षेत्रान्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय से भगवा चौराहे की ओर जाने वाली सड़क से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।पुलिस अभिरक्षा में लिए गए बाल अपचारी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया और प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है।

खाद दुकानदार को क्लीनचिट, विभागीय कार्रवाई की निष्पक्षता पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सुपौल। किसानों को उचित मूल्य पर खाद-बीज उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की है, लेकिन त्रिवेणीगंज नगर परिषद स्थित पूजा ट्रेडर्स नामक खाद दुकान से जुड़े मामले में विभागीय कार्रवाई की निष्पक्षता पर ही सवाल उठने लगे हैं। दुकान में कथित गड़बड़ियों और अनियमितताओं को लेकर पूर्व जांच में गंभीर बिंदु सामने आने के बाद अब दुकानदार को क्लीनचिट दिए जाने की बात सामने आई है। इससे विभागीय कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। बताया जाता है कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी की जांच रिपोर्ट में दुकान के संचालन स्थल, खाद के भौतिक स्टॉक और अभिलेखों में दर्ज विवरण को लेकर अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। इसके बाद अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार की ओर से की गई जांच में स्थिति को अलग तरीके से प्रस्तुत किए जाने की बात कही जा रही है। विभागीय स्तर पर दोनों रिपोर्टों में अंतर को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

वर्षों से दूसरे स्थल पर दुकान संचालन का सवाल

जांच के दौरान दुकान के लाइसेंसी स्थल और वास्तविक संचालन स्थल को लेकर सवाल उठे थे। इसके बावजूद अनुमंडल कृषि पदाधिकारी की रिपोर्ट में बताया गया कि दुकानदार ने दुकान को निर्धारित स्थल पर स्थानांतरित कर लिया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि दुकान वर्षों से लाइसेंस में दर्ज स्थल के बजाय किसी दूसरे स्थान पर संचालित हो रही थी, तो इस अवधि की अनियमितता के लिए जिम्मेदारी किसकी तय की गई?

अपनी ही विभागीय रिपोर्ट पर सवाल

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि प्रारंभिक जांच और बाद की जांच रिपोर्ट में इतना अंतर कैसे आया। यदि पहली जांच में दुकान के संचालन स्थल और स्टॉक में अनियमितता सामने आई थी, तो बाद की जांच में इन बिंदुओं को किस आधार पर संतोषजनक माना गया, यह विभाग को स्पष्ट करना चाहिए।

पीओएस और भौतिक स्टॉक में अंतर पर सवाल

खाद की बिक्री और उपलब्ध स्टॉक को लेकर पीओएस मशीन में दर्ज आंकड़ों तथा दुकान में मौजूद भौतिक स्टॉक के बीच अंतर की बात भी सामने आई थी। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्टॉक के अंतर का विभागीय स्तर पर किस तरह मिलान किया गया। यदि मिलान कराया गया तो उसकी रिपोर्ट क्या है और उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है, यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

संदिग्ध खाद की गुणवत्ता जांच पर सवाल

मामले में खाद की गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल भी महत्वपूर्ण हैं। यदि किसी खाद को संदिग्ध या नकली होने की आशंका जताई गई थी तो उसके नमूने जांच के लिए कहां भेजे गए और जांच रिपोर्ट में क्या सामने आया, इसकी जानकारी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। बिना गुणवत्ता जांच के संदिग्ध खाद को सही मानने की स्थिति में विभागीय प्रक्रिया पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

पुराने मामलों को लेकर भी चर्चा

अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के कार्यकाल से जुड़े कुछ पुराने मामलों की चर्चा भी विभागीय हलकों में होने की बात कही जा रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष तीन मई को प्रखंड के हरिहरपट्टी में कथित अवैध खाद दुकान के खिलाफ शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने को लेकर भी अधिकारी की भूमिका चर्चा में रही थी। पूर्व पदस्थापना के दौरान उदाकिशुनगंज में उनके कार्यकाल को लेकर भी विवादों की चर्चा होने की बात कही जा रही है। मामले में जिला कृषि पदाधिकारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका जवाब स्पष्ट नहीं रहा। ऐसे में सवाल उठता है कि जांच में सामने आए प्रत्येक बिंदु का निस्तारण किस आधार पर किया गया और दुकानदार को क्लीनचिट देने का निर्णय किस अधिकारी के स्तर पर लिया गया। अब देखना यह है कि विभाग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर लाइसेंसी स्थल, वास्तविक दुकान, पीओएस रिकॉर्ड, भौतिक स्टॉक और खाद की गुणवत्ता जांच से संबंधित दस्तावेजों की स्थिति स्पष्ट करता है या मामला विभागीय फाइलों तक ही सीमित रह जाता है।

नशे के खिलाफ बरही पुलिस ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

नशे के खिलाफ बरही पुलिस ने निकाली जागरूकता बाइक रैली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हज़ारीबाग, झारखंडः- बढ़ते नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने और युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के उद्देश्य से रविवार को बरही पुलिस प्रशासन की ओर से जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में आयोजित रैली के माध्यम से लोगों को ब्राउन शुगर समेत अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूक किया गया। बाइक रैली बरही चौक से शुरू होकर गया रोड, रसोइया धमना गांव, पुनः बरही चौक, हजारीबाग रोड, बाराटांड़, धनबाद रोड और पटना रोड होते हुए वापस बरही चौक पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और रैली में शामिल लोगों ने नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करते हुए युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। रैली के समापन पर बरही चौक में श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव और इससे परिवार को होने वाली परेशानियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक होने का संदेश दिया। मौके पर एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि नशा उन्मूलन केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने सभी अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि पूरे अनुमंडल क्षेत्र में यदि कहीं भी नशे से जुड़ी गतिविधि दिखाई देती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और सूचना के आधार पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। बाइक रैली में पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी, गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन, एसआई राजबल्लभ यादव, सुमित साव, मुखिया सिकंदर राणा, सामाजिक कार्यकर्ता मनोहर यादव, दीपक गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मो. सागिर, मो. तौकीर रजा, कार्तिक पासवान, रिजवान अली, संजय कुमार, अमित राणा, अमित सिंह, पिंटू ठाकुर, सचिन यादव, नीरज कुमार, गणेश यादव समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

क्या इसी झारखंड के लिए आंदोलनकारियों ने लड़ाई लड़ी थी; कलिंद्र उरांव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कुडू, लोहरदगा, झारखंडः- रांची झारखंड आंदोलन से जुड़े आंदोलनकारियों की पीड़ा और वर्तमान झारखंड की स्थिति पर सवाल उठाते हुए आंदोलनकारी कलिंद्र उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिन लोगों ने अलग झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया, क्या उन्होंने इसी झारखंड की कल्पना की थी? आंदोलनकारियों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा, स्थानीय लोगों के अधिकार, बेहतर शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के लिए लंबा संघर्ष किया और अनेक लोगों ने अपनी शहादत दी। लेकिन आज भी आंदोलनकारियों और उनके परिवारों को सम्मानजनक जीवन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई परिवार अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। राज्य के छात्र बेहतर शिक्षा और छात्रवृत्ति की व्यवस्था के लिए परेशान हैं। युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट है। पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं। सरकारी नौकरियों में स्थानीय युवाओं के हितों को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्पष्ट और प्रभावी स्थानीय नीति तथा रोजगार सृजन की ठोस पहल के अभाव में झारखंड के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसरों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। झारखंड के जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आंदोलन हुआ था, लेकिन आज प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को लेकर भी गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। दूसरी ओर राज्य की सड़कों की बदहाल स्थिति, चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा की समस्याएं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम लोगों में असंतोष है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इसी झारखंड के लिए आंदोलनकारियों ने संघर्ष किया था? क्या इसी व्यवस्था के लिए लोगों ने अपनी शहादत दी थी? झारखंड आंदोलनकारियों का कहना है कि अलग राज्य का उद्देश्य केवल भौगोलिक सीमा बदलना नहीं था, बल्कि झारखंड के लोगों को उनके अधिकार, सम्मान, शिक्षा, रोजगार और बेहतर जीवन का अवसर दिलाना था। इसलिए सरकार को आंदोलनकारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान करने, उनके परिवारों का सम्मान और संरक्षण सुनिश्चित करने, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने तथा जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि झारखंड के मूल उद्देश्य और आंदोलनकारियों के सपनों को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट नीति बनाकर उस पर ईमानदारी से अमल किया जाए, ताकि झारखंड वास्तव में अपने आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य बन सके।

बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर बारी पंचायत में रैयतों की अहम बैठक, जमीन सुधार तक एकजुट रहने का निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लातेहार, झारखंडः- बनहरदी कोल ब्लॉक से जुड़ी समस्याओं को लेकर बारी पंचायत के रैयतों की अहम बैठक रविवार को पंचायत भवन में हुई। ग्राम प्रधान रोबिन उरांव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जमीन सुधार से जुड़ी लंबित समस्याओं पर चर्चा की गई। रैयतों ने समस्याओं के समाधान तक एकजुट रहकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का निर्णय लिया। बारी पंचायत के पंचायत भवन में रविवार को ग्राम प्रधान रोबिन उरांव की अध्यक्षता में रैयतों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बनहरदी कोल ब्लॉक परियोजना से जुड़ी समस्याओं और जमीन संबंधी त्रुटियों के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। रैयतों ने कहा कि जमीन के रिकॉर्ड में सुधार और त्रुटियों को दूर कराने के लिए ग्रामीण लंबे समय से परेशान हैं। कई रैयत वर्षों से संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। बैठक में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक रैयतों की मूल समस्या, विशेषकर जमीन सुधार से संबंधित मामलों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ग्रामीणों की सहमति के बिना क्षेत्र में किसी प्रकार का कार्य किए जाने का विरोध किया जाएगा। रैयतों ने यह भी निर्णय लिया कि ग्रामसभा की सहमति और निर्णय के बिना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गतिविधि नहीं होनी चाहिए। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से एकजुट रहकर अपने अधिकारों और जमीन से जुड़े मामलों को लेकर आवाज उठाने की बात कही। बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने कंपनी पर आरोप लगाया कि ग्रामीणों की सहमति के बिना कुछ लोगों को गांव में भेजकर आपसी मतभेद और अशांति पैदा करने का प्रयास किया जाता है। ग्रामीणों ने ऐसे किसी भी प्रयास का पुरजोर विरोध करने की बात कही। बैठक में मौजूद लोगों ने कंपनी के साथ किसी भी तरह की बातचीत या गतिविधि को ग्रामसभा के निर्णय और ग्रामीणों की सामूहिक सहमति के आधार पर किए जाने पर जोर दिया। ग्रामीणों ने ऐसे लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की, जो कथित रूप से कंपनी के पक्ष में काम कर रहे हैं। बैठक में कहा गया कि गांव के लोगों को किसी भी तरह के प्रलोभन या दबाव में आकर आपसी एकता को कमजोर नहीं करना चाहिए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि पंचायत और गांव से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में सामूहिक निर्णय को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्राम प्रधान रोबिन उरांव ने कहा कि रविवार को गांव में पूजन कार्यक्रम होने के कारण बैठक में रैयतों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन ग्रामीणों में उत्साह और एकजुटता पहले की तरह कायम है। उन्होंने बताया कि अगली बैठक अगले रविवार को निर्धारित की गई है। इसमें अधिक से अधिक रैयतों के शामिल होने की अपील की गई है। रविवार की बैठक में दर्जनों रैयत उपस्थित रहे। बनहरदी कोल ब्लॉक से जुड़े जमीन सुधार और ग्रामीणों की सहमति जैसे मुद्दे क्षेत्र में लंबे समय से महत्वपूर्ण बने हुए हैं। रैयतों की बैठक से यह स्पष्ट है कि ग्रामीण जमीन संबंधी समस्याओं के समाधान और ग्रामसभा की भूमिका को लेकर एकजुट हैं। आगे की बैठकों और ग्रामीणों के निर्णय पर सभी की नजर रहेगी।

विधायक स्टीफन मरांडी के प्रयास से दो गावों में बहाल हुई बिजली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः- प्रखंड के मोंगलाबाँध पंचायत के ढेकीडूबा सड़क टोला और राजपोखर पंचायत के लकडापहाड़ी सितपुर में महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी के प्रयास से ढेकीडूबा मे 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर और लकडापहाड़ी सितपुर न्याटोला मे 63 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। जानकारी हो की दोनों नया टोला मे कनेक्शन नहीं था विधायक जी के प्रयास से दोनों जगह विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन कर के बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गयी , जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और शीघ्र समाधान की पहल की। उनके निरंतर प्रयास और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज दोनों जगह विद्युत कनेक्शन कर के नया ट्रांसफार्मर लगा कर और बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गयी। विधायक श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की आवाज बनकर उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराया। यह कार्य जनसेवा और विकास के प्रति उनकी सक्रियता का एक और उदाहरण है।

देवी मंडप में 68वां पूजन समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः- चतरा मोड़ स्थित प्रसिद्ध देवी मंडप में रविवार को 68वां सालाना गांव गुलजारी पूजन समारोह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर आयोजित पूजा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं ने देवी मंडप में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूजन समारोह के दौरान यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम के बाद मंदिर परिसर में दिनेश सिंह म्यूजिकल जागरण का आयोजन किया गया। रात्रि जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। विधायक मनोज कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, रामस्वरूप पासवान ने भी देवी मंडप में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर उन्होंने कहा कि चौपारण आध्यात्मिक आयोजनों का बड़ा केंद्र है और चतरा मोड़ स्थित देवी मंडप क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां पहुंचने मात्र से श्रद्धालुओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि 68 वर्षों से लगातार इस परंपरा का निर्वहन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने कहा कि गांव के गुलजार रहने, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना से आयोजित होने वाली यह पूजा अपनी तरह की अनूठी परंपरा है। लगातार 68 वर्षों से मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा इस परंपरा को आगे बढ़ाना पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल है। ऐसी धार्मिक और सामाजिक परंपराओं का संरक्षण तथा आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। समारोह में पूजा समिति के अध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव विष्णु साहू, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी दिलीप राणा, उपसचिव ब्रह्मदेव यादव, संयोजक सुजीत यादव, हेमराज साहू, प्रशांत राणा, विनोद केसरी, उदय केसरी सहित समिति के दर्जनों सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा और जागरण के दौरान मंदिर परिसर में पूरे समय श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

विधायक का 57 वां जनता दरबार, समस्याओं का त्वरित हुआ समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखण्डः- बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने रविवार को अपने आवास बरही में 57वां आयोजित जनता दरबार में बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। लोगों ने विधायक से मुलाकात कर अपनी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से उन्हें अवगत कराया। विधायक श्री यादव ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों में विधायक ने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जनता दरबार में पहुंचे। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके त्वरित निष्पादन का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं और जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करना उनका संकल्प है।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बरही चौक पर नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने रविवार को बरही चौक पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति और जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया। विद्यालय की ओर से आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रस्तुत करते हुए लोगों और खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर, पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार, महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी व गोरहर थाना प्रभारी रवि रंजन की मौजूदगी में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया कि किस प्रकार नशे की शुरुआत धीरे-धीरे व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार और भविष्य को प्रभावित करती है। प्रस्तुति के दौरान विद्यार्थियों ने यह संदेश भी दिया कि युवाओं को गलत संगति से बचकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जब विद्यार्थी स्वयं समाज के बीच जाकर जागरूकता का संदेश देते हैं, तो उसका प्रभाव अधिक व्यापक होता है।

उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि परिवार, विद्यालय और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिलकर प्रयास करना होगा। प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने वाला नागरिक बनाना भी है। नशामुक्ति जैसे गंभीर विषय पर विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करना उनके सामाजिक दायित्व और आत्मविश्वास को दर्शाता है। हमारा प्रयास रहेगा कि बच्चे हमेशा सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवनशैली की ओर आगे बढ़ें। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने के लिए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की।

बरही में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर में 218 लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरही, हजारीबाग, झारखंडः- बरही नगर भवन में रविवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और जरूरतमंद लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग न्यायालय की न्यायिक दंडाधिकारी कावेरी कुमारी, बरही अंचलाधिकारी, प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्या, जिप प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि, मुखिया प्रतिनिधि, टिंकू आलम, बीसीओ संजय यादव, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी कावेरी कुमारी ने विधिक जागरूकता और सरकारी योजनाओं के लाभ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना जरूरी है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था उपलब्ध है, जिसका लाभ उन्हें उठाना चाहिए। शिविर के दौरान बरही प्रखंड क्षेत्र के लोगों की छोटी-छोटी कानूनी समस्याओं के साथ राजस्व, बैंकिंग, पेंशन, स्वास्थ्य, आवास, प्रमाण-पत्र, श्रम, शिक्षा एवं न्यायालय से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता एवं विधिक सेवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लोगों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से संपर्क करने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की। शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से कुल 218 लाभुकों के बीच योजनाओं का लाभ, परिसंपत्तियां एवं सहायता राशि वितरित की गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 36 लाख 13 हजार 500 रुपये की परिसंपत्तियों एवं सहायता राशि का वितरण हुआ। इसके अलावा 75 प्रमाण-पत्र भी लाभुकों को उपलब्ध कराए गए। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत 15 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई, जबकि 10 लाभुकों के बीच नए राशन कार्ड वितरित किए गए। जेएसएलपीएस के सखी मंडल से जुड़ी 10 दीदियों को ऋण के रूप में कुल 17 लाख 50 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए।वीबी-जी-राम(जी) के तहत 16 लाभुकों को जॉब कार्ड दिए गए। बाल विकास विभाग की प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत छह लाभुकों को 26 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं 20 बच्चों को जन्म प्रमाण-पत्र दिया गया। केसीसी योजना के तहत 10 लाभुकों को कुल 6 लाख 70 हजार रुपये का ऋण वितरित किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 10 लाभुकों को 25 हजार रुपये की सहायता दी गई। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत चार लाभुकों को 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वीबी-जी-राम(जी) की नई योजना के तहत तीन लाभुकों को 22 हजार 500 रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई।अंचल स्तर पर जाति प्रमाण-पत्र के 23, आय प्रमाण-पत्र के 10, आवासीय प्रमाण-पत्र के 10 तथा नामांतरण शुद्धि-पत्र से संबंधित 12 मामलों में प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। पांच लाभुकों को ट्राईसाइकिल तथा 40 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। शिक्षा विभाग की ओर से एक लाभुक को हियरिंग मशीन उपलब्ध कराई गई। श्रम विभाग ने 13 लाभुकों को लेबर कार्ड प्रदान किया। वहीं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के तहत पांच लाभुकों को कुल 1 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविर का उद्देश्य केवल सरकारी योजनाओं का वितरण करना नहीं, बल्कि लोगों को उनके अधिकारों और कानून के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों को किसी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ लेना चाहिए। न्याय तक पहुंच हर नागरिक का अधिकार है और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को न्याय पाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। शिविर में योजनाओं का लाभ मिलने पर लाभुकों ने खुशी जताई। एक ही मंच पर विधिक जागरूकता के साथ प्रमाण-पत्र, सामाजिक सुरक्षा, बैंकिंग एवं ऋण सुविधा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और श्रम विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिलने से लोगों को विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। मौके पर प्रधान लिपिक गोपाल राम, बीपीएम अरुण कुमार, जितेंद्र साव, कमलेश कुमार, प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, सिकंदर कुमार, सीताराम कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

दुल्लभछड़ा- गुवाहाटी एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में जल्द बहाल करने की मांग

मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान आकर्षित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

श्रीभूमिः असम बराक घाटी के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को देखते हुए दुल्लभछड़ा-गुवाहाटी एक्सप्रेस का परिचालन दोनों दिशाओं में शीघ्र बहाल करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्र के हजारों यात्रियों की सुविधा और बेहतर रेल संपर्क को ध्यान में रखते हुए इस महत्वपूर्ण ट्रेन सेवा को जल्द से जल्द पुनः शुरू करने की मांग की जा रही है। यात्रियों का कहना है कि क्षेत्र में अन्य रेल सेवाओं का परिचालन जारी है, ऐसे में दुल्लभछड़ा-गुवाहाटी एक्सप्रेस की सेवा भी बिना किसी और विलंब के बहाल की जानी चाहिए। वर्तमान में श्रीभूमि जिले के यात्रियों को गुवाहाटी जाने के लिए बदरपुर पहुंचकर दूसरी ट्रेन पकड़नी पड़ती है अथवा रात्रिकालीन अगरतला जाने वाली ट्रेनों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके चलते यात्रियों को लंबे समय तक प्रतीक्षा करने के साथ-साथ अतिरिक्त यात्रा, समय और आर्थिक खर्च वहन करना पड़ रहा है। इस स्थिति से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार, दुल्लभछड़ा- गुवाहाटी एक्सप्रेस का नियमित परिचालन श्रीभूमि जिले सहित पूरे बराक घाटी के लोगों के लिए गुवाहाटी से सीधा और सुविधाजनक रेल संपर्क उपलब्ध कराता है। ट्रेन सेवा बहाल होने से यात्रियों को राहत मिलने के साथ-साथ शिक्षा, व्यापार, चिकित्सा और प्रशासनिक कार्यों के सिलसिले में गुवाहाटी आने-जाने वाले लोगों को भी काफी सुविधा होगी। इससे बराक घाटी और गुवाहाटी के बीच रेल संपर्क और अधिक सुगम हो सकेगा। यात्रियों ने नॉर्थईस्ट फ्रंटियर रेलवे तथा संबंधित रेल अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए दुल्लभछड़ा-गुवाहाटी एक्सप्रेस का परिचालन दोनों दिशाओं में शीघ्र पुनः शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में यात्रियों ने असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी ध्यान आकर्षित किया है। यात्रियों को उम्मीद है कि दोनों स्तरों पर मामले को संज्ञान में लेकर संबंधित रेल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, जिससे लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का जल्द समाधान हो सके। बराक घाटी के यात्रियों ने जनहित को ध्यान में रखते हुए दुल्लभछड़ा-गुवाहाटी एक्सप्रेस की सेवा दोनों दिशाओं में जल्द बहाल किए जाने की पुरजोर मांग की है।

नदीगांव थाने में आगामी त्योहारों को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

कोंच(जालौन)- आगामी त्योहारों को लेकर नदीगांव थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें अधिकारियों ने बारावफात, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक राजकुमार चौधरी ने की। उन्होंने लोगों से तीनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। निर्धारित रूट से ही बारावफात के जुलूस को निकालें और किसी नई परंपरा को न अपनाएं, सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने से भी बचें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करे। इस दौरान एसआई सुनील सैनी, चेतराम बुंदेला, अखिलेश मिश्रा, मुकेश दुवे, उदय यादव, मनोज दीक्षित, शैलेंद्र कुमार, नंदलाल चौरसिया, हेमंत यादव, शाकिर खान, मोहम्मद हाफिज जीशान हाशमी, कल्लू खान, अशफाक खान, सलामत खान, रामनरेश प्रधान, मुंशीलाल, रंजीत यादव डेरा, गंभीर यादव ककरौली आदि मौजूद रहे।

हाईवे के किनारे खड़े वाहनों पर बड़ी कार्यवाही

192 वाहनों का एमवी एक्ट के तहत चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 192 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पलिस का सहयोग करें।

संक्षिप्त खबरें

'गो ग्रीन ड्राइव' पहुंची लुधियाना, ऋतिक अरोड़ा ने किया पौधरोपण

लुधियाना। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई 'गो ग्रीन ड्राइव' शनिवार को लुधियाना पहुंची। पर्यावरण एवं सामाजिक न्याय आयोग के चेयरमैन ऋतिक अरोड़ा ने मंडी गोबिंदगढ़ से अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत लुधियाना में करीब 3,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान गुरु नानक स्टेडियम में भी पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर बैडमिंटन खिलाड़ी आर.के. अरोड़ा ने भी पौधरोपण अभियान में हिस्सा लिया। उनके साथ पैरा-बैडमिंटन की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शबाना और अश्विनी कुमार ने भी पौधे लगाए। ऋतिक अरोड़ा ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे पेड़ बनने तक संरक्षित करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लुधियाना के लोगों से जरूरतमंद बैडमिंटन खिलाड़ियों की मदद करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए समाज के सहयोग की आवश्यकता होती है। सक्षम लोगों को ऐसे खिलाड़ियों के समर्थन के लिए आगे आना चाहिए।

पति और सास पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

कोंच(जालौन)- प्रेम विवाह करने वाली एक महिला ने अपने पति और सास पर उसका उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला जयप्रकाश नगर कोंच निवासी महिला उमरा ने कोतवाली पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने राजा नाम के युवक से प्रेम विवाह किया है। लेकिन अब पति राजा और सास सलमा दहेज न लाने पर उसे घर पर नहीं रहने दे रहे हैं। महिला ने पुलिस को बताया कि पति और सास गाली गलौच और मारपीट कर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं, साथ ही तलाक की धमकी देकर उसे घर से बाहर निकाल दिया है जिससे वह दर-दर भटकने पर मजबूर है। मामले को लेकर महिला ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही किए जाने का भरोसा महिला को दिया है।

रामलीला अध्यक्ष मंत्री का चुनाव आज

कोंच(जालौन)- धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा संचालित श्रीरामलीला महोत्सव वर्ष 2026 की चुनाव प्रक्रिया आज दिन सोमवार को समय दोपहर 12 वजे गल्ला मंडी स्थित शंकरजी के मंदिर पर सम्पन्न होगी। धर्मादा रक्षिणी सभा के अध्यक्ष विजय गुप्ता भोले एवं मंत्री विनोद दुबे लौना ने बताया कि रामलीला महोत्सव सानंद सम्पन्न कराने के लिए अध्यक्ष एवं मंत्री के सामूहिक आवेदन लिए गए है। उन्होंने बताया कि आए हुए आवेदनों में ही किसी को अध्यक्ष/मंत्री बनाया जाएगा। बताया गया कि अध्यक्ष/ मंत्री को धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा मनोनीत किया जाएगा। उन्होंने सभी गल्ला व्यापारियों से आग्रह किया है कि शंकरजी के मंदिर पर समय से उपस्थित रहकर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं।

पंजाब सरकार की नीतियों से नगर निगम कर्मचारियों में खुशीः विजय दानव

लुधियाना- भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य संचालक एवं चेयरमैन दलित विकास बोर्ड विजय दानव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की। इस दौरान कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने संबंधी फैसलों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। विजय दानव ने बताया कि सरकार ने सफाई सेवकों और सीवरमैनों की सेवाएं नियमित करने तथा न्यूनतम 3 साल की सेवा पूरी कर चुके आउटसोर्स कर्मचारियों को सीधे इन-सोर्स आधार पर लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त 2026 से ठेका आधारित सफाई सेवकों और सीवरमैनों का मानदेय भी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु होने पर परिवार के योग्य सदस्य को तरस के आधार पर नौकरी देने का फैसला भी कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत है। दानव ने दावा किया कि वाल्मीकि और एससी समाज सरकार की नीतियों से खुश है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को जल्द नियुक्ति पत्र देने और नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया।

एएसआई नवजोत सिंह ने संभाला कंगनवाल पुलिस चौकी का कार्यभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लुधियाना-पुलिस कमिश्नर लुधियाना आईपीएस स्वप्न शर्मा की ओर से कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादलों के क्रम में थाना साहनेवाल के अंतर्गत आती कंगनवाल पुलिस चौकी की जिम्मेदारी एएसआई नवजोत सिंह को सौंपी गई है। नवजोत सिंह ने आज विधिवत रूप से चौकी इंचार्ज का कार्यभार संभाल लिया। एएसआई नवजोत सिंह इससे पहले विभिन्न थानों में बतौर मुख्य मुंशी तथा कई वरिष्ठ अधिकारियों के रीडर के रूप में सेवाएं निभा चुके हैं। विभागीय कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें हेड कांस्टेबल से पदोन्नत कर एएसआई बनाया गया है। उनके कार्य के प्रति लगन और समर्पण को देखते हुए उन्हें पदोन्नति के बाद यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। चार्ज संभालने के बाद 'जागृति लहर न्यूज़' से बातचीत में एएसआई नवजोत सिंह ने कहा कि पुलिस कमिश्नर लुधियाना और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मिली जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी और तनदेही से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा अपराधियों और नशा तस्करों पर प्रभावी कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के अनुसार निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

72 लाख की लूट का मास्टरमाइंड निकला ड्राइवर, जीजा के साथ रची थी साजिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जालंधर। सूर्या एन्क्लेव निवासी लोहा कारोबारी ललित मित्तल से 72 लाख रुपये की लूट के मामले में कमिश्नरेट पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की पूरी रकम के अलावा दो बिना नंबर की कारें, दो मोबाइल फोन, एक बेसबेट और एक डंडा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आया कि कारोबारी का चालक सन्नी भी लूट की साजिश में शामिल था। उसने अपने जीजा हरदीप सिंह उर्फ दीपु और अन्य साथियों के साथ मिलकर वारदात की योजना बनाई थी। पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद लूट की रकम का बंटवारा शुरू हो गया था। मुख्य साजिशकर्ता बंटी उर्फ मोना को 13 लाख रुपये, जबकि चालक सन्नी और उसके जीजा हरदीप सिंह उर्फ दीपु को 12-12 लाख रुपये मिले थे। शेष रकम का बंटवारा होना बाकी था।

खर्च की गई रकम भी बरामद

पुलिस कमिश्नर सतिंदर सिंह ने बताया कि आरोपियों ने लूट की रकम में से कुछ राशि खर्च कर दी थी। पूछताछ के दौरान पुलिस ने खर्च की गई रकम को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने कुल 72 लाख रुपये की नकदी बरामद करने का दावा किया है।

पीछे से कार में मारी थी टक्कर

ललित मित्तल ने 17 अगस्त को थाना रामामंडी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की एक कार ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद कार सवार आरोपियों ने उन्हें रोक लिया और उनकी कार की खिड़की तोड़कर अंदर रखा नकदी से भरा बैग लूट लिया। बैग में करीब 72 लाख रुपये थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस को कारोबारी के चालक सन्नी की भूमिका पर संदेह हुआ। पूछताछ और जांच के बाद पुलिस ने लूट की साजिश में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल वाहनों और अन्य सामान को भी जब्त कर लिया है।

कांवड़ियों का जत्था कछला घाट जल लेने रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/भदपुरा। गांव परतीतपुर से रविवार शाम पांच बजे 80 कांवड़ियों का डाक कांवड़ का जत्था कछला घाट से पवित्र जल लेने के लिए रवाना हुआ। जत्थे को पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार ने अंग वस्त्र धारण कराकर विधि-विधान से रवाना किया। इस दौरान कांवड़ियों में काफी उत्साह दिखाई दिया। डीजे की धुन पर शिवभक्त नाचते-गाते और भगवान भोलेनाथ का गुणगान करते हुए आगे बढ़े। रवाना होने से पहले सभी कांवड़ियों ने गांव स्थित शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और यात्रा के सफल होने की प्रार्थना की। कांवड़ियों के जत्थे के रवाना होने के दौरान गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने भी शिवभक्तों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कांवड़िए कछला घाट पहुंचकर पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौटेंगे। इसके बाद गांव के शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इस मौके पर देवेश गंगवार, अमन गंगवार, राजीव कुमार, कल्याण, रवि कुमार, मोहित कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

चिठिया रहमत अली में फिर दिखा तेंदुआ, डर के मारे जान बचाकर भागा किसान

तीन दिन पहले महिला के सामने आया था तेंदुआ, अब किसान के सामने से गुजरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बरेली/क्योलड़िया। क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। शुक्रवार को रुकुमपुर में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना के बाद शनिवार को चिठिया रहमत अली गांव में किसान के सामने तेंदुआ आने से खलबली मच गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीमों ने आसपास के गांवों में कांबिंग कर ग्रामीणों को सतर्क किया। रात में भी वन विभाग की टीमों ने सुरक्षा और सतर्कता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को सतर्क किया। शुक्रवार को रुकुमपुर में ग्रामीणों ने तेंदुआ देखे जाने की सूचना वन विभाग को दी। इस दौरान किसी ग्रामीण ने खेत में बैठे तेंदुए का मोबाइल से फोटो भी लिया, जो वायरल हुआ तो आसपास के क्षेत्र में खलबली मच गई। इस बीच रात में वन विभाग की टीमें रुकुमपुर, गुलड़िया लेखराज, चंदपुर ख्याली राम और चिठिया रहमत अली समेत आसपास के गांवों में पहुंचीं। टीमों ने कांबिंग के साथ ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी। इधर शनिवार सुबह ललौर-गुदरानपुर मार्ग और दिन में दिनेश के गन्ने के खेत में भी तेंदुआ देखे जाने की सूचना वन विभाग को मिली। लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद वन रेंजर केके मिश्रा के नेतृत्व में टीमें अप्सरा नदी के आसपास के गांवों में पहुंचीं। टीमों ने तेंदुए की गतिविधियों वाले संभावित स्थानों की निगरानी करते हुए उसकी मौजूदगी का पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन शनिवार देर शाम बिजासन गांव निवासी वीरपाल चिठिया रहमत अली स्थित अपने खेत में खाद डाल रहे थे। इसी दौरान गन्ने के खेत से तेंदुआ निकलकर उनके सामने से गुजरा तो अचानक तेंदुआ दिखाई देने पर वीरपाल घबरा गए और शोर मचाते हुए खेत से गांव की ओर भागे। सूचना मिलते ही आदित्य यादव, नन्नू, रवि यादव, राजीव यादव, उमेश, विजय, विवेक और झम्मन लाल समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने आसपास के लोगों को सतर्क किया और अकेले खेतों की ओर नहीं जाने की सलाह दी। लगातार अप्सरा नदी के आसपास के गांवों से तेंदुए की मौजूदगी की सूचनाएं मिलने के कारण वन विभाग के सामने उसकी सही लोकेशन तलाशना चुनौती बना हुआ है। अलग-अलग स्थानों से मिल रही सूचनाओं को देखते हुए वन विभाग की टीमें लगातार निगरानी और कांबिंग कर रही हैं। के के मिश्रा वन क्षेत्राधिकारी नबावगंज ने बताया कि ग्रामीणों से घबराने के बजाय सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर उसके करीब जाने के बजाय वन विभाग को सूचना देने की अपील की जा रही है। तेंदुए की सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रही है। पिंजड़ा कैलाश नदी किनारे जगी डांडी गांव में लगाया है लेकिन अब अप्सरा नदी के गांवों से सूचनाएं मिल रही है।

टूण्डला के सुभाष चौराहा पर कांवड़ियों का भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा से गूंजा पूरा क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

टूण्डला। सावन माह में पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़ियों के सम्मान एवं स्वागत के लिए टूण्डला नगर के सुभाष चौराहा पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा एवं राष्ट्रीय लोक दल के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सभासदों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह ठेकेदार, अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, राष्ट्रीय लोक दल फिरोजाबाद के जिलाध्यक्ष देशराज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष अमर सिंह पचहरे, सभासद दिनेश गुप्ता, चौधरी दीपक ठैनुआ, सतेंद्र चौधरी, भोली ठेकेदार, दयाल बाबू नायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सुभाष चौराहा से गुजरने वाले कांवड़ियों को रोककर श्रद्धाभाव के साथ पुष्पवर्षा की गई तथा उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों के प्रति अपनी आस्था एवं सम्मान प्रकट करते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए। इस दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से पूरा सुभाष चौराहा गूंज उठा। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया और मार्ग से गुजर रहे कांवड़ियों में भी स्वागत को लेकर उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कांवड़ियों का सम्मान एवं सेवा करना पुण्य का कार्य है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कांवड़ यात्रा के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कांवड़ियों के स्वागत कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता दिखाई गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भोले भक्त श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक कांवड़ियों का स्वागत किया।

बेटी की शिकायत पर पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कोंच(जालौन)- गत रोज शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर नगर के एक मोहल्ले की रहने वाली एक किशोरी ने अपने पिता पर शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने का दबाव बनाने और इस घृणित व गलत काम में सौतेली सरकारी शिक्षिका मां पर पिता का साथ देने का गंभीर और सनसनीखेज आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। पुलिस ने उक्त मामले में रविवार को आरोपित उमेश कुशवाहा के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट और छेड़खानी की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। गौरतलब हो कि थाना समाधान दिवस में अपने दादा के साथ पहुंची किशोरी ने सीओ को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है और उसके पिता ने एक सरकारी शिक्षिका महिला के साथ दूसरी शादी की हुई है। उसकी सौतेली मां कोंच से बाहर रहती है जबकि वह यहां पर पिता के साथ में रहती है। शिकायती पत्र में किशोरी ने बताया था कि उसका पिता शराब के नशे में धुत्त होकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने का उस पर दबाव बनाता है और सौतेली मां भी उसे प्रताड़ित कर पिता की बात मान लेने के लिए उसे धमकाती है। बकौल किशोरी, पिता धमकी देता है कि यदि शारीरिक संबंध नहीं बनाए तो उसे भी मां की तरह जान से मार देंगे। किशोरी ने शिकायती पत्र में बताया था कि गत 20 अगस्त की रात करीब 11 बजे पिता ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश की और उसने विरोध किया तो धमकी देकर पिता घर से बाहर कहीं भाग गया।

साइबर जागरुकता के लिए आईआईटी डायरेक्टर के साथ बैठक

कानपुर। कानपुर ज़ोन की पुलिस के लिए साइबर जागरूकता और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में सहयोग के लिए आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर डॉ. मनिंद्र अग्रवाल के साथ बैठक हुई। यह पहल अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर ने अपनी टीम यमुना प्रसाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व अभिषेक भारती, पुलिस अधीक्षक, औरैया के साथ मिलकर की है। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन के मार्गदर्शन में अभिषेक भारती, पुलिस अधीक्षक, औरैया ने प्रेजेंटेशन दिया।

त्योहारों की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त ने कसी कमर, जुलूस मार्गों पर कड़ी निगरानी

जुलूस मार्गों के भौतिक निरीक्षण, संवेदनशील स्थलों पर प्रभावी पुलिस प्रबंध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। आगामी रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और बारावफात सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित त्रिवेणी सभागार में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने कानून-व्यवस्था, यातायात, महिला सुरक्षा, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस प्रबंधन और अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों के पूरे मार्ग का स्वयं भौतिक निरीक्षण करने और संभावित समस्याओं को पहले से चिन्हित कर समाधान कराने को कहा। जुलूस आयोजकों एवं संबंधित समितियों के साथ बैठक कर समन्वय बनाए रखने तथा संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए। **सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर रहेगी नजर** महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता जांचने और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने वाली सामग्री की लगातार निगरानी कर तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए गए। लाउडस्पीकर की ध्वनि निर्धारित सीमा में रखने के लिए संचालकों से समन्वय करने को भी कहा गया। रक्षाबंधन के दौरान प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने तथा फुट पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। महिलाओं की अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में चेन स्नैचिंग समेत अन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों और प्रमुख धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का समय से निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। **बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी** बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया। **लंबित विवेचनाओं और अपराधियों पर कार्रवाई** पुलिस आयुक्त ने जनशिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, महिला संबंधी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई तथा मिशन शक्ति और महिला हेल्प डेस्क की प्रभावी निगरानी के निर्देश दिए। 60 और 90 दिन से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण, ई-साक्ष्य एवं डिजिटल साक्ष्यों की प्रक्रिया समय से पूरी करने को कहा। वांछित और वारंटी अभियुक्तों के खिलाफ अभियान चलाने, हिस्ट्रीशीटरों का नियमित सत्यापन करने तथा असामाजिक तत्वों पर निरंतर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही अवैध हूटर-सायरन, अतिक्रमण और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता रखते हुए आयोजकों, जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत नागरिकों और आमजन से निरंतर संवाद बनाए रखें, ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों।

बार काउंसिल अध्यक्ष मनन मिश्रा पर इस्तीफे का दबाव, भ्रष्टाचार के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज ब्यूरो। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के भीतर अब उसके चेयरमैन मनन कुमार मिश्रा के खिलाफ असंतोष खुलकर सामने आ गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रमुख के तौर पर उनके बने रहने पर सवाल उठाए गएबीसीआई जनरल काउंसिल मीटिंग में उठी मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे की मांग बार काउंसिल ऑफ इंडिया ऑफिस में शनिवार को आयोजित सामान्य परिषद की बैठक के दौरान बीसीआई के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के इस्तीफे की मांग औपचारिक रूप से उठाई गई। केरल से बीसीआई सदस्य मनोज कुमार नरेंद्रन ने बैठक के दौरान सीधे सामान्य परिषद के समक्ष मांग करते हुए मिश्रा के इस्तीफे की मांग की। उनकी मांग को उत्तर प्रदेश के एक अन्य बीसीआई सदस्य, एडवोकेट श्रीनाथ त्रिपाठी का समर्थन मिला, जिन्होंने अध्यक्ष को पद छोड़ने के आह्वान का समर्थन किया। मिश्रा को संबोधित एक बाद के पत्र में नरेंद्रन ने वैधानिक निकाय की वर्तमान कार्यप्रणाली पर गहरी पीड़ा व्यक्त की है, विशेष रूप से अध्यक्ष के नेतृत्व में, जो 14 वर्षों से अधिक समय तक बीसीआई के अध्यक्ष रहे हैं। नरेंद्रन ने कहा है कि किसी एक व्यक्ति द्वारा इतने लंबे समय तक नेतृत्व करना वैधानिक संस्था के लिए 'अस्वस्थ' है जो लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व, सामूहिक जिम्मेदारी और संस्थागत निर्णय लेने पर आधारित है।

अपने पत्र में नरेंद्रन ने कहाः 'इन परिस्थितियों में मैं यह कहने के लिए बाध्य हूं कि जिस तरह से बीसीआई आपके नेतृत्व में काम कर रहा है, उसके परिणामस्वरूप कानूनी पेशे के सदस्यों के बीच विश्वास में गंभीर कमी आई है। मेरे विचार में अध्यक्ष के रूप में आपका बने रहना,बीसीआई के लोकतांत्रिक, स्वतंत्र, पारदर्शी और वैधानिक कामकाज में विश्वास बहाल करने की तत्काल आवश्यकता के साथ असंगत हो गया। ' नरेंद्रन ने बीसीआईकी वर्तमान कार्यप्रणाली के साथ कई मुद्दे उठाए, और विशेष रूप से उस संशोधन की वैधता पर चिंता जताई है जिसके द्वारा अध्यक्ष का कार्यकाल पांच साल तक बढ़ा दिया गया।

एडवोकेट योगमाया एमजी द्वारा दायर इस रिट याचिका में मिश्रा के कार्यकाल और इस पद पर उनके लंबे समय तक बने रहने को चुनौती दी गई। याचिका में बताया गया कि मिश्रा पहली बार 2012 में बीसीआई चेयरमैन बने थे। 2014 में थोड़े समय के ब्रेक के बाद वह नवंबर 2014 में इस पद पर लौटे और तब से चेयरमैन बने हुए हैं। मार्च 2025 में उन्हें फिर से निर्विरोध चुना गया। याचिकाकर्ता इसे उनका लगातार सातवां कार्यकाल बता रहे हैं। इस बीच बीसीआई के सह-अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता वाईआर सदाशिव रेड्डी ने मनन कुमार मिश्रा से चेयरमैन पद से इस्तीफा देने की मांग की है। रेड्डी ने कहा है कि 'द बार डिजर्व्स बेटर' यानी वकीलों को इससे बेहतर नेतृत्व मिलना चाहिए। बता दें कि मनन कुमार मिश्रा बीजेपी का राज्यसभा सांसद भी हैं। उन पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) आरोप लगा चुकी है कि वो बार काउंसिल ऑफ को मोदी सरकार के इशारे पर चला रहे हैं।

सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान का स्वच्छता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। रविवार को कार्यक्रम अधिकारी कुंवर जी तिवारी के नेतृत्व में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान, अरैल, नैनी की टीम ने मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्य चलाया। इस दौरान मंदिर के कोने-कोने की सफाई कर कूड़ा-कचरा हटाया गया और श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी कुंवर जी तिवारी ने कहा कि श्रद्धालु एवं यात्री श्रद्धा और विश्वास के साथ मंदिर में भगवान की पूजा के बाद दूध के प्लास्टिक गिलास, पॉलीथिन, माचिस के पैकेट एवं अन्य कचरा कई लोग डस्टबिन में ही डाले। सरस्वती परिवार के पदाधिकारी संदीप केसरवानी ने आमजन, दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि मंदिर जैसे आस्था के स्थलों पर श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करें। स्वच्छता कार्य में धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, ऋषि दीक्षित, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, डॉ. एसबी यादव, इंदु प्रकाश सिंह, शशिकांत पाण्डेय, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, तुलसी तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा शक्ति केंद्र की मासिक बैठक संपन्न

नैनी, प्रयागराज। चक रघुनाथ क्षेत्र के हनुमान नगर में भारतीय जनता पार्टी के बूथ संख्या 418 के बूथ अध्यक्ष के आवास पर भाजपा शक्ति केंद्र चक रघुनाथ द्वितीय की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रभारी राजन शुक्ला ने की।बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ बूथ स्तर पर चलाए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी समन्वय के साथ सक्रियता से कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक जय कृष्ण तिवारी, बूथ अध्यक्ष कृष्णा केसरवानी राकेश गुप्ता बच्चा, विनोद जायसवाल, श्याम लाल केसरवानी, पन्ना प्रमुख राहुल केसरवानी, डॉ. मोनू तथा कॉर्डिनेटर मनोज शर्मा सहित बूथ क्षेत्र के कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं लोग मौजूद रहे।

बाढ़ और जलभराव पर डिप्टी सीएम सख्त, 100 साल की बनेगी कार्य योजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रयागराज। जिले में बाढ़ और बारिश के कारण शहर में जलभराव की समस्या को लेकर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल एवं अन्य नुकसान का सर्वे कर पीड़ितों को जल्द मुआवजा देने के निर्देश दिए। साथ ही शहर में बार-बार होने वाले जलभराव के स्थायी समाधान के लिए अगले 100 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर फूलप्रूफ कार्ययोजना तैयार करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि कोरांव और बारा तहसील के कुछ गांवों में बाढ़ का पानी पहुंचा था। प्रभावित लोगों को तत्काल राहत केंद्रों पर पहुंचाकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ का पानी उतरने के बाद प्रभावित गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात की जाएं, ताकि संक्रमण और बीमारी की आशंका को रोका जा सके।

फसल नुकसान का सर्वे कर जल्द दें मुआवजा केशव प्रसाद मौर्य ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल समेत अन्य नुकसान का मौके पर सर्वे कराने और पात्र पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। शहर में जलभराव के कारणों की जानकारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष बारिश के दौरान सामने आने वाली समस्या का अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्ययोजना केवल तत्काल जरूरतों के आधार पर न बने, बल्कि अगले 100 वर्षों की आबादी, शहरी विस्तार और जलनिकासी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि योजना बनाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्षदों के सुझावों को भी शामिल किया जाए। जिस कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी दी जाए, उसके साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक कर स्थानीय समस्याओं और अनुभवों की जानकारी ली जाए, ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी हो।

24 घंटे में जलनिकासी के निर्देश मेडिकल चौराहे पर जलभराव की समस्या को विधान परिषद सदस्य डॉ. केपी श्रीवास्तव ने उठाया। वहीं शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने रामबाग, जार्जटाउन, टैगोर टाउन और अल्लापुर में जलभराव की समस्या से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त को इन स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि जलभराव से स्थायी निजात के लिए 40 एमएलडी पंपिंग स्टेशन और सीएमपी से मोरी गेट तक अलग जलनिकासी लाइन बनाने को शासन स्तर से मंजूरी मिल चुकी है। इसके अलावा 80 फीट रोड और डांडिया नाला चौड़ीकरण का कार्य भी स्वीकृत है। कुंदन गेस्ट हाउस से कब्रिस्तान के पीछे, ईडब्ल्यूएस कॉलोनी होते हुए अल्लापुर पंपिंग स्टेशन तक बाईपास नाला बनाए जाने की योजना है। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शहर में जहां भी जलभराव हो, वहां 24 घंटे के भीतर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी सीवर लाइनों की मैपिंग कराने के साथ जनप्रतिनिधियों, स्थानीय पार्षदों और संबंधित विभागों के अधिकारियों का वाट्सऐप समूह बनाने को कहा, ताकि शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई हो सके। **गंगा कछार में अवैध कब्जे पर नजर** गंगा प्रदूषण नियंत्रण इकाई के कार्यों को लेकर मिली शिकायतों पर उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को दोबारा स्थलीय निरीक्षण कर कमियों को दूर कराने और सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए।

पीएम पोषण योजना के तहत रसोइयों को बांटे गये कैशलेस चिकित्सा कार्ड

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर। ब्लॉक सभागार में रविवार को मुख्यमंत्री के द्वारा पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और तहसील स्तर के सैकड़ों रसोइयों ने भाग लिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के तत्वाधान में रविवार को पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण का कार्यक्रम ब्लाक सभागार पूरनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी, तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत कुमार यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह और रसोइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दिए गए संबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा। इस अवसर पर कुछ महिला शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा परिषद की मध्यान्ह भोजन, स्वस्थ बच्चा, सशक्त भविष्य, पीटीआर, निपुण भारत की रंगोली बनाई, जिसमें उपस्थित लोगों ने काफी सराहना की। समारोह में मंच पर बुलाकर पांच रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड और पांच अन्य रसोइयों को तीन हजार रुपए का डेमो चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री द्वारा रसोईयों का कैशलैस चिकित्सा कार्ड लागू करने और मानदेय तीन हजार करने पर उनमें खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक बाबूराम पासवान, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, बीईओ विजय वीरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रसोईयों के मेहनत से ग्रामीण विद्यालयों में पीएम पोषण योजना से व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी रसोईयों से कहा कि प्रतिदिन रसोईघर को साफ सुथरा कर स्वच्छ भोजन बनाकर बच्चों को खाना खिलाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और जहां कमी है, उसे जल्द पूरा किया जाएगा। बीईओ ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता सचिन कुमार, एआरपी अजय तोमर, सुरेशचंद्र गंगवार, सूर्यप्रकाश गंगवार, संतोष कुमार पासवान, विमल कुमार, अनामिका प्रजापति, राधाकृष्ण कुशवाहा, नीराजना शर्मा, श्रद्धा वर्मा, ब्रजेश शुक्ला, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, दिलनवाज खां, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, वासुदेव यादव, वीरपाल, ब्रजेश मौर्य, मो. फुरकान, अरुण पटेल, कपिल पांडेय आदि मौजूद रहे।

तहसील कलीनगर सभागार में रसोइयों को दिखाया गया मुख्यमंत्री संबोधन का लाइव प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। तहसील कलीनगर के सभागार में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से रसोईयों को दिखाया गया और पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेश चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खण्ड शिक्षा विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ से संबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से तहसील सभागार कलीनगर में रसोईयों को दिखाया गया और पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों का सम्मान समारोह एवं कैशलेश चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार कलीनगर पारितोष द्विवेदी रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा कार्ड एवं मानदेय वृद्धि चेक दस रसोइयों को क्रमशः सारोमा देवी, पूजा, रीना देवी, नंदरानी, सरोजनी, रामश्री, साबरी बेगम, रेखा देवी, रज्जो देवी मुस्कान को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के नोडल एवं ललौरीखेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी अमोल अग्रवाल, सह नोडल अधिकारी पवन अग्रवाल के द्वारा रसोईयों को चिकित्सा कार्ड और तीन हजार रुपए के डेमो चेक वितरित किए।

कार्यक्रम में एआरपी सुखजीत सिंह, विवेक भारती, नोडल संकुल डॉ. आलोक अवस्थी, अवनीश कुमार अवस्थी, प्रभुदयाल, कुंदन सिंह, कुलजिंदर कौर, भूपेंद्र गंगवार, फैजान खान, प्रशांत सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह, प्रवेश कुमार राठौर, गौरव दीक्षित, श्रुति कीर्ति, दीपा, ममता आदि मौजूद रहे।

संगठित अपराध के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही

प्रयागराज। गाड़ियो की चोरी कर उनके इन्जन नम्बर, चेचिस नम्बर के साथ छेड़छाड़ कर नम्बर प्लेट बदल कर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वाहनों को बेच कर अवैध तरीके से धन अर्जित करने वाले अभियुक्त मो0 नब्बे उर्फ नईम उर्फ नजमे आलम पुत्र मो0 मुस्लिम निवासी मुबारकपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अपराध जगत से अर्जित मौजा मुहीउद्दीनपुर उपरहार परगना नवाबगंज तहसील सोरांव प्रयागराज में स्थित आराजी संख्या 633 मि0 रकबा 243 वर्गमीटर मय निर्माण सहित (न्यू राजधानी होटल), आराजी संख्या 633 मि0 रकबा 199.5 वर्गमीटर, आराजी संख्या 633मि0 रकबा 450 वर्गमीटर, आराजी संख्या 620ख मि0 रकबा 290 वर्गमीटर, आराजी संख्या 616 मि0 रकबा 100 वर्गमीटर इस प्रकार कुल 05 आराजी कुल रकबा 1282.5 वर्गमीटर, बाजारू कीमत 15,00,00,000/- रू0 (पन्द्रह करोड़ रूपये) को धारा 14 (1) उ0 प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत न्यायालय पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा आज दिनांक- 23.08.2026 को कुर्क किया गया।

समूह गायन में विद्या मंदिर के छात्रों ने मारी बाजी

भारत विकास परिषद ने स्कूलों के छात्रों की आयोजित की समूह गायन प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। भारत विकास परिषद की गोमती शाखा पूरनपुर की तरफ से नगर के कई स्कूलों के छात्रों की सामूहिक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र प्रथम रहे। सभी स्कूलों के बच्चों ने गायन की बहुत अच्छी प्रस्तुति दी। नगर के मोहन सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने दीप जलाकर किया। उन्होंने भारत विकास परिषद के समाज और राष्ट्र हित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि परिषद लगातार भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत होकर सामाजिक कार्य करते हुए हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे आरएसएस के जिला प्रचारक दुष्यंत कुमार और वरिष्ठ समाजसेवी व्यापार मंडल के जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल ने भी छात्रों को पुरस्कार देते हुए भारत विकास परिषद के कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पंचम दास इंटर कॉलेज, जेसीज रिवर्डेल स्कूल, मोहन सरस्वती शिशु मंदिर, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज और सनातन धर्म इंटर कॉलेज के छात्रों ने समूह गायन में हिस्सा लिया। बच्चों ने हिंदी और संस्कृत दोनों तरह के गीतों की प्रस्तुति दी। कम समय के बावजूद छात्रों के बेहतर प्रयास की सभी ने सराहना की। निर्णायक मंडल में शामिल प्रभात सक्सेना और अर्चना सिंघल ने छात्रों को अंक प्रदान करते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों के गायन में प्रथम स्थान घोषित किया। आरएसआरडी विद्या मंदिर और मोहन सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र दूसरे और पंचम दास इंटर कॉलेज के छात्र तीसरे स्थान पर रहे। सभी छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र के साथ विद्यालय की ट्रॉफी भेंट की गई। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने परिषद की संरचना और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा परिषद लगातार राष्ट्र और सामाजिक हित के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम स्कूलों से पधारे प्रधानाचार्य और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। महिला सहभागिता प्रमुख संगीता सिंघल ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संघ के नगर कार्यवाह रवि गुप्ता, विद्यालय के प्रबंधक आलोक गुप्ता, प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय, भसीन स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती झा, पंचम दास की अनीता वाजपेई, शिशु मंदिर के नीरज दीक्षित, आर्य पाठशाला के राजकुमार शर्मा, परिषद के पूर्व अध्यक्ष हर्ष गुप्ता, मधु खंडेलवाल, अनिल शुक्ला, डा. यू आर मीत, योगराज सिंह, राज किशोर सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। सचिव अनिल शुक्ला ने परिषद के उद्देश्य और कार्यों की जानकारी दी। संगीता सिंघल ने बताया समूह गायन में प्रथम स्थान पर रहे छात्रों की टीम अब प्रांत स्तर पर सहभागिता करेगी।

ग्रामीणों को जर्जर बिजली तार से हादसे की आशंका

मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर पुराने तार के बदले नया तार लगवाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पूरनपुर (पीलीभीत)। जर्जर बिजली के तार से हादसे की आशंका को लेकर ग्रामीण काफी भयभीत है। ग्रामीणों ने इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर पुराने तार के बदले नया तार लगवाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात क्षेत्र के वार्ड नंबर- 07, मोहल्ला रजागंज में जर्जर विद्युत लाइन को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। मोहल्ले में रफीक पुत्र मंगू के घर के सामने लगा एलटी तार काफी पुराना और जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि तार आए दिन टूटकर गिर जाता है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है और भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक समस्या को लेकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों और कार्यालय में कई बार शिकायत की जा चुकी है तथा पुराने तार को बदलकर नया तार डालने की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। मोहल्लेवासियों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि जर्जर तार से जान-माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड- 07 सहित आबिद, उमर, मोहसरताज, लियाकत अली पुत्र ख्याली बख्श, इकबाल आदि ने पुराने तार को हटवाकर नया तार लगवाने और विद्युत आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें

सरायइनायत पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रयागराज। गंगानगर जोन के थाना सरायइनायत पुलिस ने मुकदमे में वांछित चल रहे 23 वर्षीय अभियुक्त अम्बुज भारतीया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार को नसीरापुर रिंग रोड स्थित अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी अम्बुज भारतीया पुत्र शंकर लाल भारतीया, निवासी ग्राम अमरसापुर, थाना सरायइनायत, के खिलाफ वादी की बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं में बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(m) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(l)/6 की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

विहिप नेता के भाई लापता, नैनी थाने में गुमशुदगी दर्ज

नैनी, प्रयागराज। विश्व हिन्दू परिषद विंध्याचल विभाग के संगठन मंत्री अमित शंकर पाठक के बड़े भाई पिछले 2 दिन से लापता हैं। घर से टहलने के लिए निकले थे और वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित शंकर पाठक, निवासी 12/1 रिफ्यूजी कॉलोनी, नैनी ने थाना नैनी में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके भाई अजय शंकर पाठक पुत्र विजय शंकर उम्र 64 वर्ष को पहले पैरालाइसिस पड़ा था, जो अब स्वस्थ हो गए हैं लेकिन बोलने में थोड़ी अस्पष्टता है।दिनांक 20 अगस्त को शाम करीब 4 बजे वह रोज की तरह घर के बाहर टहलने और एक्सरसाइज करने के लिए गए थे और एक घंटे में वापस आ जाते थे, लेकिन इस बार वापस नहीं आए। उनका मोबाइल घर पर ही रखा है और वह हाफ पैंट व हाफ टी-शर्ट पहने हुए हैं।

ताबड़तोड़ हो रही मोटरसाइकिलों की चोरी से पीजीआई क्षेत्र के लोगों में दहशत

पीजीआई/लखनऊ। राजधानी का पीजीआई थाना इस समय हो रही सिलसिलेवार चोरियों की वजह से चर्चा में बना हुआ है।जहां रात में चोर बंद घरों को अपना निशाना बना रहे हैं वहीं दिन के उजाले में दोपहिया वाहनों के चोरी होने का खौफ लोगों को सता रहा है। शुक्रवार को दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है।मिली जानकारी के मुताबिक पीजीआई क्षेत्र के चरनभट्ठा रोड की नर्सिंघ मंदिर कालोनी में रहने वाले राज नरायन वर्मा अपनी पत्नी को लेकर इलाज हेतु ओपी चौधरी अस्पताल गये हुए थे।उनके मुताबिक जब वो पत्नी को दिखाने के बाद अस्पताल से बाहर निकले तो उनकी काले रंग की स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल मौके से गायब थी।काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला।मजबूरन उन्होंने मामले की शिकायत पीजीआई पुलिस से की।पुलिस घटना की एफआईआर दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है।

जखौरा पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ आरोपी को दबोचा

ललितपुर। थाना जखौरा पुलिस ने अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हर्षपुर के मजरा चिमना संजय गौर पुत्र जगपाल सिंह गौर को हिरासत में लिया। जामा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर थाना जखौरा में मु.अ.सं. 219/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

दिल्ली के बाद नोएडा में स्वाइन फ्लू की दस्तक, 14 मरीजों में एच1 एन1 की पुष्टि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नोएडा। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाद अब गौतमबुद्ध नगर में भी स्वाइन फ्लू के मामले सामने आने से स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिले में 14 लोगों में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई है। इन सभी मरीजों ने निजी अस्पतालों की बाह्य रोगी सेवाओं में जांच कराई थी। रविवार को जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिलने के बाद विभाग ने मरीजों की निगरानी बढ़ा दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से घबराने के बजाय सावधानी बरतने और संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी उपाय अपनाने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी ने बताया कि संक्रमित पाए गए लोगों में बुखार, खांसी, जुकाम और गले में खराश जैसे लक्षण देखे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें सभी मरीजों से संपर्क कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रही हैं। फिलहाल किसी मरीज की हालत गंभीर होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। सोमवार को जिले के सभी अस्पतालों के प्रबंधकों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

निजी अस्पतालों में जांच के बाद हुई पुष्टि

सीएमओ डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी के अनुसार, 14 लोगों को पिछले कई दिनों से रुक-रुककर बुखार, खांसी, जुकाम और गले में खराश की शिकायत थी। इसके बाद उन्होंने निजी अस्पतालों में अपनी जांच कराई। जांच रिपोर्ट में एच1एन1 संक्रमण की पुष्टि हुई। इनमें तीन-चार मरीज जिले से बाहर के रहने वाले बताए गए हैं। रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिलने के बाद टीम ने संबंधित मरीजों से फोन पर बातचीत की और उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। मरीजों ने किसी तरह की गंभीर समस्या होने से इनकार किया है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग एहतियात के तौर पर सभी मरीजों की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

मौसम बदलने से वायरल संक्रमण के मामले बढ़े

जिला अस्पताल की चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. आद्या सिंह ने बताया कि बारिश के बाद मौसम में बदलाव के कारण वायरल संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज बुखार, सर्दी, खांसी, गले में दर्द और शरीर में कमजोरी जैसी शिकायतों के साथ पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को संक्रमण का खतरा अपेक्षाकृत अधिक हो सकता है। ऐसे लोगों में फ्लू जैसे लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक से सलाह लेने में देरी नहीं करनी चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, संतुलित और पौष्टिक आहार लेने तथा हाथों की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। बारिश के दौरान भीगने से बचने और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का इस्तेमाल करने की अपील की गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को दो-तीन दिनों से अधिक समय तक बुखार बना रहता है, सांस लेने में परेशानी होती है या शरीर में कमजोरी लगातार बढ़ती जाती है तो उसे तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। चिकित्सक की सलाह के बिना किसी भी तरह की दवा, विशेषकर एंटीबायोटिक का सेवन नहीं करना चाहिए।

पहली बार रोबोटिक तकनीक से हुआ सफल घुटना प्रत्यारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) एवं सफदरजंग अस्पताल के केंद्रीय हड्डी रोग संस्थान (सीआईओ) में पहली बार रोबोट-असिस्टेड टोटल नी रिप्लेसमेंट (टीकेआर) किया गया। 22 अगस्त को 75 वर्षीय आर्थिक रूप से कमजोर पुरुष मरीज का घुटना प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क किया गया। इसके साथ ही अस्पताल में रोबोटिक आर्थोपेडिक सर्जरी की शुरुआत हुई। अस्पताल की निदेशक डॉ. कविता शर्मा के सहयोग और प्रोत्साहन से यह सुविधा शुरू की गई है। सर्जरी सीआईओ के निदेशक प्रो. डॉ. सुमित सुराल के चिकित्सकीय मार्गदर्शन में हुई। सर्जिकल टीम का नेतृत्व कंसल्टेंट प्रोफेसर एवं यूनिट हेड डॉ. भागवती प्रसाद शर्मा ने किया। उनके साथ डॉ. ध्रुव मेनी और डॉ. कार्तिक यादव रहे। एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. सुशील गुरिया ने किया। नर्सिंग टीम में सिस्टर रेखा व रितिका और तकनीकी टीम में विजेंदर ने सहयोग किया।

एक रोबोटिक प्लेटफार्म से कई सर्जरी की सुविधा

अस्पताल में लगाया गया रोबोटिक प्लेटफार्म अपग्रेड किया जा सकने वाला है। इससे टोटल नी रिप्लेसमेंट के अलावा भविष्य में पार्शियल नी रिप्लेसमेंट और हिप ज्वाइंट रिप्लेसमेंट भी किए जा सकेंगे। तकनीक व सॉफ्टवेयर अपग्रेड होने के बाद रोबोट-असिस्टेड स्पाइन सर्जरी भी संभव होगी। रोबोटिक तकनीक से सर्जरी से पहले सटीक योजना बनाने और प्रत्यारोपण की सही स्थिति और एलाइनमेंट में मदद मिलती है। अस्पताल के अनुसार, इससे उन्नत आर्थोपेडिक उपचार की सुविधा बढ़ेगी। आयुष्मान भारत के तहत यह सुविधा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए भी उपलब्ध होगी।

निगोहां की रसोइया आशा तिवारी को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

निगोहां। निगोहां ग्राम सभा के लिए रविवार का दिन गौरव और प्रसन्नता लेकर आया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपये की वृद्धि तथा उन्हें पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड वितरित किए गए। इसी दौरान निगोहां स्थित पीएम श्री विद्यालय की रसोइया श्रीमती आशा तिवारी को मुख्यमंत्री ने स्वयं चेक प्रदान कर सम्मानित किया। आशा तिवारी का प्रदेशभर के रसोइयों में लखनऊ जनपद से चयन होना निगोहां क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। निगोहां ग्राम प्रधान अभय दीक्षित ने आशा तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे निगोहां क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि रसोइयों के मानदेय में वृद्धि और स्वास्थ्य सुरक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय कदम है। इससे रसोइया बहनों और उनके परिवारों को आर्थिक व स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने भी आशा तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाली रसोइया बहनें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती हैं। उनके हित में लिए गए निर्णय से हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने कहा कि निगोहां की रसोइया का प्रदेश स्तर पर सम्मान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महराजगंज तराई, बलरामपुर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर थाना महाराजगंज तराई पुलिस की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम बरगदही चंदनजोत में बहू-बेटी सम्मेलन एवं जनजागरूकत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए जागरूक किया। थाना महाराजगंज तराई की मिशन शक्ति टीम ने गांव में महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा आवश्यक सहायता एवं कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट जैसी घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के बारे में भी जागरूक किया। साथ ही दहेज प्रथा एवं बाल विवाह को सामाजिक कुरीति के साथ-साथ दंडनीय अपराध बताते हुए इनके खिलाफ आवाज उठाने की अपील की गई।

हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आपात स्थिति में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

पुलिस टीम ने थाना स्तर पर संचालित मिशन शक्ति केंद्र एवं परिवार परामर्श केंद्र की सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी। महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

नशा और सड़क सुरक्षा को लेकर भी किया जागरूक

मिशन शक्ति अभियान के दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में थाना महाराजगंज तराई से कांस्टेबल प्रमोद कुमार, कांस्टेबल पवनेश कुमार एवं महिला कांस्टेबल पूजा यादव सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं ने पुलिस द्वारा आयोजित बहू-बेटी सम्मेलन की सराहना करते हुए सुरक्षा संबंधी जानकारी को उपयोगी बताया। महाराजगंज तराई पुलिस ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे।

25 अगस्त तक एनओसी न मिलने पर वन विभाग कार्यालय के घेराव की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नगराम, लखनऊ। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के बैनर तले सामुदायिक मिलन केंद्र कुबहरा में किसानों का धरना रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर क्षेत्र के सैकड़ों किसान और मजदूर पहुंचे और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) मिलने में हो रही देरी को लेकर किसानों में आक्रोश दिखाई दिया। धरना स्थल पर पहुंचे संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वन विभाग की शर्तों के अनुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र के लिए करीब एक सप्ताह तक इंतजार करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इस बार संगठन की जिला कमेटी की मासिक बैठक भी धरना स्थल कुबहरा में ही आयोजित की जाएगी। बैठक में किसानों की समस्याओं और आंदोलन की आगे की रणनीति को लेकर ठोस निर्णय लिया जाएगा। संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने कहा कि यदि 25 अगस्त को वन विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचकर अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं कराते हैं तो जिला कमेटी की मासिक बैठक में आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके बाद वन विभाग को ज्ञापन सौंपने के साथ मोहनलालगंज स्थित वन अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की मांगों को लेकर संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है। समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। हरिपाल सिंह ने कहा कि संभावित घेराव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने की जिम्मेदारी वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस प्रशासन की होगी। धरने में प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, राम कुमार, सुरेश कुमार सिंह, योगेश कुमार, केशवराम, प्रधान पति रामकुमार समेत सैकड़ों किसान और मजदूर मौजूद रहे।

खेत से सोलर इन्वर्टर,वीएफडी और स्प्रेयर मशीन चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सोलर इन्वर्टर, वीएफडी सोलर और दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मुकदमे में वांछित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मैलवाराखुर्द निवासी बबलू अहिरवार पुत्र पारीक्षित अहिरवार, शाहिद पुत्र मोहम्मद खान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रजवारा निवासी अजय कुमार तिवारी पुत्र रामप्रकाश ने 23 जुलाई 2026 को कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी कि नामजद व्यक्तियों द्वारा उनके खेत से एक सोलर इन्वर्टर, एक वीएफडी सोलर और एक दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन चोरी कर ली गई है।

शिकायत के आधार पर कोतवाली ललितपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना और आरोपियों की तलाश के लिए गठित पुलिस टीम ने रविवार, 23 अगस्त 2026 को मुकदमे में वांछित बबलू अहिरवार और शाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया। इस संबंध में कोतवाली ललितपुर में मु.अ.सं. 908/2026, धारा 305/317(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

घर के बाहर से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी आरोपी गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

ललितपुर। थाना जाखलौन पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई इलेक्ट्रिक स्कूटी बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने जाखलौन कस्बे में घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, 21 अगस्त 2026 को जाखलौन कस्बा निवासी द्वारका प्रसाद पुत्र मोतीलाल रजक ने थाना जाखलौन में तहरीर देकर बताया था कि उसके घर के बाहर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी हो गई है। शिकायत में चोरी के लिए नीरज राजपूत पर आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना जाखलौन में मु.अ.सं. 174/2026 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत जाखलौन पुलिस ने कार्रवाई की।

रसोइयों का मानदेय बढ़ा भदोही में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। उत्तर प्रदेश सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइयों के मानदेय में 1,000 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की है। अब रसोइयों को 2,000 रुपये के स्थान पर 3,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। सरकार के इस फैसले से भदोही के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों में खुशी की लहर है। सरकार ने रसोइयों के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का भी ध्यान रखा है। इसके तहत रसोइयों को पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये और ग्लव्स के लिए 400 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। मानदेय में बढ़ोतरी और अन्य सुविधाओं की घोषणा पर रसोइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय ने बताया कि जिले में कुल 2,890 रसोइया सरकार के इस निर्णय से लाभान्वित होंगी।

'मुख्यमंत्री ने समझा हमारा दर्द'

कंपोजिट विद्यालय वहीदा नगर की रसोइया सीता ने कहा कि मानदेय बढ़ने के साथ पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिलना बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री ने रसोइयों की मेहनत और जरूरतों को समझते हुए यह फैसला लिया है। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार जताया। कंपोजिट विद्यालय खेंमईपुर की रसोइया कामराज ने कहा कि हर महीने मिलने वाली अतिरिक्त 1,000 रुपये की राशि गरीब परिवारों के लिए काफी मायने रखती है। इससे बच्चों की पढ़ाई और घर की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सरकार के इस कदम को रसोइयों के हित में सराहनीय बताया। वहीं, कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर की रसोइया राधा ने कहा कि मानदेय बढ़ने से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत होगी। सरकार ने रसोइयों के सम्मान के साथ उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की भी चिंता की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी रसोइया इस फैसले से खुश हैं।

सर्पदंश को न लें हल्के में झाड़-फूंक में समय गंवाया तो जा सकती है जान

ललितपुर। बारिश के मौसम में जिले और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वर्तमान में प्रतिदिन करीब तीन से चार सर्पदंश पीड़ित मरीज अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों से सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक और घरेलू उपचार में समय बर्बाद न करने तथा तत्काल अस्पताल पहुंचने की अपील की है। ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो.डा.घनश्याम अहिरवार ने जनहित में जारी जागरूकता संदेश में कहा कि सर्पदंश एक मेडिकल इमरजेंसी है। समय पर अस्पताल पहुंचना पीड़ित की जान बचाने में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। सर्पदंश के बाद झाड़- फूंक, तंत्र-मंत्र, जड़ी-बूटी या अन्य पारंपरिक उपचार में समय गंवाना गंभीर और जानलेवा साबित हो सकता है। डा.घनश्याम अहिरवार के अनुसार सांप के काटने के बाद सबसे पहले घबराने के बजाय मरीज को शांत रखें। काटे गए अंग को कम से कम हिलाएं-डुलाएं और पीड़ित को जल्द से जल्द निकटतम सरकारी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र की इमरजेंसी में पहुंचाएं।

चीनी के थोक व फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर जांच,अधिक स्टॉक नहीं मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भदोही। शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में रविवार को जिले में चीनी की उपलब्धता और स्टॉक की स्थिति की जांच के लिए संयुक्त टीम ने थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान पर निर्धारित सीमा से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं मिला। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम में उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक, खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक, मंडी समिति गोपीगंज के अधिकारी तथा राज्य कर अधिकारी शामिल रहे। टीमों ने विभिन्न तहसीलों और क्षेत्रों में चीनी के स्टॉक एवं बिक्री से संबंधित अभिलेखों की जांच की। तहसील ज्ञानपुर के गोपीगंज क्षेत्र में भोला नाथ एंड संस, केशरवानी भंडार, पवन ट्रेडर्स, आरपी ट्रेडर्स, श्री बालाजी एंटरप्राइजेज, रामचंद्र ब्रदर्स, कामता नाथ ट्रेडर्स, शिवम भंडार और न्यू माखन भोग समेत नौ प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इसके अलावा औराई तहसील में प्रकाश ट्रेडर्स तथा भदोही में प्रमोद किराना स्टोर की भी जांच की गई।

व्यापारियों को अभिलेख दुरुस्त रखने के निर्देश

प्रशासन ने सभी संबंधित व्यापारियों को खाद्य भंडार पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक शुक्रवार को प्रतिष्ठान में उपलब्ध चीनी के स्टॉक की स्थिति पोर्टल पर घोषित करना होगा। साथ ही चीनी से संबंधित स्टॉक, बिक्री रजिस्टर और बिल आदि अभिलेख व्यवस्थित रखने को कहा गया है। व्यापारियों को प्रतिष्ठान पर उपलब्ध चीनी की मात्रा, विक्रय दर और जीएसटी नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित मात्रा या अवधि से अधिक चीनी का भंडारण पाए जाने अथवा किसी अन्य अनियमितता की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राज्य कर अधिकारी को संबंधित व्यापारियों के जीएसटी अभिलेखों की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं।

अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

जिला प्रशासन ने लोगों से चीनी की उपलब्धता को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। प्रशासन के अनुसार जिले में चीनी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और इसकी आपूर्ति व उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।